अधिकतम :33°C
न्यूनतम : 17°C
तापमान

सेंसेक्स 77,606.43
निफ्टी 23,591.95

सोना 91,085
चांदी 1,02,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

बरेली, शुक्रवार 28 मार्च 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 123 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | चैत्र कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 | 27 रमजान 1446 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


## 27वां रोज़ा
### माहे रमज़ान की रुखसत का पैगाम



आज सत्ताईसवां रोज़ा है। कल छब्बीसवां रोजा और शबे-कद्र (सत्ताईसवीं रात) साथ-साथ थे। यहां यह बात जानना ज़रूरी है कि छब्बीसवां रोज़ा जिस दिन होगा, उसी शाम गुरुबे-आफताब के बाद सत्ताईसवीं रात यानी शबे-कद्र भी शुरू हो जाएगी। छब्बीसवें रोज़े के साथ ताक रात यानी शबे-कद्र आएगी ही। सत्ताईसवां रोज़ा, तो वैसे भी दोज़ख से निजात के अशरे में अपनी अहमियत रखता ही है। सत्ताईसवां रोज़ा दरअसल रोज़ेदार को दोहरे सवाब का हकदार बना रहा है। इस्लाम मजहब में जुमा (शुक्रवार) इबादत और इज्तिमाई नमाज खास दिन माना जाता है। हदीस-शरीफ में है कि जुमे के दिन ही हजरत आदम (अलैहिस्सलाम) को जन्नत से दुनिया में भेजा गया। उन्हें वापस जन्नत भी जुमे के दिन मिली।

# देश धर्मशाला नहीं: अमित शाह
## लोकसभा में आव्रजन बिल पास, गृह मंत्री की लोस में दो टूक

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ भारत में आने के लिए वैध पासपोर्ट, वैध वीजा अनिवार्य होगा

**नई दिल्ली।** लोकसभा में इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स बिल 2025 पर चर्चा के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने बिल के प्रावधानों पर विस्तार से जवाब दिया। उन्होंने कहा कि भारत में आने के लिए वैध पासपोर्ट, वैध वीजा अनिवार्य होगा।

बिना कागजात के भारत में प्रवेश करने पर कानून सम्मत तरीके से सख्त कार्रवाई की जाएगी। गृह मंत्री ने सख्ती से कहा कि जाली दस्तावेजों के लिए कड़ी सजा के प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि वीजा की अवधि खत्म होने पर भी देश में रहने वालों को ट्रैक किया जाएगा। शाह ने विपक्ष को आड़े हाथों लिया और कहा कि जिस तरह के सवाल पूछे गए हैं, उनसे काफी हैरानी होती है। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने भाजपा को वोट दिया। हमने बहुमत की सरकार बनाई है। ऐसे में सरकार के पास विदेशी लोगों की घुसपैठ, भारत आने वाले लोगों के पास वैध कागजात हैं या नहीं, इसकी जांच करने का पूरा अधिकार है। उन्होंने कहा कि देश धर्मशाला नहीं, यहां आने वालों पर रहेगी पैनी नजर। गृह मंत्री अमित शाह के जवाब के बाद गुरुवार शाम करीब 6.20 बजे लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने विधेयक पारित होने का ऐलान किया। पहले स्पीकर बिरला ने विधेयक में प्रस्तावित संशोधनों पर मतदान की औपचारिकताएं पूरी कीं। विपक्षी सांसदों की तरफ से पेश अधिकांश संशोधन खारिज हो गए। विधेयक पारित होने से पहले लोकसभा में चर्चा का जवाब देते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि इमिग्रेशन कोई आइसोलेटेड मुद्दा नहीं है। देश की सीमा में कौन आता है, कब आता है, कितनी अवधि तक आता है और किस उद्देश्य से आता है, यह जानने का अधिकार देश की सरकार के पास है। ऐसा करना सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है।

## शाह के विरुद्ध विशेषाधिकार हनन के प्रस्ताव का नोटिस खारिज

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने गृह मंत्री अमित शाह के विरुद्ध कांग्रेस के मुख्य सचेतक जयराम रमेश का विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव का नोटिस गुरुवार को खारिज कर दिया और कहा कि यह दुर्भावनापूर्ण, बदले की भावना वाला और मीडिया में चर्चा कराने के लिए है। श्री धनखड़ ने सुबह सदन में आवश्यक दस्तावेज रखवाने के बाद सदन को बताया कि श्री शाह के वक्तव्य से किसी के विशेषाधिकार का हनन नहीं हुआ है, इसलिए यह नोटिस अस्वीकार किया जाता है। उन्होंने कहा कि मीडिया में चर्चा पाने के लिए जल्दबाजी में विशेषाधिकारों से संबंधित नियमों का उल्लंघन किया गया है, जो दुखद है। सदन को सदस्यों की प्रतिष्ठा को बर्बाद करने का मंच नहीं बनने दिया जाएगा।

# आठ वर्ष में साढ़े आठ लाख नौकरी दीं: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ मुख्यमंत्री ने आयुष विभाग के 283 चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए

**लखनऊ।** सीएम योगी ने राजधानी लखनऊ में गुरुवार को आयुष विभाग के 283 चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इनका चयन उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग एवं उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा किया गया है।

लोक भवन ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने पुष्पगुच्छ देकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आठ वर्ष में साढ़े आठ लाख नौकरी दी गई हैं। ये पूरी तरह से सूचितापूर्ण हैं, अन्यथा मामला कोर्ट में हुआ। 163 चिकित्सकों, तीन प्रोफेसर, 96 लैब टेक्नीशियन को पत्र दिया जा रहा है। इसके लिए आयोग को भी बधाई। जिन्हें नियुक्ति पत्र मिल रहा है, उन्हें बधाई। उन्होंने कहा कि किसी भी युवा के लिए शासकीय नौकरी मिलना उसके सपने को उड़ान देने जैसा है। अभिभावकों, मित्रों ने जो सपना देखा वह पूरा हो रहा है। आठ वर्ष पहले यही आयोग भर्ती बोर्ड की क्या स्थिति थी किसी से छिपा नहीं है। अनेक याचिका लंबित थीं। हाईकोर्ट ने भी सरकार के कामकाज पर सवाल उठाया था। सीएम योगी ने आगे कहा कि विभागीय टेक्नोलॉजी से कामकाज को गति दी जा सकती है। हमने महाकुंभ में यही किया। आयुष का अब नया मंत्रालय बन चुका है। हम योग को आगे बढ़ा रहे हैं।

# कॉलेजियम की सिफारिश वापस होगी!
## जस्टिस वर्मा के तबादले को लेकर CJI ने दिया बार एसोसिएशन को आश्वासन

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ अलग-अलग राज्यों की हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अधिवक्ता सीजेआई से मिले

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के सरकारी घर से कथित तौर पर आधी जली हुई नकदी मिलने के मामले को लेकर गुरुवार को अलग-अलग राज्यों की हाईकोर्ट के बार एसोसिएशन के अधिवक्ता मुख्य न्यायाधीश से मिलने सुप्रीम कोर्ट पहुंचे। उन्होंने मामले में एफआईआर दर्ज करने की मांग की।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने बताया कि मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने आश्वासन दिया है कि वे न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के तबादले की कॉलेजियम की सिफारिश वापस लेने की वकीलों की मांग पर विचार करेंगे। उच्च न्यायालय इलाहाबाद, लखनऊ पीठ, गुजरात, केरल, कर्नाटक और मध्य प्रदेश की जबलपुर पीठ के बार एसोसिएशनों के प्रतिनिधियों ने गुरुवार दोपहर को मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना समेत न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ से मुलाकात की। बैठक के बाद इलाहाबाद उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने बताया कि मुख्य न्यायाधीश ने बार निकायों के ज्ञापन पर विचार-विमर्श किया और उनकी मांग पर विचार करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन भी अनिश्चितकालीन हड़ताल को लेकर विचार करेगा। अलग-अलग राज्यों के हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने मुख्य न्यायाधीश को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मामले में एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई। साथ ही मामले में पारदर्शिता अपनाने, दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की रिपोर्ट और अन्य सामग्री को सर्वोच्च न्यायालय की वेबसाइट पर सार्वजनिक करने के लिए मुख्य न्यायाधीश के फैसले की सराहना की गई।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट में लगातार तीसरे दिन भी हड़ताल जारी

**प्रयागराज।** दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानांतरण करने संबंधी सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के फैसले के खिलाफ बार एसोसिएशन ने धरना प्रदर्शन करते हुए जस्टिस वर्मा गो बैक के नारे लगाए। इलाहाबाद हाईकोर्ट गेट नम्बर तीन पर हुई सभा में पदाधिकारियों संग अधिवक्ताओं ने दोहराया कि न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा का हाईकोर्ट में स्थानांतरण मान्य नहीं है। गुरुवार को अधिवक्ताओं के हड़ताल का लगातार तीसरा दिन था अधिवक्ताओं ने कहा कि जब तक न्यायमूर्ति वर्मा के तबादले की सिफारिश कॉलेजियम द्वारा वापस नहीं ली जाती है तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की गरिमा पर कुत्सित कुठाराघात का प्रयास बर्दाश्त नहीं होगा।

### तुगलक रोड थाना सदर समेत आठ पुलिसकर्मियों के मोबाइल जब्त

■ दिल्ली जज कैश कांड में बड़ा एक्शन, वीडियो की भी होगी जांच

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के घर नोट जलने के मामले में दिल्ली पुलिस ने तुगलक रोड थाना सदर समेत 8 पुलिस कर्मियों के मोबाइल जब्त किए गए हैं। तुगलक रोड थाने के एसएचओ उमेश मलिक, हवलदार रूपचंद, सब इंस्पेक्टर रजनीश, मोबाइल बाइक पेट्रोलिंग पर मौके पर पहुंचे थाने से दो पुलिसकर्मियों और तीन पीसीआर कर्मियों के फोन सीज किए गए हैं।

इन सभी के फोन को सीज करके फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिए गए हैं। दरअसल, अब यह जानने की कोशिश की जा रही है कि क्या आग लगने के दौरान जब ये पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे थे, तो उनके मोबाइल फोन से कोई वीडियो बनाई गई थी या नहीं और अगर वीडियो बनाई गई थी तो उसे किसी तरह की छेड़छाड़, तो नहीं की गई। इसके अलावा दिल्ली पुलिस ने इन सभी पुलिसकर्मियों के बयान भी दर्ज किए हैं। इस पूरे मामले में जस्टिस वर्मा ने जांच समिति के समक्ष पेश होने से पहले वकीलों से सलाह ली। बुधवार को उन्होंने वकीलों की एक टीम से मुलाकात की थी। इस मामले की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट ने तीन सदस्यीय कमेटी गठित की थी। कमेटी ने मंगलवार को जस्टिस वर्मा के सरकारी आवास का दौरा किया था।

# वक्फ बिल के खिलाफ तमिलनाडु विधानसभा में प्रस्ताव पारित

चेन्नई, वार्ता



■ सीएम स्टालिन ने प्रस्ताव के विरोध में कहा- ये बिल मुसलमानों के अधिकारों को खत्म कर देगा

**तमिलनाडु की डीएमके** सरकार ने गुरुवार को वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ विधानसभा में प्रस्ताव पारित किया। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने प्रस्ताव के विरोध में कहा कि ये बिल मुसलमानों के अधिकारों को खत्म कर देगा। हमारी मांग है कि केंद्र सरकार बिल वापस ले। स्टालिन ने कहा कि केंद्र सरकार ऐसी योजनाएं ला रही है, जो राज्य के अधिकारों, संस्कृति और परंपरा के खिलाफ हैं।

वक्फ संशोधन बिल मुसलमानों के अधिकारों को नष्ट कर रहा है। केंद्र सरकार ने कभी मुसलमानों के कल्याण और उनके अधिकारों के बारे में नहीं सोचा। उन्होंने कहा कि संशोधन में कहा गया है कि दो गैर मुस्लिम लोगों को वक्फ का हिस्सा होना चाहिए। मुसलमानों को डर है कि यह सरकार का वक्फ संपत्तियों को हड़पने का एक तरीका है और यह धार्मिक स्वतंत्रता के खिलाफ है। वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ राज्य सरकार के विधानसभा से प्रस्ताव पारित करवाने पर भाजपा विधायक वनथी श्रीनिवासन ने कहा कि भाजपा इस प्रस्ताव का विरोध करती है। केंद्र सरकार के पास संशोधन लाने का अधिकार है। वक्फ से जुड़ी कई शिकायतें थीं, जिसके बाद इसमें केंद्र सरकार संशोधन कर रही है। वहीं तमिलनाडु की मुख्य विपक्षी दल एआईएडीएमके के प्रवक्ता कोवई सत्यन ने कहा कि ऐसा लगता है कि डीएमके धर्म और भाषा के आधार पर एक नैरेटिव सेट करने की जल्दी में है। जिन पार्टियों के सदस्य जेपीसी में हैं, वे न्यायपालिका में वक्फ को चुनौती क्यों नहीं दे रहे हैं? विधानसभा में प्रस्ताव पारित करने की जल्दी क्यों है? वोट बैंक की राजनीति के लिए लोगों को भड़काने की कोशिश करना बेहद निंदनीय है।

### कन्नड़ अभिनेत्री रान्या की जमानत अर्जी खारिज

**बेंगलुरु।** गोल्ड स्मगलिंग केस में गिरफ्तार कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव की जमानत याचिका गुरुवार को बेंगलुरु की सेशन कोर्ट ने खारिज कर दी। यह तीसरी बार है, जब कोर्ट ने रान्या को जमानत देने से इन्कार किया है। इससे पहले 12 और 14 मार्च को दो बार कोर्ट ने रान्या को जमानत नहीं दी थी। उधर, मामले में 26 मार्च को राजस्व खुफिया निदेशालय ने बेल्लारी से सोना व्यापारी साहिल सकारिया जैन को गिरफ्तार किया। यह तीसरी गिरफ्तारी थी। साहिल पर सोने को ठिकाने लगाने में रान्या की मदद का आरोप है। कोर्ट ने साहिल को 29 मार्च तक डीआरआई की कस्टडी में भेज दिया है।

### कुणाल कामरा को पुलिस ने 31 मार्च को तलब किया

**मुंबई।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के पैरोडी सॉन्ग के बाद विवादों में घिरे कॉमेडियन कुणाल कामरा को पुलिस ने 31 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया है। पुलिस अब तक उन्हें दो समन जारी कर चुकी है। उधर, अपने वीडियो में मिस्टर इंडिया फिल्म के गाने पर पैरोडी करने की वजह से कुणाल को टी-सीरीज ने कॉपीराइट नोटिस भेजा है। खुद कुणाल ने एक्स पर यह जानकारी दी। उन्होंने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर तंज कसते हुए कहते हैं मुझको हवा हवाई... गाने पर पैरोडी सॉन्ग गाया था।




### सेना ने पूर्वी थिएटर में एकीकृत बहु-क्षेत्रीय अभ्यास किया

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने संयुक्त संचालन क्षमता का जोरदार प्रदर्शन करते हुए अरुणाचल प्रदेश के अत्यधिक ऊंचाई वाले इलाके में पूर्वी थिएटर में तीनों सेनाओं का एकीकृत बहु-क्षेत्रीय युद्ध अभ्यास किया है। सेना ने गुरुवार को बताया कि 'प्रचंड प्रहार' नाम का यह अभ्यास मंगलवार को शुरू हुआ था और तीन दिन तक इसमें सेना, वायुसेना और भारतीय सशस्त्र बलों के अन्य तत्वों को एक साथ लाया गया। पूर्वी कमान के तत्वावधान में हुए इस अभ्यास में उन्नत निगरानी, स्ट्राइक क्षमताओं और बहु-क्षेत्रीय परिचालन योजना के सहज एकीकरण का प्रदर्शन किया गया। संपूर्ण स्थितिजन्य जागरूकता और तेजी से लक्ष्य पर हमला करने के लिए लंबी दूरी के समुद्री टोही विमान, सशस्त्र हेलीकॉप्टर, यूएवी, घूमने वाले युद्धक उपकरण और अंतरिक्ष- आधारित परिसंपत्तियों जैसे अत्याधुनिक प्लेटफॉर्मों का इस्तेमाल किया गया।

### जम्मू-कश्मीर में अंतिम सांसें ले रहा है अलगाववाद: शाह

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर के अलगाववादी संगठन हुर्रियत कॉन्फ्रेंस से जुड़े दो और गुटों जम्मू-कश्मीर तहरीक-ए-इस्तिकलाल और जम्मू-कश्मीर तहरीक-ए-इस्तिकामत के अलगाववाद को त्यागने और मुख्यधारा में विश्वास जताने के निर्णय का स्वागत किया है। श्री शाह ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में यह बात कही। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के शासन में अलगाववाद अंतिम सांसें ले रहा है और एकता की जीत पूरे कश्मीर में गूंज रही है।

# सम्भल जामा मस्जिद कमेटी के सदर की जमानत खारिज

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ केस डायरी न होने के कारण नियमित जमानत प्रार्थना पत्र पर अब दो अप्रैल को सुनवाई होगी

**चंदौसी।** सम्भल जामा मस्जिद के सदर जफर अली की अंतरिम जमानत अर्जी न्यायालय ने खारिज कर दी। नियमित जमानत अर्जी पर दो अप्रैल को सुनवाई होगी। दंगे भड़काने के आरोप में 23 मार्च से जफर अली जेल में बंद हैं। इसको लेकर जिले के अधिवक्ता आंदोलित हैं।

गुरुवार को भी अधिवक्ताओं ने केवल जफर अली की जमानत अर्जी की सुनवाई के लिए कार्य किया। अपर जनपद न्यायाधीश (एमपी एमएलए सेशन कोर्ट) निर्भय नारायण राय के न्यायालय में जमानत अर्जी पर सुनवाई हुई। जफर अली के अधिवक्ता आसिफ अख्तर ने नियमित जमानत अर्जी में कहा गया कि सम्भल हिंसा की घटना 24 नवम्बर 2024 की सुबह नौ बजे की दिखाई जा रही है। अभियोजन कानून के अनुसार जामा मस्जिद सर्वे की कार्रवाई चल रही थी। तब ही 700-800 व्यक्तियों की भीड़ इकट्ठी हो गई और सर्वे को बाधित करने की कोशिश की। इस मामले में दर्ज एफआईआर में जफर अली एडवोकेट का कोई रोल नहीं दिखाया गया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग किया। उनके खिलाफ केवल यह आरोप है कि 25 नवम्बर 2024 को उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी।

# सरकार ने माना: श्रीलंका की जेलों में 97 भारतीय मछुआरे बंद

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को राज्यसभा को बताया कि अभी 97 भारतीय मछुआरे श्रीलंका की जेलों में बंद हैं। डा. जयशंकर ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों के जवाब में यह बात कही। उन्होंने कहा कि श्रीलंका सरकार ने पिछले दो तीन वर्षों में इस संबंध में कड़े कानून बनाए हैं।

भारत सरकार मछुआरों की रिहाई के बारे में श्रीलंका सरकार के साथ राजनयिक स्तर पर समय-समय पर बात करती रहती है। उन्होंने कहा कि गलती से श्रीलंका की समुद्री सीमा में चले जाने वाले मछुआरों की सहायता के लिए सरकार उनकी नौकाओं पर ट्रांसपोंडर लगाने का काम कर रही है। इसके अलावा मछुआरों को दूसरे विकल्प भी दिए जा रहे हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि इसके अलावा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत भी मछुआरों को सहायता दी जाती है।

### श्रीलंकाई नौसेना ने 11 भारतीय मछुआरे पकड़े

**रामेश्वरम (तमिलनाडु)।** श्रीलंकाई नौसेना ने आईएमबीएल का उल्लंघन करने और उनके क्षेत्र में अवैध मछली पकड़ने की गतिविधियों में लिप्त होने के आरोप में 11 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया और उनके मशीनीकृत मछली पकड़ने वाले ट्रॉलर को जब्त कर लिया। मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने यहां कहा कि रामेश्वरम के रहने वाले मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना ने उस समय गिरफ्तार किया, जब वे आईएमबीएल के करीब समुद्र में मछली पकड़ रहे थे। इस बीच, श्रीलंकाई नौसेना ने दावा किया कि विदेशी मछली पकड़ने वाली नौकाओं की अवैध मछली पकड़ने की प्रथाओं पर अंकुश लगाने के लिए एक विशेष अभियान के दौरान एक भारतीय मछली पकड़ने वाली नाव को गिरफ्तार किया गया, जिसमें 11 भारतीय मछुआरे सवार थे।

# राजस्थान की गर्म हवाओं से मप्र का पारा 40 के पार

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी होगी हरियाणा समेत 10 राज्यों में तूफान की आशंका

**नई दिल्ली।** राजस्थान समेत पश्चिम राज्यों से आ रही गर्म हवाओं ने मध्य प्रदेश का पारा बढ़ा दिया है। बुधवार को प्रदेश के कई हिस्सों में गर्मी का असर देखने को मिला। 6 जिलों में पारा 40 डिग्री पार पहुंच गया। राजधानी भोपाल में इस सीजन में पहली बार तापमान 38.8 डिग्री पर पहुंचा, जो सामान्य से 3.3 डिग्री अधिक है।

इधर राजस्थान में भी बुधवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया था। हालांकि, एक्टिव पश्चिमी विक्षोभ के चलते सीमावर्ती जिलों में तेज आंधी के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है, जिससे तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट देखने को मिल सकती है। मौसम विभाग ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के कुछ इलाकों में हल्की बारिश-बर्फबारी का अलर्ट जारी किया है। वहीं, दिल्ली-हरियाणा समेत 10 राज्यों में तूफान की आशंका है। इन राज्यों में 30-40 किमी की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। हल्की बारिश भी हो सकती है। वहीं, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में गर्मी रहेगी। मौसम विभाग के मुताबिक, इस साल उत्तर-पश्चिम भारत के राज्यों में हीटवेव के दिनों की संख्या लगभग दोगुनी रहेगी। इन राज्यों में पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश के नाम हैं। आमतौर पर यहां हीटवेव 5-6 दिन चलती है, इस बार 10-12 दिन चल सकती है। मौसम वैज्ञानिक सोमा सेन राय ने कहा कि पश्चिमी भारत और मध्य भारत में सामान्य से थोड़ी अधिक हीटवेव की स्थिति रहने की आशंका है। साल 2024 में देश में सबसे ज्यादा गर्म साल दर्ज किया गया था।





## संक्षिप्त समाचार

### कश्मीर में यूएपीए मामलों में छापेमारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में प्रतिबंधित संगठनों के ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि उन्होंने पुराने शहर बारामूला के जलाल साहिब इलाके में इरफान अहमद कबाबी के घर पर दर्ज प्राथमिकी के आधार पर गैरकानूनी गतिविधि अधिनियम (यूएपीए) के मामले में तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान पोस्टर और मुस्लिम लीग के आई-कार्ड जैसी आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई। इन सामग्रियों के स्रोत और उद्देश्य का पता लगाने के लिए जांच जारी है। पुलिस ने कहा कि कबाबी प्रतिबंधित मुस्लिम लीग का सदस्य है। पुलिस ने यूएपीए के तहत दर्ज एक मामले के सिलसिले में कनिसपोरा बारामूला में भी छापेमारी की। पुलिस की एक टीम ने कनिसपोरा के तौहीद कॉलोनी में अब्दुल रशीद गिलकर के आवास पर तलाशी अभियान चलाया। पुलिस ने बताया कि गिलकर प्रतिबंधित जम्मू-कश्मीर डेमोक्रेटिक फ्रीडम पार्टी का जिला अध्यक्ष है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने यूएपीए के तहत दर्ज मामलों की चल रही जांच के तहत अलगाववादी नेताओं अब्दुल गनी भट, मसर्रत आलम और शब्बीर शाह के घरों सहित घाटी में कई स्थानों पर छापे मारे।

### कठुआ में गोलीबारी दो पुलिसकर्मी घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में कठुआ जिले के राजबाग इलाके में गुरुवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी में दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि 23 मार्च को कठुआ जिले के हीरानगर के सान्याल गांव में आतंकवादियों और सेना, पुलिस तथा अर्धसैनिक बलों की संयुक्त टीम के बीच मुठभेड़ हुई थी, लेकिन आतंकवादी भागने में सफल रहे। उन्होंने कहा कि राजबाग के जुथाना इलाके में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच आज सुबह मुठभेड़ शुरू हुई। उन्होंने कहा कि छिपे हुए आतंकवादियों ने तलाशी दल पर गोलीबारी की, जिसमें दो पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, बीच-बीच में गोलीबारी जारी रही और इलाके की घेराबंदी कर दी गई। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि यह आतंकवादियों का वही समूह है, जिसकी संख्या पांच बताई जा रही हैं जिन्हें सान्याल गांव में देखा गया और जो इलाके में घनी वनस्पति का फायदा उठाकर राजबाग की तरफ बढ़ गया। इस बीच, डॉग स्क्वॉड, पैरा कमांडो, हेलीकॉप्टर और ड्रोन भी लगे हुए हैं।

### आंगनबाड़ी में बच्चों को बनाया जा रहा संस्कारवान: पटेल

**गोंडा।** उत्तर-प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने गुरुवार को कहा कि प्रदेश में कुल संचालित 31000 आंगनबाड़ी केंद्रों को आधु. निक संसाधनों से पूर्णतय: लैस कर छोटे बच्चों को भारतीय संस्कृति परम्परा और संस्कार मय बनाया जा रहा है। पटेल ने स्वशासी मेडिकल कॉलेज के प्रांगण में यूपी सरकार के आठ वर्ष पूरे होने पर चल रहीं प्रदर्शनी का अवलोकन कर आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को किट वितरण की। राज्यपाल नेकहा कि आंगनबाघी कार्यकत्रियों द्वारा बच्चों को तैयार कर उनका कौशल विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों के एक अच्छा इंसान बनने से ही विकसित राष्ट्र संभव हों सकेगा।

## ट्रम्प के टैरिफ लगाने का होगा नकारात्मक असर: विपक्ष

# महंगाई, बेरोजगारी से लोग परेशान

**नई दिल्ली, वार्ता**

विपक्षी सदस्यों विशेषकर कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और द्रविड मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) के सदस्यों ने वित्त वर्ष 2025-26 के आम बजट की कड़ी आलोचना करते हुए गुरुवार को राज्यसभा में कहा कि इसमें बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से निपटने के लिए कोई उपाय नहीं किए गए हैं और राज्यों के साथ भेदभाव किया गया है तथा अमेरिका द्वारा टैरिफ बढ़ाए जाने को देश की अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।



■ आठ सप्ताह पहले पेश किए गए बजट पर कोई चर्चा नहीं: चिदंबरम

कांग्रेस सदस्य एवं पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम ने विनियोग (संख्यांक तीन) विधेयक 2025 और वित्त विधेयक 2025 पर सदन में चर्चा की शुरूआत करते हुए कहा कि बजट करीब आठ सप्ताह पहले पेश किया गया, लेकिन इसपर कहीं कोई चर्चा नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि मैं जहां भी जाता हूं, जहां भी बोलता हूं, कोई भी बजट को याद नहीं रखता, कोई भी इस पर चर्चा नहीं करता। उन्होंने मोदी सरकार की राजकोषीय नीति को सराहनायोग्य बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार के ऋण को सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में कम करने का इरादा अच्छा है, लेकिन जब मई 2014 में इस सरकार ने सत्ता संभाली थी, तो राजकोषीय घाटा 4.5 प्रतिशत था जो 2018-19 में कम होकर 3-4 प्रतिशत पर आ गया, लेकिन वित्त वर्ष 2024-25 में यह बढ़कर फिर से 4-8 प्रतिशत पर पहुंच गया, जिससे साफ पता चला है कि सरकार अर्थव्यवस्था का सफलता पूर्वक प्रबंधन नहीं कर पा रही है। हर सरकार को संकट का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के कारण अर्थव्यवस्था पर दवाब बना था और यह पूरी दुनिया के साथ हुआ था। अब उसके बाद जब वैश्विक स्तर पर अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, तो घरेलू स्तर पर आर्थिक गतिविधियों में सुस्ती आ गई है। उन्होंने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी से जहां आम लोग और युवा परेशान है वहीं बजट में शिक्षा और स्वास्थ्य के आवंटन को कम कर दिया गया है। देश में वेतन के ठहराव की स्थिति बन गई है, जिससे नौकरीपेशा लोग भी महंगाई से परेशान हो गए हैं। उन्होंने कहा कि संरक्षणवाद से अर्थव्यवस्था को नुकसान होता है। यह विश्व व्यापार के लिए सही नहीं है। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनाल्ड ट्रम्प द्वारा दो अप्रैल 2025 से भारतीय उत्पादों पर कर बढ़ाए जाने की घोषणा का उल्लेख करते हुए कहा कि बजट में अमेरिका के कई उत्पादों को ध्यान में रखकर टैरिफ कम किए जाने के बावजूद ट्रम्प मानने को तैयार नहीं है। अब सरकार ने गूगल कर को कल हटाने की घोषणा की है तथा कुछ और उत्पादों पर शुल्क को कम करने की तैयारी कर रही है। इससे देश को आर्थिक नुकसान होगा जबकि अमे. रिका में शुल्क बढ़ाए जाने से आयात भी प्रभावित होगा। उन्होंने कहा कि ट्रम्प द्वारा शुल्क बढ़ाए जाने का कनाडा ने पुरजोर विरोध किया है, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अब तक एक शब्द नहीं बोला है। उन्होंने कहा कि सरकार को ट्रम्प की घोषणाओं से निपटने के उपायों से विपक्ष को भी अवगत कराना चाहिए क्योंकि टैरिफ युद्ध से व्यापार युद्ध शुरू हो जाएगा। भारतीय जनता पार्टी के आर पी एन सिंह ने कहा कि बजट का मतलब आम लोगों की जेब पैसा देना होता है, जिससे लोगों की क्रय शक्ति बढ़ सके। सरकार का काम सिर्फ अपना खजाना भरना नहीं होता है। पांच साल तक विपक्ष सिर्फ एक ही चीज कहती रही है कि मध्यम वर्ग के लिए कुछ नहीं किया जा रहा है, लेकिन अब जब सरकार ने मध्यम वर्ग के लिए काम किया है तो कह रहा है कि यह कुछ नहीं है।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा वर्कर का मानदेय बढ़ाया जाए

**नई दिल्ली।** लोकसभा में गुरुवार को आंगनवाड़ी, आशा वर्कर्स और रसोइयों का मानदेय बढ़ाने की मांग की गई।

निर्दलीय सांसद राजेश रंजन शून्य काल में आंगनबाड़ी, आशा वर्कर्स और रसोइयों का मानदेय बढ़ाने की मांग करते हुए कहा कि सांसदों का वेतन तो बढ़ा दिया गया है, लेकिन आम लोगों के स्वास्थ्य और अन्य सेवाओं के लिए दिन-रात काम करने वाले इन कामगारों का मानदेय कब बढ़ाया जाएगा। उन्होंने इनका मानदेय तत्काल बढ़ाए जाने की मांग की। रंजन ने वृद्धावस्था पेंशन की राशि बढ़ाने की मांग के साथ ही अनुसूचित जाति और अनुस. ूचित जनजाति के विद्यार्थियों के लिए छात्रावास की सुविधाओं में सुधार और उनका छात्रवृत्ति बहाल करने की भी मांग की।

कांग्रेस के वी के श्रीकंदन ने भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिए जाने की मांग की। उन्होंने उनका मानदेय बढ़ाने की मांग की और उनका स्वास्थ्य बीमा की सुविधा दिलाने की भी मांग की। समाजवादी पार्टी के अवधेश प्रसाद ने उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति बदहाल होने का आरोप लगाते हुए उनके निर्वाचन क्षेत्र फैजाबाद के मिल्कीपुर इलाके में एक दलित महिला का घर गिराए जाने का मुद्दा उठाया और पीड़ित महिला को न्याय दिलाने की मांग की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दलितों का उत्पीड़न किया जा रहा है, उन्होंने सरकार से इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग की।

### सांगा के अपमान का मामला लोकसभा में उठा

**नई दिल्ली।** महा प्रतापी राणा सांगा के बारे में राज्यसभा में समाजवादी पार्टी के सदस्य की अपमानजनक शब्दावली का मामला गुरुवार को लोकसभा में उठा और इसकी कड़ी निंदा की गई। भारतीय जनता पार्टी सदस्य तथा महाराणा प्रताप के बंश की बहू महिमा कुमारी ने शून्यकाल में यह मामला उठाया और कहा कि राणा सांगा के बारे में सपा के सांसद ने बहुत ही हल्के शब्दों का इस्तेमाल किया है। उनकी बहादुरी के बारे में किसी के प्रमाण की जरूरत नहीं है। उन्होंने दो बार इब्राहिम लोधी को हराया था और बाबर को भी एक बार धूल चटाई थी।

## एनसीआर में भी विकसित किए जाएंगे पर्यटन केन्द्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ मुजफ्फरनगर में शुकतीर्थ के एकीकृत पर्यटन विकास- साउंड एंड लाइट शो के लिए 12.68 करोड़ स्वीकृत

**लखनऊ।** प्रदेश में अयोध्या, काशी, मथुरा ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) अंतर्गत आने वाले अन्य पर्यटन स्थल भी शीघ्र ही पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र बनेंगे। केंद्र सरकार की पहल पर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड ने इसके लिए 85 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं। गाजियाबाद, बुलंदशहर, मेरठ, मुजफ्फरनगर, हापुड़ आदि जिलों के महत्वपूर्ण धार्मिक-आध्यात्मिक, ऐतिहासिक व अन्य स्थलों पर पर्यटक सुविधाओं का विकास किया जाएगा। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड (एनसीआरपीबी) ने मुजफ्फरनगर में शुकतीर्थ के एकीकृत पर्यटन विकास- साउंड एंड लाइट शो के लिए लगभग 12. 68 करोड़ रुपए, मेरठ में 1857 के क्रांति स्थलों और शहीद स्मारकों के पर्यटन विकास के लिए लगभग 4. 53 करोड़ रुपए, हस्तिनापुर के समेी. कत पर्यटन विकास के लिए लगभग 15.04 करोड़ रुपए, सरधना के पर्यटन विकास के लिए लगभग 4. 54 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इसी तरह बुलंदशहर स्थित मां अवंतिका देवी मंदिर के पर्यटन विकास के लिए लगभग 11.37 करोड़ रुपए स्वीकृत हुए हैं। गाजियाबाद के दूधेश्वर नाथ मंदिर के पर्यटन विकास के लिए लगभग 5.52 करोड़ रुपए सहित एक अन्य योजना का पर्यटन विकास किया जाएगा। इसके अलावा, हापुड़ और मुजफ्फरनगर में पहले से निर्माणाधीन परियोजनाओं के लिए भी धनराशि जारी की गई है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में ऐसे अनेक स्थल हैं, जिनका पर्यटन की कृष्टि से विशेष महत्व है। मुजफ्फरनगर के शुकतीर्थ स्थित वट वृक्ष के नीचे शुकदेव महाराज ने राजा परीक्षित को पहली बार श्रीमद्भागवत कथा सुनाई थी। इसी प्रकार गाजियाबाद, बुलंदशहर, मेरठ, हापुड़ सहित अन्य जनपदों में ऐसे अनेक स्थल हैं जिनका अपना सांस्कृतिक, धार्मिक, आध्यात्मिक और प्राकृतिक महत्व है। पर्यटन की असीम संभावनाओं को देखते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार प्राथमिकता के आधार पर पर्यटन सुविधाओं का विकास कर रही है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश घरेलू पर्यटन में देश में पहले स्थान पर है। विदेशी पर्यटन में भी यह उपलब्धि हासिल करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी दृष्टिकोण से निरंतर पर्यटन स्थलों और पर्यटक सुविधाओं का विकास किया जा रहा है।

## चार मासूमों की हत्या कर की खुदकुशी

■ शाहजहांपुर में एक पिता ने दिया घटना को अंजाम

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के थाना रोजा क्षेत्र में एक पिता ने अपने चार मासूम बच्चों की गला काटकर हत्या कर दी है। बच्चों की हत्य कर पिता ने खुद भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस में शवों को कब्ज में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस के अधिकारी ने गुरुवार को घटना की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने गुरुवार को बताया कि थाना रोजा क्षेत्र के गांव मानपुर चचरी के रहने वाला राजीव कुमार (36) ने अपने घर में ही बुधवार रात अपने चार बच्चे स्मृति (13) कीर्ति (9) प्रगति (7) तथा ऋषभ (5) की पहले धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी, जिसमें तीन बेटी और एक बेटा है। बच्चों की हत्या करने के बात बाद घर के दूसरे कमरे में जाकर खुद भी फांसी लगा आत्म हत्या कर ली। द्विवेदी ने घटनास्थल से मृतक बच्चों के बाबा पृथ्वीराज से पूछताछ कर बताया कि आज सुबह जब राजीव कुमार के घर का दरवाजा नहीं खुला, तो उसके पिता पृथ्वीराज छत पर चढ़कर जीने के रास्ते से घर के अंदर गए ।तब उन्हें घटना की जानकारी हुई। मृतक राजीव के पिता के पिता पृथ्वी राज ने बताया कि राजीव का एक साल पहले एक्सीडेंट हो गया था जिससे उसके सिर में काफी चोट आई थी जिसका अभी भी इलाज चल रहा है। इसी के चलते वह अक्सर आक्रोशित हो जाता था और कल बुधवार को राजीव की पत्नी भी अपने मायके चली गई थी कारण पूछने पर मृतक के पिता ने बताया कि वह अलग घर में रहते हैं क्यों गई थी यह जानकारी नहीं है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मृतक राजीव ने बुधवार रात धारदार हथियार जिससे अपने चार मासूम तीन बेटी एक बेटा एक गला रेत हत्या की उससे पहले उसने रेती से धार भी लगाई थी।

## निर्वाण संस्था के चार बच्चों की मौत, 24 बच्चे अस्पताल में भर्ती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ में निर्वाण संस्था में बच्चों की तबीयत खराब होने से गुरुवार को एक और बच्चे की मौत हो गई। अस्पताल में भर्ती सूरज की इलाज के दौरान मौत हो गई।

अब तक कुल चार बच्चों की जान जा चुकी है। सुबह मंडलायुक्त रोशन जैकब और डीएम विशाख जी ने लोकबंधु अस्पताल पहुंचकर बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। मोहान रोड स्थित निर्वाण संस्था में चार दिन पहले 70 मानसिक मंदित बच्चों की तबीयत बिगड़ गई थी। आनन-फानन 24 बच्चों को लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां सोमवार को एक बालक और मंगलवार को दो बालिकाओं की मौत हो गई। वहीं गुरुवार की सुबह एक और बच्चे की मौत हो गई। अन्य का इलाज चल रहा है। छह बच्चों को डिस्चार्ज किया जा चुका है। बुधवार को भी जिलाधिकारी टीम के साथ संस्था पहुंचकर निरीक्षण किया। संस्था संचालक, अधीक्षिका व कर्मचारियों से मामले की जानकारी ली। शनिवार 22 मार्च की रात को खाना खाने के बाद बच्चों की तबीयत बिगड़ी थी। एक के बाद एक बीमार हुए सभी बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सोमवार को 12 साल के शिवांक की मौत हो गई थी। मंगलवार को लोकबंधु अस्पताल में भर्ती रेनू (15) और दीपा (12) ने भी दम तोड़ दिया। संस्था प्रशासन के मुताबिक शनिवार रात बच्चों को सामान्य भोजन दिया गया था।

## जीशान रिजवी ने संभाला मुख्य कार्यपालक अधिकारी का कार्यभार

### उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन ने दी जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**लखनऊ( मौ. अब्बास जैदी )।** गुरुवार को शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड उत्तर प्रदेश के मुख्य कार्यपालक अधिकारी जीशान रिजवी को उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अली जैदी ने कार्यभार संभलवाया।

लखनऊ के इंदिरा भवन स्थित शिया वक्फ बोर्ड के कार्यालय में उच्च न्यायालय और यूपी शासन के आदेश क्रम में जीशान रिजवी को मुख्य अधिकारी के रूप में ज्वाइनिंग कराई गई। यूपी शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के मीडिया प्रभारी ने इनकी जानकारी देते हुए बताया कि काफी लंबे समय के बाद पूर्णकालिक मुख्य कार्यपालक अधिकारी मिलने से बोर्ड के कामों में तेजी आएगी और वक्फ संरक्षण और वक्फ हित में मजबूती के कार्य संभव होंगे और जीशान रिजवी का शासकीय अनुभव बोर्ड के कार्यों को मजबूती प्रदान करेगा। इस मौके पर शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड यूपी के चेयरमैन अली जैदी ने खुशी का इजहार करते हुए उनका स्वागत किया।

## अर्थ व्यापार

## लिवाली की बदौलत शेयर बाजार में लौटी तेजी

**मुंबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वाहनों के आयात पर 25 फीसदी तक का टैरिफ लगाने से वाहन निर्माता कंपनियों की साढ़े पांच प्रतिशत से अधिक की गिरावट के बावजूद बजाज फिनसर्व, इंडसइंड बैंक, एनटीपीसी, एसबीआई और रिलायंस समेत बीस दिग्गज कंपनियों में हुई लिवाली से आज शेयर बाजार तेजी के साथ बंद हुआ।



बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 317.93 अंक की छलांग लगाकर 77,606.43 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 105.10 अंक मजबूत होकर 23591.95 अंक पर पहुंच गया। दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली का जोर रहा। इससे मिडकैप 0.46 प्रतिशत चढ़कर 41,817.03 अंक और स्मॉलकैप 0. 90 प्रतिशत उछलकर 46,803.65 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4132 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2349 में गिरावट जबकि 1699 में तेजी रही, वहीं 84 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2978 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1537 में बिकवाली जबकि 1382 में लिवाली हुई, वहीं 59 के भाव स्थिर रहे। विश्लेषकों के अनुसार घरेलू शेयर बाजारों ने पूरे दिन सकारात्मक रुख बनाए रखा, जिसका मुख्य कारण निरंतर विदेशी फंड प्रवाह और ब्लूचिप शेयरों की खरीद रहा। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ऑटो आयात पर लगाए गए 25 प्रतिशत टैरिफ से ऑटोमोबाइल सेक्टर को झटका लगा, जिससे इस क्षेत्र के शेयरों में दबाव देखा गया। इसके साथ ही, फार्मा उद्योग में भी कुछ चिंताएं बढ़ी हैं। इसके बावजूद, बाजार ने लचीलापन दिखाया, जो कि मुद्रास्फीति में गिरावट और ब्याज दरों में नरमी के संकेतों से प्रेरित था। विश्लेषकों का मानना है कि वित्त वर्ष 2026 में कंपनियों की आय में दोहरे अंकों की वृद्धि संभव है, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियादी स्थिति और मजबूत होगी। अब निवेशकों की नजरें अमेरिका.भारत व्यापार बैठक पर टिकी हैं, जो बुधवार से शुरू हुई है।

## भारत में कोयले की मांग अब तक के रिकॉर्ड स्तर पर

**नई दिल्ली।** आर्थिक विकास की तेज गति और औद्योगिक उत्पादन में बढ़ोतरी के साथ ही भीषण गर्मी में बिजली की जबरदस्त जरूरत से वर्ष 2024 में भारत में कोयले की मांग इसके पिछले वर्ष के मुकाबले 5.5 प्रतिशत बढ़कर अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी की जारी 'वैश्विक ऊर्जा समीक्षा 2025' रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में वर्ष 2024 के दौरान कोयले की मांग में 5.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो सर्वकालिक उच्चतम स्तर है। भारत के कोयले की मांग में बढ़ोतरी का प्रमुख कारण देश की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि और बिजली की बढ़ती मांग को माना गया है।

## उठाव कमजोर रहने से जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली, वार्ता**

विदेशी बाजारों में तेजी जारी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अप्रैल का पाम ऑयल वायदा 116 रिंगिट उबलकर 47.04 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.11 सेंट की तेजी के साथ 42.75 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन:



चना 5450-5550, दाल चना 6450- 6550, मसूर काली 7400-7500, मूंग दाल 9400-9500, उड़द दाल 8800-8900, अरहर दाल 8300- 8400 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल: 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18681 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 15201 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16849 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## केरल में राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण में खर्च अधिक: गडकरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को लोकसभा में कहा कि केरल में राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण में प्रति किलोमीटर एक सौ करोड़ रुपए का खर्च आता है।

गडकरी ने प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि केरल में स्थितियां पूरी तरह अलग है। केरल में एक किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण में एक सौ करोड़ का खर्च आता है। यहां भूमि अधिग्रहण की लागत 49 से 50 करोड़ प्रति किलो मीटर है। उन्होंने कहा कि केरल के मुख्यमंत्री ने वादा किया था कि वह भूमि अधिग्रहण का पचास फीसदी हिस्सा देगें। राज्य सरकार ने पांच हजार करोड़ रुपए की राशि दी थी, लेकिन उसके बाद राज्य सरकार की ओर से रकम देना संभव नहीं हो पाया, क्योंकि राज्य सरकार का बजट कम है। उन्होंने कहा कि इसका समाधान निकालने की कोशिश की है। राजमार्ग के क्षेत्र में आने वाली सरकारी भूमि राज्य सरकार की ओर से राष्ट्रीय राजमार्ग को मुफ्त में दी जाएगी तथा निर्माण सामाग्री पर राज्य की ओर से लगाए जाने वाले वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) को भी माफ करने के लिए कहा गया है। अब हम परियोजना पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने एक अन्य पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि उन्हें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि करीब दो लाख करोड़ रुपए के काम जम्मू-कश्मीर में किए जा रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में 105 सुरंग बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एशिया की सबसे बड़ी जोजिला टनल की अनुमानित लागत बारह हजार कोड़ रुपए का था, जिसे 5500 करोड़ में पूरा किया जा रहा है जिसमें 70 फीसदी काम किया जा चुका है। यह कारगिल की पहाडी के नीचे है। उन्होंने कहा कि केवल जम्मू से कश्मीर के बीच 36 टनल बना रहे हैं, जिसमें 22 का काम पूरा हो चुका है। इससे जम्मू से श्रीनगर आने में आठ से नौ घंटे लगते थे वह तीन से साढे तीन घंटे में पूरा हो जाएगा।

## करनी सेना के आगे पुलिसकर्मी विफल: अखिलेश

**लखनऊ।** यूपी के आगरा में करणी सेना से जुड़े लोगों ने राणा सांगा के बारे में विवादित बयान देने वाले समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सदस्य रामजी लाल सुमन के घर पर बुधवार को हुए हमले के मुद्दे को सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भी उठाया है। अखिलेश यादव ने अपने सोशल मीडिया के जरिए एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा कि अब बुलडोजर भी छिन गया क्या? अब बुलडोजर कोई और चलवा रहा है और कोई और चला रहा है। अब क्या विदाई की बेला में पद के साथ पहचान भी छीन लेंगे, ये अच्छी बात नहीं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें, तो कुबेरपुर से लेकर हरीपर्वत स्थित सांसद के आवास तक 20 किमी में प्रदर्शन करने वालों को रोकने में पुलिस नाकाम रही। सपा सांसद के आवास के अगल-बगल छिपकर बैठे करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने पुलिस की तैयारियों को नाकाम साबित कर दिया।

## पुलिस का फरमान आरवेलियन 1984 जैसा

### ईद की नमाज को लेकर जयंत चौधरी मुस्लिमों के समर्थन में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मेरठ।** यूपी में भाजपा की सहयोगी आरएलडी ने नमाज को लेकर मुसलमानों का समर्थन किया और यूपी पुलिस की निंदा की है। योगी सरकार ने हिंदुत्व के एजेंडे पर आक्रामक तेवर अपना रखा है, जिसे लेकर बीजेपी की सहयोगी आरएलडी बेचैन नजर आ रही है। जंयत चौधरी योगी प्रशासन की तरफ उठ रही आवाज हो या फिर बीज. पी नेताओं के मुस्लिम विरोधी बयान, जयंत चौधरी उन सभी का अपने अंदाज में जवाब दे रहे हैं?

यूपी में अलविदा की जुमे की नमाज और ईद उल फितर पर नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन ने मुसलमानों को सख्त चेतावनी जारी की है। मेरठ एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने कहा कि सड़क पर नमाज अदा करने पर पुलिस प्रशासन का रवैया सख्त रहेगा। सड़क पर नमाज पढ़ने वालों पर सिर्फ मुकदमा ही दर्ज नहीं किया जाएगा, बल्कि उनके पासपोर्ट और लाइसेंस भी रद्द होंगे। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि सड़क पर नमाज अदा करने पर पिछली बार भी 200 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया था। सार्वजनिक सड़कों को धार्मिक समारोहों से मुक्त रखने के लिए ड्रोन और वीडियो कैमरों सहित अतिरिक्त निगरानी उपाय किए जाएंगे। ईद की नमाज को लेकर मेरठ प्रशासन के फरमान लेकर जयंत चौधरी ने सख्त अलोचना की है। उन्होंने ट्वीट कर कहा है कि



आरवेलियन 1984 की ओर पुलिसिंग'! जयंत चौधरी ने एक लाइन के ट्वीट से योगी सरकार के पुलिस व्यवस्था पर तगड़ा हमला किया है। जयंत चौधरी ने कहा है कि मौजूदा पुलिसिंग या शासन व्यवस्था वैसी हो गई है, जैसा कि जॉर्ज आरवेल के उपन्यास 1984 में बताया गया है, जिसमें एक निरंकुश सरकार होती है, जो लोगों की हर गतिविधि नजर रखती है और उनकी स्वतंत्रता को सीमित करने की कोशिश करती है। सच को दबाने वाली और आजादी का दमन करने वाली सरकार बताया गया है। इस तरह उन्होंने योगी सरकार को कठघरे में खड़ा कर दिया है। मेरठ पुलिस के फरमान पर आरएलडी के राष्ट्रीय सचिव डा. कुलदीप उज्जवल ने कहा कि प्रशासन का फैसला ओरवेलियन स्टेट की ओर बढ़ता कदम है, जो नागरिक स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। धार्मिक स्वतंत्रता संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकार है और इसे इस प्रकार से दबाने की कोशिश अलोकतांत्रिक है। उन्होंने कहा कि सरकारी तंत्र को सभी धर्मों के त्योहारों को एक समान नजरिए से देखना चाहिए और बिना भेदभाव के व्यवस्था बनानी चाहिए।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# रोहित का टीम इंडिया में खेलने से इन्कार

**रोहित शर्मा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में खराब प्रदर्शन की वजह से इंग्लैंड नहीं जाना चाहते**

**मुंबई, वार्ता।** रोहित शर्मा ने पिछले 6 महीने में भारतीय क्रिकेट टीम को दो आईसीसी टूर्नामेंट जिताए हैं, लेकिन अब ऐसी खबर आ रही है कि वह इस टीम में शामिल नहीं होना चाहते। एक रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि रोहित शर्मा टीम इंडिया की अगली टेस्ट सीरीज में नहीं खेलेंगे।

उन्होंने खुद अपना नाम देने से इन्कार कर दिया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक रोहित शर्मा ने ये फैसला लिया है। आईपीएल 2025 के बाद भारतीय टीम को इंग्लैंड दौरे पर जाना है, जहां वो पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। रिपोर्ट में दावा है कि रोहित शर्मा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में खराब प्रदर्शन की वजह से इंग्लैंड नहीं जाना चाहते। रिपोर्ट्स में भले ही ऐसे दावे किए जा रहे हों कि रोहित इंग्लैंड नहीं जाएंगे। रोहित के मामले में कई दावे पहले भी गलत साबित हुए हैं। हाल ही में ये दावा किया जा रहा था कि रोहित शर्मा चौंपियंस ट्रॉफी के बाद वनडे फॉर्मेट से संन्यास ले सकते हैं लेकिन ऐसा हुआ नहीं। वैसे रोहित के इंग्लैंड नहीं जाने के पीछे उनके ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में खराब प्रदर्शन को वजह बताया जा रहा है। रोहित शर्मा ने सिडनी टेस्ट में भी खुद को प्लेइंग इलेवन से बाहर रखा था और जसप्रीत बुमराह ने टीम की कमान संभाली थी। वहीं, विराट कोहली के टेस्ट टीम में बने रहने की संभावना ज्यादा है। हालांकि, भारत के हालिया लंबे टेस्ट सीजन में कोहली और रोहित दोनों का प्रदर्शन निराशा. जनक रहा। कोहली ने 19 पारियों में केवल 382 रन बनाए, जिसमें उनका औसत महज 22।47 रहा और उनके नाम केवल एक शतक और एक अर्धशतक दर्ज है। वहीं, रोहित शर्मा ने 15 पारियों में सिर्फ 164 रन बनाए, जिसमें उनका औसत 10।93 रहा और केवल एक अर्धशतक ही उनके बल्ले से निकला। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार सीरीज हार के बाद, दोनों स्टार बल्लेबाजों के टेस्ट टीम में स्थान को लेकर सवाल उठने लगे हैं। हालांकि, कोहली के इंग्लैंड में खेलने के व्यापक अनुभव को देखते हुए, टीम प्रबंधन उन्हें टेस्ट टीम में एक और मौका देने पर विचार कर रहा है।



# चोटिल लैथम पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज से हुए बाहर

**लैथम की गैरमौजूदगी में माइकल ब्रेसवेल न्यूजीलैंड़ टीम की कमान संभालेंगे**

**वेलिंग्टन, वार्ता।** पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली एकदिवसीय सीरीज से पहले न्यूजीलैंड को बड़ा झटका लगा है टीम के कप्तान टॉम लैथम चोटिल होने के कारण सीरीज से बाहर हो गये है। लैथम को इस सप्ताह दाहिने हाथ में चोट लगी थी। प्रशिक्षण के दौरान लैथम के हाथ में फ्रैक्चर हुआ था। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बताया कि एक्स-रे रिपोर्ट में गंभीर चोट की पुष्टि हुई है।

लैथम की गैरमौजूदगी में माइकल ब्रेसवेल टीम की कमान संभालेंगे जबकि हेनरी निकोल्स को टीम में शामिल किया गया है। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा कि सीरीज की पूर्व संध्या पर कप्तान टॉम लेथम का चोटिल होना निश्चित रूप से निराशाजनक है और हम उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। टी-20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने वाले माइकल के साथ टीम सुरक्षित हाथों में है। उन्होंने कहा कि हमें इस दौरे में लचीलापन रूख रखना होगा क्योंकि कई खिलाड़ी अलग-अलग कारणों से उपलब्ध नहीं थे। इससे अन्य खिलाड़ियों को अवसर मिले और पहली बार रीस मारियू को टीम में शामिल करना अच्छा लगा, साथ ही हेनरी का स्वागत भी हुआ। उन्होंने कहा कि तीन महीने की चोट के बाद वापसी करने के बाद से हेनरी अच्छी फॉर्म में हैं।



## संक्षिप्त खेल समाचार

### रिजर्व बैंक और कस्टम की आसान जीत

**नई दिल्ली, वार्ता।** पंकज नेगी के दो शानदार गोलों की मदद से भारतीय रिजर्व बैंक ने गुरुवार को आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय को 5-2 से हरा कर डीएसए सांस्थानिक लीग में बड़ी जीत के साथ शुरुआत की। वहीं एक अन्य मुकाबले में कस्टम एंड सेंट्रल एक्साइस ने ईएसआईसी को 3-1 से हराया। विनोद नगर स्पोर्ट्स कांम्प्लेक्स में आज यहां दिन के पहले मुकाबले में भारतीय रिजर्व बैंक के लिए पंकज नेगी ने दो, कृतेश हुड्डा, अभिषेक और के पी कबुई ने एक-एक गोल किये। मुक. ाबले के दौरान बैंक के गोलकीपर कुलदीप हुड्डा ने कई मौकों पर दर्शनीय बचाव किए। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की टीम के लिए बिजेन्दर और लोकेश ने एक-एक गोल दागे। वहीं दिन के दूसरे मुकाबले में कस्टम एंड सेंट्रल एक्साइस ने महिप अधिकारी, सायक और कृष्णा के गोलों से ई एस आई सी पर 3-1 की जीत के साथ अभियान शुरू किया।

## आईपीएलः दूसरी गेंद का नियम पहली बार इस्तेमाल

**गुवाहाटी, वार्ता।** आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच 26 मार्च को गुवाहाटी में खेले गए मैच में पहली बार दूसरी गेंद का नियम देखने को मिला।

कार्यवाहक कप्तान रियान पराग के मार्गदर्शन में राजस्थान रॉयल्स ने केकेआर की पारी के 17वें ओवर में गेंद बदलने का अनुरोध किया, लेकिन यह मैच का पासा पलटने के लिए काफी नहीं था। नए नियम का इस्तेमाल करने के बावजूद राजस्थान रॉयल्स को केकेआर के खिलाफ आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा। यह उनकी लगातार दूसरी हार रही। क्विंटन डिकॉक की 61 गेंदों पर नाबाद 97 रनों की शानदार पारी की बदौलत कोलकाता ने इस सीजन में अपनी पहली जीत दर्ज की। शाम को खेले जाने वाले मैचों में अगर अंपायरों को लगता है कि ओस खेल पर अपना प्रभाव डाल रही है तो वह दूसरी पारी के 11वें ओवर से नई गेंद का इस्तेमाल करने की अनुमति दे सकते हैं। शाम को होने वाले मैचों पर यह नियम लागू होगा। दोपहर में होने वाले मैचों पर यह नियम लागू नहीं होगा। इससे हाईस्कोरिंग मैचों को बनाए रखने में मदद मिलेगी। ताकि दोनों पारी में खेल संतुलित रहे और चेज करने वाली टीम को ओस की मदद न मिले। अक्सर शाम के मैचों में ओस का प्रभाव देखते हुए टॉस जीतने पर टीमें पहले गेंदबाजी का फैसला करती दिखती हैं। इससे अब खेल बैलेंस्ड होगा। क्विंटन डिकॉक ने मुश्किल विकेट पर नाबाद 97 रन की पारी खेलकर कोलकाता नाइट राइडर्स को राजस्थान रॉयल्स पर आठ विकेट से शानदार जीत दिलाई। राजस्थान की टीम ने पहले बल्लेबाजी की नौ विकेट पर 151 रन ही बना सकी।

## प्रदीप जून और साहिस्ता ने पावरलिफ्टिंग में स्वर्ण पदक कब्जाए

**नई दिल्ली, वार्ता।** खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 में पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता बुधवार को प्रदीप जून और साहिस्ता ने स्वर्ण पदक जीते। केआईपीजी 2025 के सातवें दिन हरियाणा के प्रदीप जून ने 107 प्लस किलोग्राम वर्ग में 194 किलोग्राम भार उठाकर स्वर्ण पदक जीता।

आज पदक तालिका के अनुसार हरियाणा 31 स्वर्ण पदक जीतकर शीर्ष पर था। तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश क्रमशः 26 और 22 पदकों के साथ दूसरे स्थान और तीसरे स्थान पर थे। प्रदीप के अलावा, दिल्ली की साहिस्ता ने भी पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता के अंतिम दिन शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 79 किलोग्राम वर्ग में 81 किलोग्राम वजन उठाकर पिछले संस्करण के रजत पदक को इस साल स्वर्ण पदक में बदल दिया। खेलों में अपने बदलाव के बारे में बात करते हुए 25 वर्षीय साहिस्ता ने कहा कि समय के साथ, मैंने इसे स्वीकार कर लिया। मैं शुरू में बाइसेप्स बनाना चाहती थी, लेकिन पैरा पावरलिफ्टिंग की खोज की, जो मेरा लक्ष्य बन गया। ग्रेटर नोएडा में नेशनल्स में स्वर्ण जीतने के बाद, खेलो इंडिया में स्वर्ण पदक हासिल करना मेरे सफर में एक बड़ा पड़ाव जैसा लगता है। अब, मेरा लक्ष्य पैरालिंपियन बनना है। पुरुषों के 107 किलोग्राम वर्ग में महाराष्ट्र के दिनेश बागड़े ने 157 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। इसी तरह, तमिलनाडु की अरुणमोली अरुणगिरी ने भी महिलाओं के 86 किलोग्राम वर्ग में 80 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता।

## क्लब विश्वकप जीतने वाली टीम को 10 .70 अरब रुपये मिलेंगे : फीफा

**जिनेवा, वार्ता।** विश्व फुटबॉल की शासी संस्था फीफा इस वर्ष जून-जुलाई में होने वाले पहले क्लब विश्वकप के लिए लगभग 85.66 अरब रूपये की पुरस्कार राशि की घोषणा की है जिसमें से टूर्नामेंट जीतने वाली टीम को लगभग 10.70 अरब रूपये मिलेंगे।

फीफा ने बताया कि इस वर्ष 14 जून से 13 जुलाई तक अमेरिका में आयोजित पहले फीफा क्लब विश्वकप में 32 टीमें भाग लेंगी। टूर्नामेंट के लिए लगभग 85.66 अरब रूपये की पुरस्कार राशि दिये जाने की घोषणा की है। इस राशि में से चैंपियन बनने वाली टीम को लगभग 10.70 अरब रुपये मिलेंगे। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कहा कि फीफा क्लब विश्व कप का वितरण मॉडल क्लब फुटबॉल के शिखर को दर्शाता है और सात मैचों के ग्रुप चरण और प्लेऑफ प्रारूप वाले फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए अब तक की सबसे बड़ी पुरस्कार राशि है। जिसमें विजेता टीम के लिए संभावित पुरस्कार राशि 10.70 अरब रूपये है। उन्होंने कहा कि 525 डॉलर का हिस्सा सभी भाग लेने वाली टीमों के बीच वितरित किया जाएगा।



# महिला कांस्टेबिल से दहेज में मांगे 50 लाख

## गाजियाबाद में एमबीबीएस डाक्टर से किया था प्रेम विवाह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। गाजियाबाद में हुई मुलाकात के बाद एमबीबीएस डॉक्टर ने महिला कांस्टेबल को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। विश्वास में लेने के बाद कोर्ट मैरिज कर ली। अब महिला कांस्टेबल से दहेज में 50 लाख रुपये मांगे जा रहे हैं। इनकार करने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामले में डॉक्टर और उसके परिजनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

महिला कांस्टेबल की तैनाती गाजियाबाद जिले में है। एफआईआर के मुताबिक 18 फरवरी 2021 को शहर के मोहल्ला चौक में रहने वाले एमबीबीएस डॉक्टर के साथ महिला कांस्टेबल की कोर्ट मैरिज हुई थी। इससे पूर्व दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। आखिर में दोनों वहीं एक फ्लैट में साथ रहने लगे लेकिन इस बीच डॉक्टर कभी भी कांस्टेबल को अमरोहा शहर में अपने घर लेकर नहीं आया। वह जब भी घर जाने की बात कहती तो बोलता जब रिसेप्शन करूंगा तब तुम्हें साथ लेकर

**एमबीबीएस डाक्टर व परिजनों के खिलाफ रिपोर्ट**

चलूंगा। लेकिन, इसी दरमियान कुछ दिन बाद ही डॉक्टर ने दहेज में 50 लाख रुपये दिलाने की मांग शुरू कर दी, शादी के डेढ़ साल बाद ही डॉक्टर काफी-काफी दिनों तक घर से गायब रहने लगा। इतना ही नहीं जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाता था। 26 मई 2024 को महिला कांस्टेबल की डॉक्टर के साथ घर रहने को लेकर कहासुनी हो गई। इसके बाद डॉक्टर अपने परिजनों से रिसेप्शन की बात करने को कहकर अमरोहा शहर आ गया। लेकिन, फोन पर डॉक्टर के परिजनों ने कांस्टेबल से अपने परिजनों के साथ घर आने के लिए कहा। 19 मई 2024 को महिला कांस्टेबल अपने परिजनों के साथ डॉक्टर के घर पहुंची तो यहां उन्होंने 50 लाख रुपये की मांग की। लिहाजा, कांस्टेबल के परिजनों ने दहेज देने से इनकार कर दिया। आरोप है कि डॉक्टर की मां जब फोन पर बात करती थी तो वह भी 50 लाख रुपये दिए बिना घर में नहीं घुसने की धमकी देती थी। डॉक्टर के भाई ने भी गाजियाबाद में आकर जान से मारने की धमकी दी। दिसंबर 2024 में महिला कांस्टेबल डॉक्टर के घर आ गई। आरोप है कि इस दौरान डॉक्टर के भाई ने उसके साथ छेड़छाड़ की। पीड़िता ने मामले की शिकायत शहर कोतवाली पुलिस से की थी। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने मामले में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।



मंडी धनौरा। कमेलपुर में कार्यक्रम में बोलते विधायक राजीव तरारा।

## बीएससी की छात्रा से छेड़छाड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। बीएससी की छात्रा के साथ गांव के ही युवक ने छेड़छाड़ की। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। मामला रजबपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है। यहां रहने वाले एक किसान बेटी अमरोहा शहर के एक डिग्री कॉलेज में बीएससी की छात्रा है। घटना 24 मार्च की सुबह साढ़े दस बजे की है। छात्रा कॉलेज आई थी। उसका आरोप है कि बिजनौर रोड पर गांव के रहने वाले समीर ने उसके साथ छेड़छाड़ की। छात्रा ने घर जाकर परिजनों को आपबीती सुना दी। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने मामले में आरोपी समीर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की बात कही।

# दुल्हे के मामा के हाथ से नोटों से भरा बैग चोरी

## अज्ञात के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। दूल्हे के मामा के हाथों से नोटों भरा बैग चोरी हो गया। काफी तलाश करने के बाद भी कुछ पता नहीं चला। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मुरादाबाद जिले के भगतपुर थाना क्षेत्र के गांव बुढ़नपुर अलीगंज निवासी लाखन सिंह के बेटे मनोज कुमार की बारात चार मार्च की रात नौगावां सादात रोड स्थित एक बैंक्वट हॉल में आई थी। देर रात में करीब 12 बजे के बारात चढ़ रही थी। एक तरफ डांस चल रहा था तो दूसरी तरफ बाराती दूल्हे पर पैसे लगा रहे थे। बारातियों में ही कुछ संदिग्ध युवक शामिल हो गए। भीड़ का फायदा उठाकर युवकों ने दूल्हे के मामा के हाथ से नोटों से भरा बैग चोरी कर लिया। बैग में करीब 2.80 लाख रुपये थे। आरोपी युवक घटना को अंजाम देकर वहां से फरार हो गए। बाद में परिवार के लोगों ने नोटों से भरा बैग काफी तलाश किया लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चला। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# पत्नी के हत्यारे को दस साल की कैद

## अदालत ने दस हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। दहेज की मांग पूरी न होने पर पत्नी की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या के आरोपी को कोर्ट ने दोषी ठहराते उसे दस साल की जेल व दस हजार रूपये जुर्माने की सजा सुनाई।

संभल जनपद के रजपुरा थानाक्षेत्र के दीपपुर डांडा गांव में बाबूराम पाल ने अपनी बेटी सुमन की शादी साल 2015 में आदमपुर थानाक्षेत्र के दढियाल गांव के रहने वाले सुनील के साथ की थी। शादी के बाद से ही ससुराल वाले सुमन को दहेज के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे थे। दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर 9 अगस्त 2020 को सुनील कुमार ने सुमन की कुल्हाड़ी से गर्दन काटकर हत्या कर दी थी। इस मामले में विवा. हता के भाई मदन पाल ने सुनील कुमार समेत छह लोगों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले में पुलिस ने सुनील के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। बाद में पुलिस ने सुनील को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। फिलहाल वह जमानत पर बाहर था। इस मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय नसीमा की अदालत में चल रही थी। अभियोजन पक्ष की ओर से एडीजीसी देवेश नागर पैरवी कर रहे थे। बृहस्पतिवार को न्यायालय ने मुकदमे में आखिरी सुनवाई की और साक्ष्यों व सबूतों के आधार पर सुनील को दोषी करार दिया। साथ ही उसे दस साल की सजा और 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

## ट्रैक्टर-ट्राली से टकराई पिकअप, तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** हाईवे स्थित टीटी फैक्ट्री के पास तेज रफ्तार पिकअप ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई। हादसे में तीन लोग घायल हो गए। गुरुवार को पिकअप सवार इंद्रजीत, विकास पिकअप लेकर मुरादाबाद से मेरठ की तरफ जा रहे थे, हाईवे पर स्थित टीटी फैक्ट्री के पास ट्रैक्टर ट्राली खड़ी हुई थी। पिकअप ट्रैक्टर ट्राली में घुस गई, जिसमें इंद्रजीत, विकास व ट्रैक्टर पर सवार बृजपाल घायल हो गया। सूचना पर पहुंची निजी एंबुलेंस ने घायलों को नगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से फर्स्ट एड के बाद उन्हें रेफर किया गया।

# तहसील परिसर में बने उप निबंधक कार्यालय

## तहसील बार ने शिक्षक विधायक को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। तहसील बार ने शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो को ज्ञापन देकर निर्माणाधीन तहसील भवन में रजिस्ट्री, उपजिलाधिकारी व विनियमित क्षेत्र कार्यालय बनाये जाने की मांग की है। तहसील बार ने आज शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो को उनके आवास पर ज्ञापन सौंपा। जिसमें वकीलों ने बताया कि गुलड़िया में नए तहसील भवन का निर्माण कार्य चल रहा है। परन्तु तहसील परिसर में उप निबंधक कार्यालय, विनियमित क्षेत्र व न्यायालय उपजिलाधिकारी के कार्यालय का निर्माण नहीं हो रहा। उप निबंधक कार्यालय जोया रोड पर प्रस्तावित है। अगर ऐसा हुआ तो समय व पैसे की अधिक बर्बादी होगी। उन्होंने शिक्षक विधायक से मांग की कि वह सरकार पर तहसील भवन परिसर में ही रजिस्ट्री, उपजिलाधिकारी व विनियमित क्षेत्र कार्यालय का निर्माण कराये जाने का दबाव बनायें। ज्ञापन देने वालों में पुष्करलाल गुप्ता, शकील अहमद जयविन्द्र सिंह, शौकीन मंसूरी, गौरव शर्मा, महेश यादव, अभिनव सक्सैना, खालिद हुसैन, कयूम अली, निरंजन सिंह, सुभाषचंद, संजीव सक्सैना, राहुल पाल, रिंकू गोले, मनजीत सिंह शामिल रहे।

# हिन्दी सेवा के लिए डा. यतीन्द्र को मिला सम्मान



## हिमाचल के राज्यपाल ने योगदान को सराहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। अंतरराष्ट्रीय हिन्दी सेवी व राज्य अध्यापक पुरस्कार सहित दर्जनों राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित नगर निवासी डॉ यतींद्र कटारिया ने जनपद का गौरव बढ़ाते हुए राजभवन शिमला में काव्य पाठ किया तथा यहाँ भारत सरकार द्वारा आयोजित राजभाषा राष्ट्रीय संगोष्ठी को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित किया राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ला ने डॉ यतींद्र कटारिया के उल्लेखनीय योगदान की सराहना करते हुए सम्मानित किया।

राजभाषा राष्ट्रीय संगोष्ठी को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए डॉ कटारिया ने कहा कि हिंदी भारत की आत्मा व राष्ट्रीय एकात्मकता की पहचान है विश्व पटल पर हिंदी का बढ़ता प्रभाव प्रत्येक भारतीय के लिए गौरव की बात है। मुख्य वक्ता के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय के डॉ पूरनचंद्र टंडन व प्रसिद्ध लेखक वीरेंद्र यादव ने भी संबोधित किया यहाँ एसजेवीएन विद्युत मंत्रालय भारत सरकार की ओर से डा कटारिया व आमंत्रित विद्वानो का सम्मान दिया गया। इस अवसर पर डॉ यतींद्र कटारिया ने राजभवन शिमला में काव्य पाठ किया तथा विश्व हिन्दी मंच द्वारा अमरोहा में आयोजित होने वाले समारोह का निमंत्रण दिया।

## झाड़ियों मे पड़ा मिला युवक का शव

tk;A डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव नीलीखेड़ी के जंगल में गुरुवार शाम झाड़ियों के बीच युवक शव मिलने से हड़कंप मच गया। शव बुरी तरह सड़ गल चुका था। वहां से गुजर रहे लोगों ने दुर्गंध आने पर तुरंत ही इसकी सूचना कोतवाली में दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने काफी प्रयास किया लेकिन युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि गांव में हाईवे किनारे स्थित एक फैक्ट्री के पास गेहूं के खेत में शव मिला है। युवक की उम्र करीब 35 से 40 साल के करीब होग। पुलिस व ग्रामीणों का मानना है कि मृतक विक्षिप्त है। शव को फिलहाल मोर्चरी पर रखवा दिया गया है।

## परिवहन विभाग ने 23 वाहनों को किया सीज

**गजरौला।** पुलिस व परिवहन विभाग द्वारा चलाए गए संयुक्त अभियान में छह प्राईवे बसों सहित 23 वाहनों पर सीज की कार्रवाई की गई। इस बड़ी कार्रवाई से बिना दस्तावेज पूरे किए बिना सड़कों पर फर्राटा भर रहे वाहन चालकों व स्वामियों को झटका लगा। बता दें कि बृहस्पतिवार को परिवहन विभाग की चार अलग अलग टीमों ने पुलिस के साथ अभियान चलाया। अलग अलग प्वाईंटों पर इन टीमों द्वारा बिना परमिट और आवश्यक दस्तावेजों के दौड़ रहीं छह प्राईवेट बसों समेत 23 वाहनों पर सीज की कार्रवाई की। एआरटीओ महेश शर्मा ने बताया कि अभियान के दौरान 23 वाहनों को सीज किया गया, जिसमें से छह प्राईवेट बसें हैं तो वहीं 17 वाहन प्राईवेट व ऐसे हैं जो कि भिन्न भिन्न स्थानों पर सवारियों को भर रहे थे। वहीं परिवहन विभाग व पुलिस द्वारा चलाए गए अभियान की भनक लगते ही डग्गामार वाहनों के चालकों ने अपने साथियों को इस बात की जानकारी देने के उद्‌देश्य से व्हाट्सएप आदि पर ऑडियो संदेश भेजकर आगाह किया। संदेशा में कहा गया है कि चैकिंग टीमें सक्रिय हैं, हाइवे पर संभलकर ही चलें।

# आंगनवाड़ी में नौकरी के नाम पर दो लाख ठगे

## पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। आंगनवाड़ी में नौकरी लगवाये जाने के नाम पर ग्रामीण महिला से 2 लाख रूपये की ठगी कर ली गई। पुलिस को तहरीर दे दी है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मंगरौली निवासी ओंमकार सिंह ने बताया कि उनके गांव मंगरौली में एक आंगनबाड़ी केंद्र पर पद रिक्त चल रहा था। उस पर नियुक्ति होनी थी। इसी दौरान किसी गांव का रहने वाला एक युवक उसके पास पहुंचा और बोला कि आंगनबाड़ी की भर्ती निकली हुई है। आप उसमें अपनी पुत्रवधू को लगवा दो। मेरी अमरोहा आंगनवाड़ी ऑफिस में अच्छी जान पहचान है और कार्यालय में जो बाबू बैठता है उससे मेरे घर जैसे संबंध हैं। और मेरी घरवाली भी आंगनबाड़ी में है। इसके बाद युवक उसे अमरोहा ले गया और बाबू से मिलवाया। मैंने अपनी पुत्रवधू का आवेदन कर दिया। इसके बाद नौकरी लगवाने के नाम पर 3 साल पूर्व उससे दो लाख रुपए ले लिए गये। आरोप है कि न तो पुत्रवधू की नौकरी लगी और ना ही युवक पैसे वापसी कर रहा है। जब युवक से उसने अपने पैसे मांगे तो उसने पैसे देने से मना कर दिया। धमकी देने के साथ ही गाली गलौज कर मारपीट करता है। कहता है कि अगर ज्यादा करोगे तो एससी एसटी एक्ट लगवा दूंगा। जिससे परेशान होकर पीड़ित कोतवाली पहुंचा और पुलिस को तहरीर देकर आरोपी युवक के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## शराब की दुकान दूसरी जगह स्थानान्त्रित हो



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव देहरा मिलक में स्कूल और जाहरवीर मंदिर के पास स्थित शराब की दुकान को लेकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शराब की दुकान के कारण उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय लोगों के अनुसार, शराबी रोजाना यहां हंगामा करते हैं। इससे स्कूल जाने वाले बच्चों को परेशानी होती है। साथ ही मंदिर में पूजा करने जाने वाली महिलाएं भी असहज महसूस करती हैं। इन समस्याओं को देखते हुए ग्रामीणों ने प्रशासन से शराब की दुकान को किसी दूसरी जगह स्थानांतरित करने की मांग की है। विरोध प्रदर्शन में जितेंद्र चौहान, जयवीर सिंह, परमीत चौहान, प्रमोद चौहान, सोमपाल सिंह, हरिकेश सिंह, राजन चौहान और भूरे खान सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की है।

# किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

## एक आरोपी को पुलिस पहले ही भेज चुकी जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। किशोरी को घर से उठाकर सरकारी स्कूल के पास ले जाने के बाद दुष्कर्म करने वाले आरा. ेपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आहट सुनकर मौके पर पहुंचे पिता ने आरोपियों के चंगुल से बेटी को बचाया था। मामले में एक आरोपी का पुलिस पहले ही चालान कर चुकी है।

मामला अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के एक गांव का था। यहां पर एक दलित किसान का परिवार रहता है। शनिवार रात लगभग 12 बजे किसान की आंख खुली तो उसकी नाबालिग बेटी घर से गायब थी। तलाश करते हुए छत पर पहुंचा किसान को पास में स्थित एक सरकारी स्कूल के पास कुछ आहट सुनाई दी थी। किसान ने जब मौके पर पहुंचकर देखा तो गांव का युवक जिंकल मान किशोरी के साथ दुष्कर्म कर रहा था। जबकि उसका दोस्त स्कूटी लेकर वहां पहरा दे रहा था। किसान ने विरोध करते हुए बेटी को छुड़ा लिया था। दोनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए थे। पीड़िता ने पूछताछ के दौरान बताया था कि जिंकल मान व उसका साथी तमंचा दिखा कर उसे घर से उठा कर ले गए थे। जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म किया है। पीड़ित पिता ने देहात थाने में तहरीर देकर मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने मामले में आरोपी जिंकल मान को गिरफ्तार कर चालान करने की बात कही।

# वाईएमएस में स्काउट शिविर का समापन

## प्रबंधक ने वितरित किए प्रशस्ति पत्र




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। महाविद्यालय के बी.एड. विभाग के दो दिवसीय स्काउट गाइड कैम्प का समापन समारोह धूमधाम से मनाया गया। कैम्प में जिला संगठन आयुक्त स्काउट गाइड अजय कुमार द्वारा बी.एड. के छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण दिया गया। शिविर के पहले दिन छात्र-छात्राओं को रस्सी गांठ लगाना, रस्सी पुल बनाना व टेंट निर्माण करना सिखाया, द्वितीय दिवस समापन दिवस के रूप में मनाया गया। शिविर में छात्र-छात्राओं ने स्काउट गाइड के मूल उद्देश्यों को सीखा व समाज सेवा करने का संकल्प भी दिलाया। कॉलिज प्राचार्य डॉ. ए. के. सिंह ने शिविर के समापन पर आयोजित कार्यक्रम में छात्र छात्राओं से कहा कि कैंप के दौरान जो भी कुछ सीखा है उसे वह अपने तक ही सीमित न रखकर निरंतर अपने आस-पास व समाज में फैलाएं। आपके द्वारा दिए गए संदेश से समाज को एक नई दिशा मिलेगी और दूसरे लोग भी सीखकर समाज में एक नई पहचान बना सकेंगे। कॉलिज प्रबंधक व प्राचार्य द्वारा कैम्प में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को स्काउट गाइड प्रमाण पत्र का वितरण कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय की उपाध्यक्षा आसमा खातून, अध्यक्ष नाजिम सैफी, प्रबंधक रियाज अहमद सैफी, डॉ. मनु सिंह, डॉ. त्रेता देवी, सोहन सिंह, संजय सिंह, सुरेंद्र सिंह, मोबीन अहमद, नीरज गहलौत आदि समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## एएसएम स्कूल में परीक्षाफल वितरित




**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया**। एएसएम पब्लिक स्कूल जगुवा खुर्द में बच्चों को ग्रेजुएशन डे सैलिब्रेशन मनाया गया। प्रबंधक विरेन्द्र गुप्ता ने सरस्वती माता के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये तत्पश्चात् परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा नर्सरी से कक्षा नौ तक के बच्चों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रंबधक विरेन्द्र गुप्ता ने बच्चों की लगन और मेहनत को सराहा तथा जीवन में आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य डा. श्रीमति चारू वार्ष्णेय ने कहा कि यह आयोजन न केवल छात्रों की प्रगति को दर्शाता है बल्कि अभिभावकों को विद्यालय की नई पहल शिक्षण प्रणाली और बच्चों की प्रगति के बारे में भी जानकारी देने में सहायक सिद्ध होता है।

# मोदी व योगी ने दिया सुशासन का राजः तरारा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** केन्द्र सरकार के दस व उत्तर प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में विधायक राजीव तरारा ने पत्रकार वार्ता का आयोजन करके केन्द्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। कहा कि केन्द्र में 2014 से पहले और उत्तर प्रदेश में 2017 से पहले का वातावरण कैसा था, यह बात किसी से छिपी नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने जब से देश की कमान संभाली तब से 'सबका साथ, सबका विश्वास' के साथ उन्होंने कार्य किया। आज बिना किसी भेदभाव के अंतोदय तक



विकास किया जा रहा है। भाजपा सरकार ने घर घर शौचालय, निशुल्क गैस सिलेंडर, आयुष्मान कार्ड योजना, कोविड में निशुल्क वैक्सीन व निशुल्क राशन वितरण, सामुहिक विवाह योजना, पेंशन वृद्धि, किसान सम्मान निधि, बिजली के नलकूप बिल माफ करने का काम किया है। बिजली की व्यवस्था पूरी तरह से सुदृढ़ है जबकि 2017 से पहले प्रदेश में बिजली की व्यवस्था बदहाल थी और कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त थी। गुंडे माफिया हावी थे, बहन बेटियां सुरक्षित नहीं थीं। पीड़ितों के मुकदमे भी दर्ज नहीं होते थे, मगर जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है, तब से सुशासन का राज है। इस अवसर पर धर्मेन्द्र चौधरी, कपिल भड़ाना, रोहित आर्य व वरिष्ठ कार्यकर्ता राजेन्द्र सिंह गुरू जी मौजूद रहे।

# सपा सांसद का पुतला फूंका

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व सांसद

**राणा सांगा पर गलत टिप्पणी से चौहान समाज खफा**

रामजी लाल सुमन के शुक्रवार को राज्यसभा में राणा सांगा पर दिए गए विवादास्पद बयान के बाद बबाल मचा है। गुरुवार को इंदिरा चौक पर चौहान समाज के लोगों ने सांसद रामजी लाल का प्रतीकात्मक पुतला बनाकर दहन किया। कहा कि हम अपने महापुरूषों का



अपमान किसी भी हालत में सहन नहीं करेंगे। इस अवसर पर रामकृष्ण चौहान, जीपी सिंह चौहान, महेंद्र सिंह चौहान, नरेंद्र सिंह चौहान, गुड्डू चौहान, बालकृष्ण चौहान, अमरपाल चौहान, सुनील कुमार, सोमपाल सिंह चौहान आदि लोग मौजूद रहे।

# नगर में एक साथ उठी तीन अर्थियां तो पूरे शहर की नम हुई आंखें


मृतक विकास


मृतक सचिन


मोहित राज मृतक


नगरवासी ले जाते तीन अर्थिया


शोक मनाते हुए नगरवासी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

बिसौली। बिसौली कस्बे के लिए आज का दिन काला दिन साबित हुआ जहां नगर के नामचीन पांच लोग एक हादसे का शिकार हो गए जिसमें तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई तथा अन्य दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिनका इलाज जारी है।

हम आपको बता दें कि जनपद बदायूं के कस्बा बिसौली से विकास पुत्र अशोक गुप्ता बाबा होटल व सचिन पुत्र देवकीनंदन नंदन कोल्ड स्टोर व मोहित राज पुत्र हरिभगवान मोबाइल सेंटर, अंशुल व शशिक. ांत निवासी बिसौली अपने परिजन व अन्य साथियों के साथ बस एवं अन्य सवारियों में सवार होकर मथुरा के वृंदावन गोवर्धन परिक्रमा कर दर्शन करके एवं भंडारा कराकर वापस लौट रहे थे तभी बुधवार और गुरुवार की मध्य रात्रि में लगभग 1:00 बजे करीब अलीगढ़ जनपद के इगलास थाना क्षेत्र के मथुरा रोड मोनिया बम्बा के पास सचिन, विकास, मोहित, अंशुल, शशिकांत की स्विफ्ट कार को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमें तीन लोगों की विकास,सचिन, मोहित राज की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि शशिकांत और अंशुल गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिनका इलाज के लिए हायर सेंटर में किया जा रहा है हालत गंभीर बनी हुई है। वही स्थानीय थाना पुलिस को सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने मृतकों के शव को बाहर निकाल कर पहचान कर परिजनों को सूचना दी गई तथा घायलों को हायर सेंटर भिजवाया।

हादसे की सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है वहीं स्थानीय पुलिस ने तीनों शवों के पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के कराकर परिजनों को सौंप दिए वही जब कस्बा बिसौली में एक साथ तीन एंबुलेंस में तीन शव पहुंचे चीत्कार मच गया पूरे शहर में मातम पसर गया और हर आंख में आंसू देखे गए सारा दिन बाजार बंद रहा इसी दौरान हृदय विदारक घटना की जानक. ारी मिलने पर बदायूं भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, बदायूं सदर विधायक महेश चंद गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक भारती व भाजपा नगर अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता अपने अन्य कार्यकर्ताओं के साथ पीड़ित परिवारों से मिलकर दुख व्यक्त किया और हृदय विदारक घटना पर अत्यंत दुख जताया इसी दौरान नगर में एक साथ तीन आर्थियां उठी तो पूरे शहर की आंखें नम हो गई और अंतिम यात्रा में सर्व समाज के हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे ।

# सहसवान शहर में ई रिक्शे बने जी का जंजाल, लग रहा जाम

## एक तरफ त्यौहार की खरीदारी दूसरी तरफ गर्मी जाम की स्थिति से खरीदार परेशान


सहसवान बाजार विल्सन गंज


सहसवान बदायूं बस स्टैंड

**तबरेज आलम ,शाह टाइम्स**

**सहसवान।** ई-रिक्शों ने शहर की यातायात व्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित किया है। इससे व्यापारी और आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।


अवैध रूप से चल रहे ई रिक्शा,ई-रिक्शों ने शहर की यातायात व्यवस्था को चौपट कर रखा है। इससे शहर के व्यापारियों और आम जनता को खासी परेशानी हो रही है। वृद्ध व किशोर ई रिक्शों का संचालन कर रहे हैं। इससे कभी भी कोई हादसा हो सकता है। ई रिक्शों के कारण शहर में रोजाना जाम लग रहा है। शहर में ई-रिक्शों के अवैध संच. ालन से रोजाना जाम की स्थिति बनी रहती है। इसका मुख्य कारण इनका संचालन गलत तरीके से किया जाना है। शहर में काफी ई-रिक्शों का संच. ालन कम उम्र के बच्चे कर रहे हैं। इससे दुर्घटनाओं और जाम को बढ़ावा मिल रहा है।

काफी संख्या में ऐसे ई रिक्शे संच. ालित है, जिनका कहीं भी पंजीकरण नहीं है। शहर के अलावा आसपास गांव के ऐसे ग्रामीण भी शहर में आकर ई रिक्शों का संचालन कर रहे हैं, जिनको यातायात नियमों ककहरा मालूम नहीं है। शहर के मुख्य मार्गो में के अलावा गली मोहल्लो में ले जाकर ई रिक्शा चालक जाम लगाते हैं। इससे शहर के बाजारों में रोजाना जाम की स्थिति बनी रहती है। अब अकबराबाद से बदायूं बस स्टैंड, व बिसौली बस स्टैंड, से लेकर बाजार विल्सन गंज, पठान टोला, तक ई रिक्शों के कारण हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। जिसका खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ता है। शहर के लोग व व्यापारी कई बार यातायात पुलिस शहर में रूट प्लान तैयार करने की मांग कर चुके है, लेकिन आज तक समस्या का समाधान नहीं किया गया है।

# किशोर ने कमरे में फंदा लगाकर की आत्महत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** में होली मनाने घर आए 17 वर्षीय किशोर मोनू ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह जालंधर में अपने भाई और बहन के साथ मजदूरी कर रहा था,होली पर परिवार के साथ समय बिताने घर आए किशोर ने संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। परि. जनों ने बताया कि किशोर अपने बड़े भाई और बहन के साथ पंजाब के जालंधर में रहकर मेहनत-मजदूरी करता था। फिलहाल किशोर की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। घटना बदायूं के मुजरिया थाना क्षेत्र के गांव वितरोई की है। यहां मोनू 17 वर्ष पुत्र राजेंद्र प्रसाद अपने भाई सोनू और बहन खुशबू के साथ जालंधर में नौकरी करता था। वह होली मनाने के लिए गांव आया



था और कुछ दिनों के लिए घर पर रुका हुआ था। बुधवार शाम को मोनू ने घर के कमरे में फांसी लगा ली। पड़ोस में रहने वाला एक बच्चा जब मोबाइल चार्जर लेने आया तो उसने मोनू को लटका देखा। उसने यह बात अपनी मां को बताई, जिसके बाद परिवार को सूचना दी गई। बड़ा भाई सोनू और बहन खुशबू खबर मिलते ही पंजाब से घर पहुंचे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# रेस्टोरेंट में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, दो कर्मी झुलसे

**तबरेज आलम ,शाह टाइम्स**

**बदायूं।** इंदिरा चौक रोड स्थित शॉर्ट सर्किट रेस्टोरेंट में आग लग गई। फायर ब्रिगेड ने आग बुझा दी, लेकिन रेस्टोरेंट को लाखों का नुकसान हुआ।

सिविल लाइन कोतवाली के इंदिरा चौक रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास शॉर्ट सर्किट रेस्टोरेंट में आग लग गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक रेस्टोरेंट में लाखों रुपये का नुकसान हो चुका था।

वहीं, आग बुझाने के प्रयास में रेस्टोरेंट के दो कर्मचारी झुलस गए। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। आग लगने की



यह घटना बुधवार दोपहर करीब दो बजे की है। शहर के रहने वाले अभिज्ञ सिंह के इंदिरा चौक रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास बने रेस्टोरेंट में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विक. राल रूप ले लिया।

जिससे वहां काम कर रहे दो कर्मचारी नीलू 24 वर्ष पुत्र रामेश्वर, निवासी जगत गांव, और गोपेश्वर 22 वर्ष पुत्र अजय पाल, निवासी सरकी गांव झुलस गए। मौके पर मौजूद लोगों ने नीलू और गोपेश्वर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां दोनों का इलाज चल रहा है।

आग लगने की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड के कर्मियों ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक रेस्टोरेंट का काफी सामान जलकर राख हो चुका था। आग लगने से वहां अफरातफरी का माहौल बन गया, लेकिन गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। प्रारंभिक जांच में आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग लगने से कितने का नुकसान हुआ, इसका आकलन अभी नहीं हो सका है।

# अलविदा जुमा और ईद को लेकर हुई पीस कमेटी की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** ईद उल फितर का पर्व शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में इंस्पेक्टर विशाल प्रताप सिंह ने कहा कि सभी लोग प्रेम सौहार्द व एकता की मिसाल को कायम करते हुए मिलजुल कर ईद उल फितर का त्योहार मनाएं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर कुछ भी गलत टिप्पणी या मैसेज आते हैं तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। इंस्पेक्टर विशाल प्रताप सिंह ने सभी से ईद उल फितर शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष अबरार



अहमद, कारी इफ्तेखार अहमद अशरफी, हाफिज शरीफ रजा जामी, हाफिज अफलाक रजा उवैसी, हाफिज मजहर खान, मुस्तफा कमेटी के सदर इरशाद खान, लक्ष्मीपुर के ग्राम प्रधान शफी खान, सभासद शफीक अहमद, मौजमपुर से याकूब खां, मौलाना अहमद हुसैन, मो. अनस रजा, कौसर रब्बानी आदि मौजूद रहे।

# बसंत नगर गौटिया में प्रधान ने नहीं कराया विकास कार्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** 27 मार्च को भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) गुट के जिला अध्यक्ष सतीश साहू ने तहसील सदर विकासखंड जगत के ग्राम बसंत नगर में प्रधान द्वारा विकास कार्य ना कराए जाने को लेकर काफी नाराज है वही ग्राम मे सरकारी सुविधा से वंचित हैं जिसमें प्रधान मंत्री आवास योजना से मिलने वाले आवास शौचालय व नाली की कोई व्यवस्था नहीं है जिसमें खरंजा सिर्फ कागजो में बन चुका हैं।

लेकिन धरातल पर कोई काम नहीं हुआ हैं। जिसकी सही ढंग से जांच हो और विकास कार्य कराया जाए जिससे ग्राम का विकास हो सके। वही नगर अध्यक्ष शरीफ अब्बासी ने कहा विकास कार्य कराकर ग्राम को उन्नत कराया जाए तब कही किसान का हित हो पाएगा।



इस क्रम भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) परिवार में दो दर्जन से अधिक कार्यकर्ता शामिल हुए । जिसकी अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष सतीश साहू नें कहा की किसान गरीब का शोषण नहीं होने देंगे। भाकियू चढ़ूनी परिवार में शामिल होने बाले को मनोनयन पत्र देकर किया सम्मानित जिसमें भोले सिंह ,राकेश, धर्मपाल,पांन सिंह, बादाम सिंह, आशीष यादव,सहव सिंह,चरन सिंह,धीरेन्द्र आराम सिंह, गजेंद्र, वेदपाल सभी कार्यकर्ता चढ़ूंनी संगठन के प्रीत मेहनत लगन से कार्य करेंगे सदैव संविधान का पालन करेंगे सभी ने एक सुर में कहा। इस अवसर पर राशिद अब्बासी , जिला मीडिय प्रभारी बीयीशु दास, जलालउद्दिन, हरीश, नन्हें सिंह उदय सिंह, गिरिराज, वादशाह, रनवीर, राम औतार, अशोक,राजेश आदि लोग रहे मौजूद।

## बिसौली की नूर ए इलाही मस्जिद में कुरआन हुआ मुकम्मल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** नगर की नूर ए इलाही मस्जिद में रमजान की 25 वीं शब के मौके पर तरावीह में कुरआन मुकम्मल हु। इस मुबारक मौके पर मस्जिद में जश्न ए कुरआन का एहतमाम किया गया।

जिसमें हाफिज जैनुल आबदीन ने लगातार दूसरी साल कुरआन सुनाया। जलसे में नातो मनकवत पढ़ी गई। मदरसा फैजान रजा ए मुस्तफा के प्रिंसिपल मौलाना इफ्तेखार अहमद अशरफी ने कहा कि कुरान मजीद अल्लाह की भेजी ऐसी किताब है जो हाफिजों के सीने



में रोज ए कयामत तक महफूज रहेगी। हाफिज जैनुल आबदीन, मौलाना इफ्तेखार अहमद अशरफी, हाफिज शरीफ रजा जामी, मौलाना बिलाल रजा, हाफिज मजहर खान, हाफिज फुरकान रजा, हाफिज अहमद हसन, मौलाना तालिब रजा, सय्यद मुस्तफा अली, डा. अमीर उद्दीन, जावेद खान, सरफराज सलमानी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### 30 मार्च तक उचितदर विक्रेता के दुकान से नियमानुसार नि:शुल्क प्राप्त कर सकते हैं खाद्यान्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला पूर्ति अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत आच्छादित अन्त्योदयत था पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को माह फरवरी, 2025 के सापेक्ष आवटित खाद्यान्न के वितरण की अवधि को विस्तारित करते हुए नि:शुल्क खाद्यान्न वितरण की तिथि 30 मार्च 2025 तक विस्तारित की गयी है।

जिसके दृष्टिगत कार्डधारकों के राशनकार्डों एवं यूनिटों के सापेक्ष अनुमन्य खाद्यान्न का नि:शुल्क वितरण 30 मार्च 2025 तक ई-पॉस मशीन के माध्यम से आधार आधारित वितरण किया जायेगा। मोबाईल ओ०टी०पी० से वितरण की सुविधा 25 फरवरी 2025 के साथ-साथ 30 मार्च 2025 को भी उपलब्ध रहेगी तथा पोर्टेबिलिटी के माध्यम से वितरण की सुविधा दिनॉक 30 मार्च 2025 तक उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि जनपद के जिन पी०एच०एच० एवं अन्त्योदय कार्डधारकों द्वारा अभी तक माह मार्च, 2025 का खाद्यान्न प्राप्त नहीं किया गया है, उन्हें सूचित किया गया है कि वह 30 मार्च 2025 तक उचितदर विक्रेता के दुकान से नियमानुसार इस प्रक्रिया के अनुसार नि:शुल्क खाद्यान्न प्राप्त कर सकते है।

# परिषदीय विद्यालय में सात आठ की हिंदी की परीक्षा

**तबरेज आलम, शाह टाइम्स**

**बदायूं।** परिषदीय विद्यालयों में वार्षिक परीक्षा शांति से चल रही है। गुरुवार को 2,155 स्कूलों में कक्षा 3 से 5 तक कार्यानुभव और नैतिक शिक्षा की परीक्षा हो रही है, परिषदीय विद्यालयों में वार्षिक परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से जारी है। गुरुवार के लिए 2,155 स्कूलों में प्रथम पाली में कक्षा तीन से लेकर पांच तक का कार्यानुभव एवं नैतिक शिक्षा विषय की परीक्षा कराई जा रही है। कक्षा छह का विज्ञान विषय का पेपर एवं सात, आठ की हिंदी विषय की परीक्षा कराई जा रही है।

प्रथम पाली की परीक्षा में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा गठित सचल दल द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है। सचल दल के लिए अब तक सभी स्कूलों में परीक्षा परिषद की गाइड लाइन के अनुसार संपन्न होती मिली है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया शांतिपूर्ण ढंग से सभी स्कूलों में परीक्षा जारी है। कल परीक्षा संपन्न हो जाएगी।

## विज्ञापन के लिए संपर्क करें

कामिल खान ब्यूरो चीफ

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221

Email: mkkhan741@gmail-com

## गला दबाकर हत्या में दो परिवारों के भाइयों को उम्रकैद, जुर्माना

**तबरेज आलम ,शाह टाइम्स**

**बदायूं।** जिला सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार ने 12 साल पुराने गला दबाकर हत्या के मामले में चार आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

जिला सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार ने 12 साल पुराने गला दबाकर हत्या करने के मामले में ने दो परिवारों के भाइयों सहित चार आरोपियों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही प्रत्येक दोषी पर 10-10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। जिला शासकी अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह राठौर के अनुसार सलेमपुर गांव थाना अला. पुर के नत्थूलाल ने अलापुर थाने में 28 दिसंबर 2013 को तहरीर दी कि उसकी गांव के ही तुलाराम, नन्हे पुत्रगण राजाराम, बुधपाल, गोपाल पुत्रगण प्रकाश से जमीन की रंजिश व मुकदमेबाजी चल रही है। 26 दिसंबर के दिन सुबह के समय वादी के पिता बादूराम खेत पर बने ट्यूबवेल पर गए थे। वहां पहले से ही योजना बना कर बैठे तुलाराम, नन्हे, बुधपाल, व गोपाल ने उनकी ट्यूबवेल की कोठरी में गला दबाकर हत्या कर दी। वादी का बेटा जब चाय देने गया तो इन सभी को ट्यूबवेल की कोठरी से निकलता देखा। तब पुलिस ने केस पंजीकृत कर विवेचना शुरू कर सभी साक्ष्यों को संकलन करके आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया।

जहां तब से मामला न्यायालय में विचाराधीन था। जिला सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन कर तथा दलीलों को सुनने के बाद तुलाराम, नन्हे, बुधपाल व गोपाल को उम्रकैद की सजा सुनाई। इसके साथ ही जुर्माना अदा करने का आदेश दिया।

# किसान की बाइक चोरी, तीन पर मुकदमा

**तबरेज आलम ,शाह टाइम्स**

**बदायूं ।** कोतवाली क्षेत्र के बेहटा गुंसाई गांव में तीन चोरों ने नलकूप के पास खड़ी एक बाइक चुरा ली। पीड़ित प्रेमपाल ने पुलिस को तहरीर दी और आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव बेहटा गुंसाई के जंगल से तीन चोर नलकूप के पास खड़ी एक बाइक को चुराकर ले गए। पीड़ित ने तीन लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। बिसौली कोतवाली क्षेत्र के गांव भानपुर निवासी प्रेमपाल पुत्र शिशुपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह बेहटा गुंसाई के पास खेती काम करते है। 24 जनवरी की सुबह वह आशाकली के नलकूप से अपनी बाइक खड़ी कर दी।

जिसे चोर चुरा ले गए। जानकारी करने पर पता चला कि गांव बेहटा गुंसाई निवासी आबिद, सीता उर्फ छोटा एवं भूरा उनकी बाइक चुराकर ले गये। कोतवाल आरएस पुंडीर ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच करने में जुट गई है।

# चोट पहुंचाने के आरोपी को तीन साल की कैद, जुर्माना

**तबरेज आलम ,शाह टाइम्स**

**बदायूं।** अपर सत्र न्यायाधीश सुयश श्रीवास्तव ने 13 साल पुराने मामले में रफत अली को दोषी करार देते हुए तीन साल की सजा सुनाई।

मामला 10 दिसंबर 2013 का है, अपर सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या प्रथम सुयश श्रीवस्तव ने चोट पहुंचाने के 13 साल पुराने मामले में आरोपी को दोषी करार देते हुए तीन साल की सजा सुनाई। इसके साथ ही दोषी को पांच हजार का अर्थदंड भी दोषी पर लगाया। एडीजीसी संजीव गुप्ता के अनुसार नई सराय सदर कोतवाली क्षेत्र निवासी अकील ने 10 दिसंबर 2013 को थाने रिपोर्ट दर्ज कराई। बताया, उसका भतीजा जशीम उर्फ चीना दोपहर के समय घर पर आ रहा था, तभी नई सराय गेट पर अंदर घुसते ही ताल गांव थाना मूसाझाग निवासी बाबा उर्फ रफत अली पुत्र धातु अली मिला और भतीजे से अपने दो हजार रुपए उधार के मांगने लगा। जिस पर भतीजे ने कहा अभी नहीं है कल दे दूंगा। इसी बात पर उसने चाकू निकाल कर भतीजे के पेट में मार दिया। जिससे उसको चोट आई। तब पुलिस ने केस पंजीकृत कर विवेचना शुरू कर सभी साक्ष्यों को संकलन करके आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया।

# नौकरी लगवाने के नाम पर तीन लाख रुपये ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिलहरी।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के मेडिकल कलेज में संविदा पर स्टाफ स्टाफ नर्स पद पर नौकरी करने वाली महिला नीतू पटेल पत्नी अवधेश ग्राम परसीया थाना रोना पर जिला आजमगढ़ हाल निवासी मेडिकल कॉलेज के बगल में इस्तखार के मकान में किराए पर रहकर नर्सिंग स्टाफ के पद पर संविदा पर नौकरी कर रही है थाने पर दी तहरीर में संविदा कर्मी ने अवगत कराया है कि बसीम मोबाइल शॉप थाना उझयानी ने ईएसआई हॉस्पिटल रुद्रपुर नौकरी लगवाने के नाम पर तीन लाख रुपए तय किए थे ।

महिला ने बताया है कि जिसमें पन्द्रह हजार रूपये नकद दिए नगद दिए दो लाख पच्चासी हजार उसके खाते में ट्रांसफर किए है एक महीना के अंतर्गत नौकरी दिलवाने का वादा किया था लेकिन उक्त ठग टाल मटोल करने लगा है और छः माह वीत गये उन्होंने बताया कि जब उससे रूपये वापस करने को कहा तो फोन पर अभद्र व्यवहार करने लगा महिला ने थाने पर शिकायत देते हुए ठग केखिलाफ कानूनी इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई है जांच की जा रही है जांच के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएग।

## हाईवे पर रोडवेज बस ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत

**तबरेज आलम ,शाह टाइम्स**

**बदायूं।** में बरेली-मथुरा हाइवे पर तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक सवार को टक्कर मारी और करीब 50 मीटर तक घसीट लिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।जिले के बिनावर थाना क्षेत्र के बरेली-मथुरा हाइवे स्थित नरखेड़ मोड़ के पास तेज रफ्तार अनु. बंधित रोडवेज बस ने बाइक सवार अज्ञात व्यक्ति को टक्कर मार दी। इतना ही नहीं, हादसे के बाद रोडवेज बस चालक बाइक सवार को करीब 50 मीटर तक घसीटते हुए ले गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची बिनावर थाना पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में भेजकर बाइक सवार की शिनाख्त का प्रयास शुरू कर दिया है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# भारत माता की जय का अर्थ भारत में रहने वाली जनता की जय: धर्मपाल

- **प्रदर्शनी के अंतिम दिन व्यापारियों और उद्यमियों को किया गया सम्मानित**
- **कार्यक्रमों में आमजन ने योजनाओं का उठाया लाभ: जिलाधिकारी**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जीआईसी ऑडिटोरियम में जनपद के स्तर पर तीन दिवसीय मेले/प्रदर्शनी के तीसरे व अंतिम दिन जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार के कुशल निर्देशन में आज व्यापारी उद्योग से सम्बंधित थीम पर आधारित कार्यक्रमों का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए पशुधन मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 25 मार्च से 27 मार्च 2025 तक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह बहुत गर्व की बात है कि कानपुर व आगरा के बाद बरेली का उद्योगों में तीसरे स्थान है। पशुधन मंत्री ने सूचना विभाग द्वारा केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों को प्रदर्शित करते हुए लगायी गयी प्रदर्शनी की प्रशंसा की, और जल बचाओ का संदेश देते हुए लोगों से जल बचाने की अपील की। पशुधन मंत्री ने कहा कि बेहतर सुरक्षा, बेहतर स्वास्थ्य, बेहतर शिक्षा, अविरल नदियां, साफ गांव-शहर इन्हीं बात पर सरकार का फोकस है यह राजनीति का स्वर्ण युग है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री कर्मयोगी और मुख्यमंत्री जन्म योगी हैं।

पशुधन मंत्री ने कहा कि प्रदेश में ऐसे अपराधी थे, जिनके केस जज सुनने से मना कर देते थे, वकील मना कर देते थे, पुलिस डरती थी और आज अपराधी धूल में मिलाये जा रहे हैं। पहले गाय कसाई को देखकर कांपती थी आज कसाई गाय को देखकर कांपता है। उन्होंने कहा कि जीडीपी बढ़ाने के लिए सुरक्षा, सड़क, विद्युत की आवश्यकता है और हम इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। बरेली में इंडस्ट्रियां लग रही हैं इस क्रम में डेयरी इंडस्ट्री, एथनाल मिल, डालमिया का चीनी मिल यहां स्थापित हुआ है, यह बहुत अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में अब 16 एयरपोर्ट हैं, रेलवे, रोडवेज व एक्सप्रेस वे बन रहे हैं, जिनसे उद्योगों को अवसर मिल रहे हैं। गांव में 18.5 घण्टे, तहसील में 22.5 घण्टे व जनपद में 24 घण्टे बिजली आती है।

इस अवसर पर पशुधन मंत्री व जिलाधिकारी के कर कमलों से जनपद बरेली में सर्वाधिक जीएसटी देने वाली फर्म मै. वृन्दावन वेबरेज प्रा.लि. के दीपक भूटानी, मै. लक्ष्मी एग्रो इंडिया प्रा.लि. के अरुण गुप्ता एवं मै. कोरल मोटर्स प्रा.लि. के अजय अग्रवाल को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। उद्योग जगत की जानी पहचानी हस्तियों का भी सम्मान किया। यहां जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, अनिल कुमार, जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश, एसपी सिटी सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# प्रदेश सरकार के आठ साल पूरे होने पर कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** उत्तर प्रदेश सरकार के आठ साल पूरे होने पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

शहरों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के सभी निवासियों को सरकारी योजनाओं के विषय में सम्पूर्ण जानकारी मिल सके, इसके लिये प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम में भाजपाईयों ने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश एक बीमार राज्य था और अब भाजपा सरकार में विकसित राज्य बन गया है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव अब बेरोजगार हो गए हैं, और 2027 के चुनाव में समाजवादी पार्टी सिर्फ 27 सीटों पर ही सिमट जाएगी।

यहां तहसील परिसर में सेवा सुरक्षा एवं सुशासन उत्तर प्रदेश सरकार की उपलब्धियों के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में चौधरी देवेन्द्र सिंह ने उत्तर प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि अब प्रदेश में खुशहाली का वातावरण है। प्रदेश सरकार महिला सशक्तिकरण के प्रति काफी गंभीर है। उन्होंने कहा कि लोगों तक सरकारी योजनाओं तक पहुँचाया जाये ताकि पात्रों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके। कार्यक्रम में जिला प्रभारी



देवेंद्र सिंह, विधान परिषद सदस्य कुंवर महाराज सिंह, एमएलसी बहोरन लाल मौर्य, पूर्व जिला अध्यक्ष राज. कुमार, शर्मा, एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव, सीओ अरुण कुमार, ब्लॉक प्रमुख अमरिंदर सिंह गोल्डी, नगर पालिका अध्यक्ष रश्मि जायसवाल, नगर अध्यक्ष सुनील रस्तोगी, चौधरी आराम सिंह, अजय जायसवाल बॉबी, राहुल गुप्ता, नईम अहमद, दिनकर गुप्ता, लाल सिंह एडवोकेट, दीपचंद पांडे, दिनेश सूर्य, सतीश राठौर आदि मुख्य रूप से शामिल रहे। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख अमरिंदर सिंह गोल्डी का विशेष सहयोग रहा।

# ट्रेनी आईपीएस ने की ईद व नवरात्र को लेकर धर्मगुरु व इमामों के साथ मीटिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** गुरुवार को थाना परिसर में अलविदा ईद व नवरात्र को लेकर पीस कमेटी मीटिंग आयोजित की गई।

ट्रेनी आईपीएस मेविश टॉक की अध्यक्षता में हुई बैठक में धर्मगुरु, मस्जिदों के इमाम व गणमान्य लोग शामिल हुए।



ट्रेनी आईपीएस मविश टॉक ने लोगों से कहा कि आपस में मिलजुल. कर त्योहार मनाएं। उन्होंने पूर्व से चली आ रही परंपराओं का पालन करने की अपील की साथ ही नई परंपराएं न डालने का आग्रह किया। यदि किसी तरह का कोई बाद विवाद या आपस में मनमुटाव हो तो तत्काल पुलिस को सूचना दें, ताकि समय रहते उसका समाधान किया जा सके। थाना प्रभारी प्रदीप चतुर्वेदी ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या पर तुरंत पुलिस को सूचित करें

मीटिंग में एसएसआई विश्वदेव सिंह के अलावा सभी मस्जिदों के इमाम, धर्मगुरु, एडवोकेट इमरान अंसारी, शरीफ अजहरी, सरदार अंसारी, मयंक गंगवार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# केंद्र पर नहीं पहुंचती आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिका, नहीं बंट रहा पोषाहार

- **ग्राम प्रधान सहित ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर की कार्रवाई की मांग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** ब्लॉक दामखोदा की ग्राम पंचायत बालपुर में पिछले कई माह से पोषाहार का समुचित वितरण नहीं हो रहा है। ग्राम प्रधान मुन्नी देवी सहित अन्य ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से शिकायत कर आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिका पर कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत के अनुसार ग्राम पंचायत बालपुर में आंगनबाड़ी केंद्र प्राथमिक विद्यालय में संचालित होता है, जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकत्री कविता व एक सहायिका की तैनाती है। ग्राम प्रधान व ग्रामीणों का आरोप है कि केंद्र पर कभी भी आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिका नहीं आती हैं, न ही कभी समय से पोषाहार का वितरण करती हैं। पोषाहार का वितरण करने कभी कभार दो-चार महीने में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पति जगमोहन आते हैं, जो पास के ही एक स्कूल में अध्यापक हैं। आरोप है कि आंगनवाड़ी कार्यकत्री के पति शाम के चार बजे के बाद आते हैं, और अपने मिलने वाले खास लोगों को पोषाहार का वितरण कर चले जाते हैं। गांव की कोई भी गर्भवती महिला आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को जानती तक नहीं है, न ही उन्हें सरकार से आने वाला समुचित पोषाहार मिल पा रहा है। यहां तक कि आंगनबाड़ी से आने वाला पोषाहार एक चहेते समूह द्वारा उठाया जाता है जो मिल बांटकर गायब कर दिया जाता है। जब कोई ग्रामीण पोषाहार की जानकारी आंगनबाड़ी के पति से मांगता है, तब आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पति जगमो. हन उसे धमकाते हैं तथा झूठे केस में फंसाने की धमकी देते हैं। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से शिकायत कर केंद्र पर नियमित आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिका को भेजने की मांग की है, ताकि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ ग्रामीणों व गर्भवती महिलाओं को मिल सके। मुख्यमंत्री से शिकायत करने वालों में ग्राम प्रधान मुन्नी देवी, भानु प्रताप, कविता, विकास, आकाश, सोनम, जावित्री देवी, मंजू देवी, महिपाल, अमन यादव, वीरेंद्र यादव, रामबाबू यादव, राजपाल यादव, जगदीश यादव, रशीद अहमद, अरुण यादव, पोशकी लाल आदि शामिल हैं।

## एक नजर

### दिन दहाड़े दबंगों ने पिस्टल तान युवक से नकदी और चेन छीनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** दबंगों ने एक युवक को रास्ते में घेरकर उसके सीने पर पिस्टल तानकर उससे 50 हजार रुपए की नगदी और उसके भाई के गले से सोने की चेन छीन ली, बाद में वह उसे कार में खींचकर ले जाने लगे, शोर शराबा सुनकर आस पड़ोस के लोग आए तो दबंग उसे जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना की तहरीर युवक की ओर से थाना नवाबगंज में दी गयी है।

जानकारी के मुताबिक थाना नवाबगंज क्षेत्र के फरीदापुर गांगा उर्फ नवादा गांव के रंजीत सिंह गुरुवार को अपने भाई अजीत सिंह के साथ बरेली से वापस घर लौट रहे थे। उनका आरोप है कि सुबह करीब 10-11 बजे कस्बे के पटेल चौक के पास पहुंचने पर हाफिजगंज गांव के एक दबंग ने अपने छह साथियों के साथ उन्हें और उनके भाई को रास्ते में घेर लिया। उसने उनके ऊपर पिस्टल तान उनकी जेब में रखे 50 हजार रुपए और उनके भाई के गले में पहनी सोने की चेन छीन ली। बाद में दबंगों ने उन्हें अपनी कार में खींचकर ले जाने का प्रयास किया। चीख पुकार की आवाज सुनकर आसपास के लोग आए तो वह उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना की तहरीर रंजीत सिंह की ओर से थाना नवाबगंज में दी गयी है।

### स्मार्ट सिटी के अर्बन हार्ट टेंडर में झोल...

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** स्मार्ट सिटी कंपनी की ओर से करीब 174 करोड़ की लगात से बनवाए गए अर्बन हाट के टेंडर में एक बार फिर खेल नजर आ रहा हैं। सूत्रों की मानें तो हर्बन हार्ट में तीन फर्मों ने टेंडर भरे थे। जिसमें दो फर्म टेक्निकल बिड में योग्य साबित नहीं हो पाई उसके बावजूद अधिकारियों के मनमाने रवैया के चलते मानक पर खरी न उतरने वाली फर्म को टेंडर देने की बात सामने आई है।

सूत्रों की मानें तो अधिकारी अपनी कमीशनखोरी के चलते ऐसी फर्म को टेंडर दे रहे हैं जो आयोग हैं। हालांकि टेंडर प्रक्रिया वित्तीय बिड के जरिए खोली जा रही हैं। जबकि अर्बन हार्ट को चलाने के लिए फर्म का अनुभव होना आवश्यक है। जिसमें 2 साल के रख रखाव के साथ मॉल या कमर्शियल स्पेस का होना अनिवार्य है। हालांकि एक फर्म ने होटल चलाने का अनुभव दिखाया है। वहीं दूसरी फर्म को इसमें अनुभव ही नहीं हैं। उसके बाद भी मानक पूरे न होने पर भी टेक्निकल बिड देकर चेहती फर्म को अंदरखाने से पास करने की कोशिश की जा रही है। जिससे कमीशन खोरी के चलते आयोग्य फर्म को टेंडर दिए जाने की तैयारी की जा रही है। हालांकि इस मामले में महापौर उमेश गौतम से टेंडर में धांधली को लेकर शिकायत भी की गई। जिसको लेकर उन्होंने संबंध में अधिकारियों को पत्र भी लिखा था। उसके बाद भी अधिकारी अपनी मनमानी चलाकर मानक पर खरी न उतरने वाली फर्म को टेंडर देने की तैयारी में लगे हैं।

### आउटसोर्सिंग कर्मचारी पचास और तनख्वाह अस्सी को दी जा रही: राहुल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** क्षेत्र में लगातार हो रहे घोटाले से अवगत कराने के लिए मंडल अपर आयुक्त को शिव तांडव सनातन कल्याण संस्थान के राष्ट्रीय संस्थापक राहुल त्रिवेदी ने ज्ञापन दिया है, जिसमें बताया कि वह ककराला नगर पालि. का की काफी समय से शिकायत कर रहे हैं जिसकी जांच भी चल रही है। 15 वें वित्त से टेंडर लगे थे जिसमें जबरदस्त भ्रष्टाचार एवं मानक के अनुरूप कार्य नहीं हो रहे सप्लाई के और आउटसोर्सिंग 50 कर्मचारी काम कर रहे हैं परंतु तनख्वाह 80 लोगों की निकली जा रही है। अधिशासी अधिकारी एवं अध्यक्ष की मिलीभगत से 15वें वित्त एवं राज्य वित्त के टेंडर लगा दिए हैं जिनकी अंतिम तिथि 18 मार्च थी, परंतु अब 25 मार्च लगा दी है। उन्होंने बताया कि सारे शख्स उनके पास मौजूद है जबकि आरोपी सरकारी पैसे का दुरुपयोग कर रहे हैं ज्ञापन देते हुए मांग की है कि उसकी सुरक्षा की जाए क्योंकि उसने महाकुंभ पर टिपणी करने वालों के विरुद्ध भी कार्यवाही की है आरोपी लगातार जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं। एवं उक्त मामले की जांच कर आरोपियों के टेंडर निरस्त किए जाएं।

### पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ की कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** पीड़िता ने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। थाना फतेहगंज पूर्वी के नई बस्ती निवासी गुड्डी गिरी पत्नी उमेश गिरी ने एसएसपी को दिये शिकायती पत्र में बताया कि कुछ समय पहले पुत्रवधू के साथ अभद्रता एवं लूटपाट करने का केस न्यायालय में चल रहा है। जिससे रंजिश रखते हुए 22 मार्च 2025 की रात तहेरे देवर नेत्रपाल के पुत्र अजय गिरी व



दीपक गिरी गंदी गंदी गालियां देते हुए हाथ में लाठी डंडे व नाजायज असलाह लेकर दरवाजा तोड़कर अंदर घुस गए व मारपीट करने लगे अंदर बैठी प्रार्थनी की पुत्री से भी अभद्रता की गई। शोर सुनकर आस पड़ोस के लोग एकत्रित हो गए तब 112 पर कॉल कर पुलिस को बुलाया गया। आरोप है कि पुलिस ने थाने लेजाकर छोड़ दिया। आरोपी सरेआम ललकार रहे थे कि तेरा पति कहां है 2 महीने के अंदर अंदर उसकी लाश गिरा देंगे। पीड़िता ने बताया कि आरोपी हेकड़ एवं बदमाश किस्म के व्यक्ति हैं। एसएसपी को दिये शिकायती पत्र में आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# रामलीला मैदान में नुमाइस लगाने को लेकर फिर शुरू हुआ विवाद

- **नई परंपरा डालने का लगाया आरोप, आला अफसरों से की शिकायत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** कुछ लोगों के द्वारा प्राचीन रामलीला मैदान में नुमाइस लगाने की तैयारी शुरू कर दी हैं।जिसे नई परम्परा बताकर हिन्दू समाज के लोगों ने जिलाधिकारी उपजिलाधिकारी व एसएसपी को पत्र लिखकर नुमाइश रुकवाने की गुहार लगाई है।

कस्बे के संजीव रस्तोगी,गौरव सिंह, राजीव सिंह, दिनेश, के.पी. शर्मा, विनोद शर्मा हरी ओम,वीरू रस्तोगी आदि ने उच्चा अधिकारियों को लिखित शिकायत कर वताया है कि कि विगत कुछ वर्षों से शीशगढ़ के श्रीराम लीला मैदान में हिन्दू समाज के लोग हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में श्री बाला जी दरवार का आयोजन करते आ रहे हैं।जो कि इस वर्ष 15अप्रैल दिन मंगलवार को लगना सुनिश्चित हुआ है। श्री बाला जी दरबार में दूर दराज से भारी संख्या में लोगों का आना होता है।और आयोजन भी भव्य होता है।उक्त धार्मिक कार्यक्रम की तैयारियां एक माह पूर्व से होने लगती हैं।जिसमें रामलीला मेला ग्राउंड की साफ सफाई,गड्ढे भरना व अन्य कार्य किए जाते हैं।लेकिन इस वार कुछ लोग रामलीला मैदान में नई परम्परा डालते हुए उसमें नुमाइस लगवाने की तैयारी कर रहे हैं।जिससे हिन्दू समाज में वेहद रोष हैं।इन्ही लोगों के द्वारा पूर्व में भी दो,तीन वार नुमाइस लगाने की कोशिश की थी।शिकायत पर अधिकारियों नुमाइस लगने से रुकबा दी थी।

## आत्मदाह करने वाला आरोपी तमंचे के साथ गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** थाना सिरौली में वायरल हुई वीडियो में तमंचे के साथ पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की पकड़ में आया आरोपी थाना सिरौली के ग्राम व्यौधन खुर्द निवासी संदीप सागर पुत्र सुखलाल को गिरफ्तार कर लिया। वायरल हुई वीडियो में आरोपी अपने मकान की छत पर अवैध तमंचा लिये खड़ा है जो स्वंय को गोली मारकर आत्महत्या करने का प्रयास कर रहा है। इस सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने संदीप सागर के हाथ में तमंचा देखा आरोपी तमंचे से स्वंय को गोली मारकर आत्महत्या करने का प्रयास कर रहा था। पुलिस टीम ने रेस्क्यू टीम बनाकर मकान के पिछले रास्ते से छत पर पहुंचकर सूझबूझ दिखाते हुये संदीप सागर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से 315 बोर का अवैध तमंचा भी बरामद हुआ।



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** नवाबगंज के तहसील सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने सैंथल नगर पंचायत के इण्डियन आईटीआई के छात्रों को प्रदेश सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए टेबलेट वित. रित किए।

सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने प्रदेश सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए टेबलेट आईटीआई के छात्रों अमरजीत, हरेंद्र कुमार, कलीम. उद्दीन, मो० फरीद, नितिन कुमार, राजपाल, विजय कश्यप, प्रदीप कुमार, रवि और शादाव को टेबलेट वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस बीच उन्होंने गेहूं क्रय केंद्र, फॉर्मर आईडी और वन विभाग द्वारा लगाए गए स्टालों पर जाकर उनके विभागों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी लेते हुए किसानों से इनका लाभ उठाए जाने की अपील की। इस अवसर पर एसडीएम अजय कुमार उपाध्याय, सीओ हर्ष मोदी, तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार अरविन्द कुमार शर्मा, आईटीआई के चेयरमैन आमिर जैदी, क्षेत्रीय विपरण अधिकारी अरविन्द कुमार राठी, वन कर्मी अकबर अली आदि मौजूद रहे।

# कैंसर से तो जीत गई पर पति की बेवफाई नहीं हुई बर्दाश्त

- **महिला ने फंदे से लटककर दे दी जान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** बरेली जिले के थाना प्रेमनगर क्षेत्र के बानखाना में शबाना नाम की एक महिला ने पति और ससुराल वालों की प्रताड़ना से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार को उसका शव कमरे में फंदे से लटका हुआ मिला। पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है, जिसमें शबाना ने अपने पति की बेवफाई और ससुराल वालों के



उत्पीड़न को अपनी मौत का कारण बताया है।

मिली जानकारी के मुताबिक शबाना लंबे समय से अपने पति की प्रताड़ना का शिकार थी। बताया जाता है कि वह कैंसर से पीड़ित थी और इलाज के बाद काफी हद तक स्वस्थ हो गई थी। हालांकि, करीब दो महीने पहले उसके पति ने दूसरी शादी कर ली, जिसके बाद सौतन के घर में आने से शबाना के प्रति उसका व्यवहार पूरी तरह बदल गया। सुसाइड नोट में शबाना ने पति और ससुराल वालों पर मानसिक और भावनात्मक रूप से परेशान करने का आरोप लगाया है। शबाना के मायके वालों ने इस घटना के बाद थाना प्रेमनगर में पति और ससुराल वालों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में सुसाइड नोट के आधार पर पति और ससुराल वालों से पूछताछ की जा रही है।

# आठ साल बे मिसाल, विधायक ने सरकार की उपलब्धियां गिनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** योगी सरकार के 8 साल पूरे होने पर गुरुवार को विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश विकास की राह पर चल रहा है।

अखबार नवीसो को सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए विधायक ने कहा कि पहले प्रदेश को दंगा प्रदेश और वन माफिया के नाम से जाना जाता था, लेकिन जब से योगी आदित्यनाथ की सरकार आई है तब से हर वर्ग के विकास के लिए योजनाएं चलाई जा रही हैं। घर घर शौचालय बनाने, गरीब के लिए 53 लाख आवास उपलब्ध कराए गए हैं।

प्रदेश को माफियाओं से मुक्त कराया गया है, माफिया या तो जेल में हैं या फिर ऊपर चला गया है। उन्होंने सड़कों के जाल पर कहा कि प्रदेश में सर्वाधिक एक्सप्रेस वे बनाए जा रहे हैं। बेरोजगार युवाओं के लिए बिना ब्याज और बिना गारंटी के ऋण की योजना चलाई जा रही है।

विधायक ने राम मंदिर के निर्माण के बाद बड़े पैमाने पर कुम्भ के आयोजन को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जमकर प्रशंसा की। कहा कि इस आयोजन की विदेशों ने भी तारीफ की है। उन्होंने किसानों के लिए सम्मान निधि, विना दलालों के धान और गेहूं खरीद, क्षेत्र में वने अटल आवासीय विद्यालय में गरीब परिवार के बच्चों की शिक्षा के लिए सरकार के प्रयासों की सराहना की।

विधायक ने कहा सरकार ने हर वर्ग के लिए कोई न कोई योजना चलाकर उसे लाभान्वित करने का काम किया है। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर ए के गंगवार, भदपुरा ब्लॉक प्रमुख प्रति. निधि रवि शंकर गंगवार, नगर पालि. का अध्यक्ष प्रतिनिधि नीरेंद्र सिंह राठौर, गन्ना समिति के अध्यक्ष निर्भय गंगवार, मनोज दिवाकर के साथ ही सभी मंडल अध्यक्ष भी मौजूद रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत रेतवाड़ा विकासखण्ड बहेड़ी ( बरेली )

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रेतवाड़ा विकासखण्ड बहेड़ी (बरेली) वित्तीय वर्ष 2024-25 में मनरेगा योजना की धनराशि से ग्राम पंचायत में सीसी रोड निर्माण कार्य कराये जाने के लिए सामग्री क्रय हेतु सीमेंट, बजरफुट, ईंट की रोड़ी, बजरी, बारीक रेता, प्रथम श्रेणी की ईंट, मिट्टी, पन्नी, बोर्ड आदि के लिए सीलबन्द निविदाएं टेंडर प्रकाशन की तिथि से दिनांक-01.04.2025 को समय 4:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक-02.04.2025 को समय दोपहर 2:00 बजे ग्राम पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में खोली जाएंगी। निविदा से संबंधित सभी शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय पर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती हैं। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 01. | तेजपाल के घर से शिवम के घर तक सीसी रोड निर्माण | 3,99,516.49 |
| 02. | नत्थू लाल के घर से मनोज कुमार के घर तक सीसी रोड निर्माण | 3,95,103.00 |

**अब्दुल हनीफ** (प्रधान) **बृजेश कुमार गौतम** (सचिव)

## कार्यालय ग्राम पंचायत उतरसिया समुखिया विकासखण्ड बहेड़ी ( बरेली )

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत उतरसिया समुखिया विकासखण्ड बहेड़ी (बरेली) वित्तीय वर्ष 2024-25 में मनरेगा योजना की धनराशि से ग्राम पंचायत में खड़न्जा निर्माण कार्य कराये जाने के लिए सामग्री क्रय हेतु प्रथम श्रेणी की ईंट, मिट्टी, बोर्ड आदि के लिए सीलबन्द निविदाएं टेंडर प्रकाशन की तिथि से दिनांक-01.04.2025 को समय 4:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक-02.04. 2025 को समय दोपहर 2:00 बजे ग्राम पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में खोली जाएंगी। निविदा से संबंधित सभी शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय पर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती हैं। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 01. | कशरिया माईनर से गुरनाम के खेत तक खड़न्जा निर्माण | 3,90,038.00 |
| 02. | भोला के घर से महानन्द के घर तक खड़न्जा निर्माण | 3,90,373.00 |

**सर्वजीत कौर** (प्रधान) **विमलेश कुमार पाठक** (सचिव)


# लापता किसान का जंगल में पेड़ से लटका मिला शव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** हाफिजगंज थाना क्षेत्र में एक किसान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक एक दिन पहले घर से लापता हुआ था, अब गुरुवार को उसका शव जंगल में पेड़ से लटकता मिला। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। पूरा मामला हाफिजगंज के गांव बीजामऊ का है, जहां 40 वर्षीय किसान संजीव कुमार एक दिन पहले घर से गायब हो गए थे। दे रात तक नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। गुरुवार सुबह जंगल में जामुन के पेड़ से लटका शव मिला। गमछे के सहारे संजीव ने फांसी लगाई थी। जानकारी मिलने के बाद स्थानीय पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। मृतक संजीव की पत्नी सुमन ने बताया कि अक्सर शांत रहा करते थे। बीते कुछ दिनों से अवसाद में भी थे। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। संजीव के दो लड़के हैं। जिसमें बड़ा लड़का संचित 10 साल और छोटा लड़का ऋषि 8 साल का है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत करीमगंज विकासखण्ड बहेड़ी ( बरेली )

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत करीमगंज विकासखण्ड बहेड़ी (बरेली) वित्तीय वर्ष 2024-25 में मनरेगा योजना की धनराशि से ग्राम पंचायत में खड़न्जा निर्माण कार्य कराये जाने के लिए सामग्री क्रय हेतु प्रथम श्रेणी की ईंट, मिट्टी, पन्नी, बोर्ड आदि के लिए सीलबन्द निविदाएं टेंडर प्रकाशन की तिथि से दिनांक-01.04.2025 को समय 4:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक-02.04. 2025 को समय दोपहर 2:00 बजे ग्राम पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में खोली जाएंगी। निविदा से संबंधित सभी शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय पर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती हैं। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 01. | परमजीत के मोड़ से बाबा सिंह के खेत तक खड़न्जा निर्माण | 3,96,589.00 |

**नाजरा** (प्रधान) **सुमित कुमार सिंह** (सचिव)

## सम्बन्ध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र मोहमद आरिफ व मोहम्मद अख्तर को गलत चाल चलन व अभद्र व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति व अपने परिवार से बेदखल कर सम्बन्ध बिच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के कृत्यों, लेनदेन व मुकदमेबाजी आदि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मैं और मेरे परिवार के अन्य सदस्य उपरोक्त के किसी कृत्य के लिए किसी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होंगे।

**अब्दुल कय्यूम पुत्र मोहमद नूर निवासी मोहल्ला शेखूपुर इस्लामनगर थाना व तहसील बहेड़ी, जिला बरेली।**

## सूचना

स्कूल अभिलेखों में मेरी पुत्री का नाम आमना नूरी (Amna Noori) व मेरा नाम मोहम्मद जफर (Mohammad Zafar) गलत दर्ज हो गया है। जबकि उसका सही नाम आमिना नूरी (Amina Noori) व मेरा नाम मो. जफर (Mohd Zafar) है, और जन्म तिथि 09.03. 2015 है, और कक्षा 4 की छात्रा है।

**मो. जफर पुत्र अब्दुल मुस्तफा निवासी-मोहल्ला शेरगर, कस्बा व तहसील बहेड़ी, बरेली**

**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**
**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )**
**मो0-9456212547 8077380691**
**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# राज्यमंत्री दिनेश खटीक ने की एएस इण्टर कॉलेज को 15 लाख देने की घोषणा

■ प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम आयोजित
■ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए राज्यमंत्री दिनेश खटीक





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** प्रदेश की भाजपा सरकार के आठ साल पूरा होने के उपलक्ष्य में नगर के एएस इंटर कॉलेज में विशाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए जलशक्ति राज्यमंत्री दिनेश खटीक ने सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कॉलेज को अपनी निधि से 15 लाख रुपए देने की घोषणा की। स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांध दिया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि दिनेश खटीक व अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से मां शारदा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करने के साथ हुई। छात्राओं ने अतिथियों के स्वागत में सुंदर प्रस्तुति दी। कॉलेज प्रबंध समिति अध्यक्ष एवं चेयरमैन नगर पालिका अखिल कौशिक, प्रधानाचार्य मेघराज सिंह, प्रभारी एसडीएम मवाना रणविजय सिंह, ईओ नगर पालिका राजीव जैन, बीडीओ मवाना अमरीश कुमार आदि ने राज्यमंत्री को बुके भेंटकर सम्मानित किया। छात्र-छात्राओं ने रंगारंग व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभार्थियों को राज्यमंत्री दिनेश खटीक ने पाली निवासी सीमा को तीन लाख, दयालपुर निवासी संजय कुमार को हजार का चेक सौंपा। राज्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि बीते 8 सालों ने भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने का काम किया है। गन्ना भुगतान समय पर कराने के साथ पौने दो लाख से अधिक परिवार को मेरठ जनपद में स्वच्छ रसोई ईंधन मिला। गंगा एक्सप्रेस वे और औद्योगिक गलियारे से व्यापार के नए आयाम और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिल रहा है। नई कक्षाओं के निर्माण के लिए राज्यमंत्री ने कॉलेज को अपनी निधि से 15 लाख रुपए देने की घोशणा की।

कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख हस्तिनापुर नितिन पोसवाल, ब्लॉक प्रमुख पति मवाना योगेश प्रधान, क्षेत्रीय संयोजक भाजपा अजित चौधरी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के बाद राज्यमंत्री ने अन्य अतिथियों के साथ बेरियों वाले श्मशान घाट के जीर्णोद्धार का शिलान्यास किया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेत्री सुधा चौहान, मधुर कौशिक, चेयरमैन फलावदा अशोक सैनी, सांसद प्रतिनिधि युगांश राणा, समीर चौहान, राजेंद्र चौहान आदि मौजूद रहे। संचालन सौरभ शर्मा ने किया।

## ऋषभ क्रिकेट एकेडमी व जीटीबी ने जीते मैच



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरुतेग बहादुर क्रिकेट एकेडमी में चल रही त्रिकोणीय क्रिकेट प्रतियोगिता में बृहस्पतिवार को दो मैच खेले गए। इसमें जीटीबी व ऋषभ क्रिकेट एकेडमी ने मैच जीते। पहले मैच में आईटीआई ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरी जीटीबी की टीम ने 25 ओवर में 10 विकेट खोकर 220 रन बनाए। इसमें अजहर ने 45, रिहान ने 40, दक्ष ने 40 और कार्तिक ने 35 रन की पारी खेली। वहीं आईटीआई की टीम 24 ओवर में 205 रन पर ऑल आउट हो गई। दूसरे मैच में ऋषभ क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 145 रन बनाए। इसमें तनजीद ने 40, सुभान ने 39 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी में अरशान, दिशांत व देवांश ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जीटीबी की टीम 18.5 ओवर में 125 रन पर ऑल आउट हो गई। ऋषभ क्रिकेट एकेडमी ने 20 रन से जीत प्राप्त की। आयोजन सचिव अतहर अली ने बताया कि आज शुक्रवार को तीन लीग मैच खेले जाएंगे।

## जीटीबी के प्रधानाचार्य ने वार्षिक परिणाम में अच्छे अंक लाने वाले छात्रों को दिए प्रमाण पत्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** वेस्ट एंड रोड स्थित गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में कक्षा एक से 7 तक के विद्यार्थियों के वार्षिक परिणामों की घोषणा की गई। जिसके अंतर्गत बच्चों की मेहनत और समर्पण का परिणाम दिखाई दिया। विभिन्न कक्षाओं में प्रथम आने वाले छात्र, छात्राओं की सूची जारी जिसमें कक्षा 1 का छात्र उमे एवं ऐमन, कक्षा 2 के मिर्जा, राफिया, कक्षा 3 के केशव, अमरीन कौर कक्षा 4 के मनन, जैनब, कक्षा 5 के प्रखर, शौर्य, कक्षा 6 के गर्व और हर्ष, कक्षा 7 के क्यारा एवं निकुंज ने अपनी सफलता का झंडा लहरा कर स्कूल का नाम रोशन किया। कॉर्डिनेटर प्रभा राव एवं समस्त शिक्षकगण का विशेष योगदान रहा। प्रधानाचार्य डॉ. कर्मेंद्र सिंह ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना तथा उन्हे अनुशासन में रहते हुए और उत्तम प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया, उन्होंने कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र वितरित किए।

## लोकप्रिया हॉस्पिटल की किठौर में रोजा इफ्तार पार्टी आयोजित

■ दोनों समुदाय के लोगों ने लजीज व्यंजनों का जमकर उठाया लुत्फ





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** कस्बा किठौर मेरठ-गढ़ मार्ग स्थित लोक. प्रिया हॉस्पिटल के सौजन्य से बृहस्पतिवार को रोजेदारों के लिए इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। सुभारती ट्रस्ट के मालिक डॉक्टर अतुल कृष्ण, लोकप्रिया हॉस्पिटल के प्रबंधक डॉक्टर रोहित, लोकप्रिया हॉस्पिटल के संचालक दिनेश प्रधान ने रमजान के इस पाक महीने में सभी रोजेदार भाइयों को रमजान की बधाई देते हुए कहा कि रमजान एक पाक महीना है और मान्यता है इस महीने की जाने वाली हर दुआ कुबूल होती है। बताया कि उनके अस्पताल की ओर से हर वर्ष रोजेदारों के लिए इफ्तार पार्टी का आयोजन किया जाएगा। कहा कि इस क्षेत्र की खूबी रही है कि हिन्दू-मुस्लिम एक साथ हर पर्व त्योहार को आपसी सद्भाव के साथ मिलकर मनाते हैं। वहीं कपिल अहलावत ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से आपसी सद्भाव और भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। इफ्तार पार्टी में दोनों समुदाय के लोगों ने लजीज व्यंजनों का जमकर लुत्फ उठाया। मौके पर नगर पंचायत किठौर चेयरमैन सलमान मुनकाद, नगर पंचायत शाहजहांपुर चेयरमैन वसिउर्रहमान, सभासद, इमरान मुनवा, सभासद जावेद जुबैर, सभासद आबिद दूल्हाघर, सभासद कासिम आफताब, रहमत ग्रुप के डायरेक्टर डॉक्टर आदिल, डॉक्टर हयात खान, डॉक्टर दिलशाद अहमद, महबूब खान, जावेद खान, समीर खान आदि सम्मानित लोग मौजूद थे।

## कोर्ट के आदेश पर सात महीने बाद ग्राम प्रधान, पूर्व प्रधान व दो महिला सहित 15 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर (मुरादनगर) निवासी नईमा उर्फ रानी पत्नी सलमान ने पुलिस को बताया कि सात महीने पूर्व गांव के ही युवक की बारात जाने की तैयारी हो रही थी उसी समय घुढ़चढ़ी के दौरान उसकी भतीजी सादिया गांव में स्थित परचून की दुकान से सामान खरीदने गई थी। इसी दौरान गांव निवासी भाजपा नेता पूर्व प्रधान अश्वत्थामा पुत्र धारा, संजीत सीकू, ने सदिया का हाथ पकड़ कर खींचते हुए उसे जबरदस्ती नाचने के लिए दबाव बनाने लगे। सादिया द्वारा विरोध करने पर उसके साथ अश्लील हरकतें कर दुर्व्यवहार किया, बड़ी मुश्किल से आरोपियों से वह अपना हाथ छुड़ाकर मौके से भाग कर अपनी जान बचाई लेकिन आरोपियों ने सदिया का पीछा करते हुए नईमा घर में जबरदस्ती घुसकर ग्राम प्रधान विवेक पुत्र महावीर, सहित सहित बसंत, अनिल, शुभम, उज्जवल, हरिराम, मोन्टी, अनिल, कमलेश, अनुराधा, मानसी, मयंक, गौरव आदि 7-8 अज्ञात लोगों ने नईमा, सादिया, व सादिक, साहिल के साथ तमंचों की बट वं लाठी डंडों से मारपीट कर पहने हुए कपड़े फाड़ दिए और पीड़िता के मकान पर जमकर ईट पथराव किया और पूर्व प्रधान अश्वत्थामा ने जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर कर दिया। इस दौरान पीड़िता बाल-बाल बच गई। मारपीट के दौरान नईमा, सादिया सहित देवर सादिकव भतीजा साहिल गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना को लेकर गांव में सांप्रदायिक तनाव फैल गया था करीब एक महीने तक गांव में पुलिस फोर्स तैनात रहा था। घटना के संबंध में पीड़िता नईमा ने 19 जुलाई 24 को थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की गुहार लगाई थी और कई बार थाने के चक्कर काटती रही लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया था। दुखी होकर पीड़िता ने एसएसपी और कोर्ट की शरण लेकर दो महिला व ग्राम प्रधान सहित 15 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। इस संबंध में महलका चौकी इंचार्ज एसआई धर्मेंद्र सिंह का कहना है कि इस मुकदमे की विवेचना की जांच चल रही है साक्ष्य व सबूत मिलने पर सभी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## मेरठ पब्लिक स्कूल पल्लवपुरम में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एमपीएस की पल्लवपुरम शाखा में विद्यालय में दाखिला लेने वाले सभी नए विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसका मुख्य उद्देश्य अभिभावकों व विद्यार्थियों को विद्यालय के अध्यापकों व विद्यालय की शैक्षिक व परीक्षा नीतियों से परिचित कराना था। सभी अभिभावकों व विद्यार्थियों का तिलक लगा कर विद्यालय में स्वागत किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या मुक्ति मिनोचा द्वारा दीप प्रज्जवलित करके किया गया। उन्होंने अभिभावकों को संबोधित करते हुए बेनेसे शिक्षा प्रणाली एवं डिजिटलाइजेशन के विषय में जानकारी देते हुए उसके महत्व को साझा किया। सर्वप्रथम अभिभावकों के समक्ष छात्र के विद्यालय में प्रवेश से लेकर अंतिम दिवस तक की गतिविधियों को एक वीडियो के माध्यम से दर्शाया गया। साथ ही विद्यालय की ऑनलाइन एप के बारे प्रेजेंटेशन के माध्यम से समझाया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या मुक्ति मिनोचा द्वारा सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया गया।

## उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने प्रतिस्पर्धी ब्याज दरें की पेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक वित्तीय समावेशन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत बनाने की दिशा में लगातार प्रयास कर रहा है। अपने इस प्रयास के तहत यह माइक्रोफाइनेंस क्षेत्र में सबसे प्रतिस्पर्धी ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध करा रहा है। बैंक ने अपने ग्राहकों को कम ब्याज दरों का लाभ देने के लिए सक्रिय रूप से कदम उठाए हैं। इसके लिए बैंक ने अपनी ब्याज दरों में रणनीतिक रूप से कमी की है, ताकि भारत के पिछड़े समुदाय आर्थिक रूप से मजबूत बन सकें। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक का लक्ष्य ही की ग्राहकों को और भी अधिक जिम्मेदारी से कर्ज उपलब्ध कराया जा सके, साथ ही यह भी सुनिश्चित हो कि ग्राहक गलत तरीके के कर्ज के जाल में न फंसे।

## बजाज आलियांज ने अंडर इंश्योरेंस सर्वे 2025' का व्यापक अध्ययन किया जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ ।** भारत की अग्रणी निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने नीलसन आईक्यू के सहयोग से आयोजित 'अंडर इंश्योरेंस सर्वे 2025' नाम से एक व्यापक अध्ययन जारी किया है। बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ तरुण चुघ ने बताया कि सर्वेक्षण में मेट्रो, टियर 1 और टियर 2 शहरों के 2,000 व्यक्तियों को शामिल किया गया। सर्वे के अनुसार 81 प्रतिशत भारतीय अपनी जीवन बीमा आवश्यकताओं को कम कर के आंकते हैं जबकि एक जरूरी नियम यह है कि जीवन बीमा अपनी वार्षिक आय का कम से कम 10 गुना होना चाहिए।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने दिखाई पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** दुनिया जब 'विश्व वन दिवस' और 'विश्व जल दिवस' मना रही है, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। यह वैश्विक टोयोटा एनवायमेंटल चैलेंज (पर्यावरण चुनौती) 2050 (टीईसी 2050) को मूर्त रूप देती है। इसमें शून्य पर्यावरणीय प्रभाव से आगे बढ़ना और शुद्ध सकारात्मक प्रभाव प्राप्त करना, जैसी छह दूरदर्शी चुनौतियां शामिल हैं। इनमें पानी के उपयोग को न्यूनतम और इष्टतम करना तथा प्रकृति के साथ सद्भाव में भविष्य के समाज की स्थापना भी की जानी है। अपने विचार साझा करते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट और डायरेक्टर (विनिर्माण) बी पद्मनाभ ने कहा कि हमारे लिए, निरंतरता हमारे व्यवसाय के हर पहलू में गहराई से समाहित है।

## जनसंघर्ष समिति ने इंस्पेक्टर मवाना को बुके भेंट कर किया सम्मानित



■ समिति पदाधिकारियों ने इंस्पेक्टर विशाल श्रीवास्तव की कार्यप्रणाली को सराहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** नगर की जनसंघर्ष समिति ने इंस्पेक्टर मवाना विशाल श्रीवास्तव को बुके भेंटकर सम्मानित किया। समिति पदाधिकारियों ने उनकी कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान में मवाना पुलिस ने क्षेत्र को अपराध और अपराधियों से मुक्त कर दिया है। समिति पदाधिकारी गुरूवार को थाना मवाना पहुंचे और इंस्पेक्टर विशाल श्रीवास्तव से मुलाकात की। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि जब से इंस्पेक्टर विशाल श्रीवास्तव ने मवाना का चार्ज लिया है, तब से नगर व क्षेत्र में सभी धर्म के लोगों के बीच सौहार्द बना हुआ है। साथ ही अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगा है। समिति ने इंस्पेक्टर को बुके भेंटकर सम्मानित किया और इंस्पेक्टर मवाना ने भी सभी का आभार प्रकट किया।

## प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर समारोह आयोजित

### भाजपा जिलाध्यक्ष शिवकुमार राणा और पूर्व विधायक ठाकुर संगीत सोम ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दौराला।** ब्लॉक में बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश सरकार सेवा सुरक्षा और सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में एक समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष शिवकुमार राणा और विशिष्ट अतिथि पूर्व भाजपा विधायक ठाकुर संगीत सोम रहे। इस मौके पर पूर्व भाजपा विधायक ठाकुर संगीत सोम ने प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जनहित में सेवा भाव लघु उद्योग आदि की जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा बहू बेटियों एवं महिलाओं के लिए अनेक सरकारी योजनाएं चलाई जा रही है। उन्होंने सलावा में खेल यूनिवर्सिटी के बारे में कहा कि प्रदेश एवं केंद्र सरकार ने खेल यूनिवर्सिटी बनाने के साथ-साथ खुद योगी आदित्यनाथ उसमें निर्माण कार्यों की खुद समीक्षा कर रहे हैं। किसानों को फ्री सिंचाई करने के लिए नलकूप एवं निशुल्क बिजली देने का वादा पूरा किया है साथ ही किसानों को प्रधानमंत्री द्वारा 2000 की किस्त भी किसानों को समय पर मिल रही है। योगी आदित्यनाथ की सरकार में गुंडागर्दी दहशत गर्दी पूरी तरह खत्म हो चुकी है जिसके चलते प्रदेश ही नहीं देश की बेटियां भी सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि सरकार ने सनातन धर्म को जगाने का जो काम किया है वह अन्य किसी सरकार के बस की बात नहीं थी देशवासियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं नरेंद्र मोदी ने सनातन का महत्व समझा दिया है। इसके प्रति हिंदू एकजुट होकर सनातन धर्म का प्रचार प्रसार करने के साथ-साथ एकजुट हो गया है। उन्होंने राम मंदिर निर्माण का भी जिक्र किया कहा कि योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ में 65 करोड़ श्रद्धालुओं व संतों ने स्नान किया। 2025 का महाकुंभ ऐतिहासिक रहा। कहा कि महिलाएं भारी तादाद में रोजगार से जुड़ी हैं इसलिए यह योगी आदित्यनाथ देश में ही नहीं विश्व में नंबर एक की पहचान बना चुके हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष शिवकुमार राणा ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश में 80 मेडिकल कॉलेज का निर्माण हुआ है। हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज एवं विश्वविद्यालय की स्थापना का सपना भी जल्द पूरा होने वाला है। कहा कि आयुष्मान योजना से गरीब को समय पर उपचार मिल रहा है। इलाज के अभाव में अब किसी देशवासी की मृत्यु नहीं होती है कहा कि बहने उद्योगों से जुड़ गई है इस मौके पर दौराला बीडीओ ने बताया कि एनआरएलएम में 835 ग्रुप है, रिपोर्टिंग फंड 292, सीआईएफ 612, सीसीएल 335, इसमें 1124 को वृद्धा पेंशन 2817 को विधवा पेंशन 437 लोगों को दिव्यांग पेंशन, मुख्यमंत्री योजना का लाभ 114 लोगों को मिल रहा है। इसके अलावा दौराला ब्लॉक से शम्मो पत्नी इकबाल, बेगम पत्नी पप्पू, समीम खातून पत्नी भूरा निवासी महल को आवास की चाबियां के साथ-साथ सर्टिफिकेट सौंपे गए। इसके अलावा मुख्यमंत्री योजना से सीमा पत्नी वीर सिंह निवासी महल को आवास की चाबी सौंपी गई, जबकि श्रम विभाग से रेनू को श्रम विभाग से 25 000 रुपए का चेक सोपा गया। इस मौके पर मौजूद रहे एसडीएम सरधना महेश दीक्षित, दौराला ब्लॉक प्रमुख शर्मिष्ठा भंडारी, दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला, लेखाकार शुशील कुमार, भूमि विकास बैंक चेयरमैन हरेंद्र चौधरी, बीडीओ दौराला ब्रह्मपाल सिंह, बीडीओ सरधना विजय कुमार सक्सेना, जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश पाल, अनिल फौजी, मोंटी प्रधान अटेरना, ललित प्रधान बडकली, संजीव राणा, एडीओ पंचायत रामेश्वर दयाल, विजय बालियान, राहुल सहारण, अरविंद कुमार, गरिमा सिंह, कविता बालियान, शशि कौशिक, मोनिका आदि मौजूद रहे।

## सीवीपीएस इंटीग्रेटेड स्टार कोर्स के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम व सम्मान समारोह आयोजित

### सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र अभिनव को प्रबंध समिति ने दिया 51 हजार का चेक




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कैंट स्थित सिटी वोकेशनल पब्लिक स्कूल के इंटीग्रेटेड स्टार कोर्स के प्रगति बैच के विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों के लिए विशेष ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें इंटीग्रेटेड स्टार कोर्स के फाउंडर एवं सीईओ आर्यन अग्रवाल ने विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास और उनकी सफलता में अभिभावकों की भूमिका पर चर्चा करते हुए गत दो वर्षों की शानदार सफलता के बारे में बताया साथ ही 'नेशनल साइंस ओलंपियाड- 2024' में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

इंटीग्रेटेड स्टार कोर्स के प्रगति बैच से अभिनव अग्रवाल ने नेशनल साइंस ओलंपियाड में 'इंटरनेशनल रैंक-26' प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इसके साथ ही नींव बैच से विंशी सिंह ने विद्यालय स्तर पर प्रथम रैंक, दिशा बैच से देव यादव ने प्रथम रैंक, चिराग त्यागी ने द्वितीय रैंक एवं अंशुमन ने तृतीय रैंक हासिल कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र अभिनव अग्रवाल को विद्यालय प्रबंध समिति की ओर से 51,000 का चेक, बुके और ट्रॉफी स्कूल डायरेक्टर डॉ. हिमानी अग्रवाल द्वारा प्रदान की गई। प्रधानाचार्य एन.पी. सिंह, इंटीग्रेटेड स्टार कोर्स के फाउंडर एवं सीईओ आर्यन अग्रवाल एवं सीनियर कोऑर्डिनेटर मीनू कपूर उपस्थित रहीं।

# उ.प्र. सरकार की राज्य महिला आयोग की सदस्य से की चौकी इंचार्ज की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/ रामपुर।** ढकिया चौकी क्षेत्र के ग्राम परौता निवासिनी अनीता पत्नी रामेश्वर ने शिकायती पत्र देकर चौकी प्रभारी मनोज चौधरी पर आरोप लगाया है। गुरुवार को सरकार के 8 वर्ष की उपलब्धि कार्यक्रम के दौरान खण्ड विकास कार्यालय आयोजित हुए कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार की राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी से ढकिया चोकी क्षेत्र के गांव परोता की रहने वाली अनीता ने ढकिया चौकी इंचार्ज मनोज चौधरी पर आरोप लगाते हुए शिकायत की। अनीता ने पत्र में कहा है कि चौकी इंचार्ज ने हमारी निजी दुकान पर उनके पड़ोसी बब्लू सिंह व राज कपूर पुत्र गण गुलजारी सिंह से कब्जा करवा



दिया है। आरोप है कि चौकी इंचार्ज ने महिला के साथ फोटो खींच कर अभद्र भाषा का भी इस्तेमाल किया है। जब इसका विरोध किया गया तो महिला के पति रामेश्वर तथा अनीता को झूठे मुकदमों में फंसाकर जेल भेजने की चेतावनी दी है। इस मामले की शिकायत सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी से की गई लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हो सका है। जब पीड़िता अनीता ने उत्तर प्रदेश सरकार की राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी को एक शिकायती पत्र दिया तब उन्होंने मामले पर संज्ञान लिया और बयान देते हुए कहा कि मामले की जांच कराकर जल्द ही निस्तारण कराया जायेगा। जबकि अनीता का कहना है कि हमारी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। हमारी कोई भी मदद नहीं कर रहा है हम किसके पास जायें। शायद मदद की उम्मीद में पति पत्नी मदद की गुहार लगाते फिर रहे हैं शायद किसी से उनकी मदद हो जाये। जबकि चौकी इंचार्ज मनोज चौधरी का कहना है कि ऐसा कोई मामला नहीं आया है इस तरीके से तो काई भी किसी के ऊपर आरोप लगा सकता है और आरोपी बना सकता है मेरा कोई इस मामले से लेना देना नहीं है।

# विकास प्रदर्शनी में पहुंची मुख्य अतिथि ने सरकार के 8 साल के विकास कार्यों का किया गुणगान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहाबाद/रामपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के सकुशल 8 साल पूरे होने पर शाहबाद मे विकास खण्ड कार्यालय में विकास प्रदर्शनी का आयोजन किया गया । मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई राज्य महिला आयोग की सदस्य ने सरकार के विकास कार्यों का किया गुणगान। गुरुवार को खंड विकास कार्यालय शाहाबाद में उत्तर प्रदेश भारत का ग्रोथ इंजन कार्यक्रम के तहत विकास कार्य प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूरे होने पर भारत का ग्रोथ इंजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुनीता सैनी, सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग लखनऊ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने सरकार के 8 वर्ष पूरे होने पर महिला सशक्तीकरण योजना के बारे में विस्तार से बताया।सुनीता सैनी ने अपने संबोधन में महिला सशक्तीकरण के महत्व पर जोर दिया और कहा कि सरकार ने महिलाओं के उत्थान के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की भूमिका के बारे में भी बताया, जो महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और उनके सशक्तीकरण के लिए काम करता है।सुनीता सैनी ने



अपने संबोधन में यह भी कहा कि सरकार ने महिलाओं के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं, जैसे कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि योजना, और महिला सशक्तीकरण योजना आदि। इन योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, और आर्थिक सशक्तीकरण प्रदान करना है।उन्होंने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए काम करता है और महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करता है। आयोग महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों की रोकथाम के लिए भी काम करता है। इस आयोजन में कई अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार साझा किए और महिला सशक्तीकरण के महत्व पर जोर दिया। खंड विकास अधिकारी शाहाबाद प्रमोद सिंह, ब्लॉक प्रमुख मुन्नी देवी, पूर्व विधायक काशीराम दिवाकर, भाजपा नेता सुरेश बाबू गुप्ता, नगर मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह,रेनू श्री वास्तव, आदि मौजूद रहे।

## भारतीय किसान संघ की माँग पर गन्ना किसानों मिला पैसा: वीरेश शर्मा





वीरेश शर्मा जिलाध्यक्ष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शुक्रवार को भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष वीरेश शर्मा के पास राणा शुगर मिल करीमगंज शाहबाद के कर्मचारी ने फोन से अवगत कराया कि आपके द्वारा कल एक पत्र जिला गन्ना अधिकारी शैलेश कुमार मौर्य जी को दिया गया था। उसमे आपकी माँग थी गन्ना किसानो का बकाया पैसा दिया जाए। शुक्रवार उसी कड़ी मे मिल के द्वारा गन्ना किसानो के खाते मे 3 करोड़ 3 लाख 87 हजार 888 रुपए भेज दिये गए हैं स जिसपर जिला अध्यक्ष ने कहा किसानो के बाकी पैसे बहुत जल्द उनके बैंक खाते मे भेजे जाए हमारी 29 मार्च की जो तयारी थी उसको कुछ समय के लिए स्थगित करते हैं स यदि मिल के द्वारा जल्द से जल्द किसानो का बाकी पैसा नही दिया गया तो हमारे द्वारा योजना बनाकर प्रदर्शन किया जायेगा। जिसकी सभी जिम्मेदारी मिल की होगी।

# नौनिहालों की शिक्षा में विद्यालय प्रबंध समिति की महत्वपूर्ण भूमिका: बीईओ

**( इकरार हुसैन )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** क्षेत्र के स्कूलों की विद्यालय की विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, प्रधानाध्यापक व सदस्य सचिव का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में खण्ड शिक्षा अधिकारी, मिलक अशोक कुमार ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में गठित विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों की सक्रियता से ही विकास खण्ड मिलक के विद्यालयों में शैक्षिक एवं भौतिक स्तर में आशातीत परिवर्तन हुआ है।

शत प्रतिशत नामांकन में समिति के सदस्यों का सहयोग सराहनीय है। समिति के सदस्यों की बैठक में चर्चा परिचर्चा से विद्यालय के



भौतिक वातावरण में काफी सुधार हुआ है। सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान करते हुए मास्टर ट्रेनर्स सत्यपाल सिंह होमेन्द्र देव,प्रभाकर गौतम सुमित कुमार ने विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों को उनके कर्तव्यों एवं दायित्वों पर विस्तार से बताया, सामुदायिक एवं अभिभावकों की सहभागिता, पाजिटिव पैरेंटिग तथा समग्र शिक्षा द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों में उनकी भूमिका आदि विषय पर विस्तार पूर्वक समझाया। इसके साथ सभी विद्यालयों के प्रधान इंचार्ज व अध्यक्ष, उपाध्यक्ष से उनके विचार साझा किये। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों के गठन व हर माह होने वाली बैठक के बिन्दुओं बारे में जानकारी दी गयी। छडडै नवोदय , निपुण में सफल विद्यालयों को खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण में केजीवीबी के अध्यापक, वार्डन व विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष उपाध्यक्ष भी मौजूद रहे। इस दौरान जाकिर रजा, संजीव गुप्ता, सत्यदेव गंगवार, अंकुर शुक्ला, महेंद्र कुमार, विमल कुमार, तरुण पांडेय, रोहित सक्सेना, सत्यपाल सिंह, विजय शर्मा, प्रीतिं, तनुजा, पारुल आदि मौजूद रहे।

## प्रेमी ने युवती का रिश्ता तोड़ने के लिए मंगेतर को धमकाया

**प्यार में दीवाने युवक को पुलिस ने लिया हिरासत में**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** चौकी क्षेत्र के गांव निवासी युवती की शादी तय हो गई लेकिन उसका प्रेमी मंगेतर को फोन पर लगातार धमका रहा है जिसको लेकर युवती के परिजनों ने मामले की शिकायत पुलिस चौकी में की है। शिकायत पर पुलिसकर्मी प्रेमी के घर पहुंचे सूचना पाकर प्रेमी नजदीक के तालाब में जाकर कूद गया।

पुलिसकर्मियों ने तालाब में घुसकर पकड़ लिया और चौकी ले आए। नगर के एक मोहल्ले का युवक पड़ोसी गांव की युवती से प्यार करता है इसी दौरान मामले की भनक मिलने पर युवती के परिजनों ने उसका रिश्ता एक गांव में तय कर दिया और 31 मार्च को युवती की शादी तय हो गई। युवती की शादी की भनक लगते ही प्रेमी भड़क उठा और उसने युवती के मंगेतर को फोन करके शादी न करने की धमकी दी जिससे युक्ति के परिजन काफी परेशान हो गए और उन्होंने गुरुवार को इस मामले की शिकायत पुलिस चौकी में की शिकायत पर पुलिस कर्मी प्रेमी के घर पहुंच गए। इसी दौरान प्रेमी को पुलिस कर्मियों के पहुंचने की जानकारी मिल गई उसने तालाब में छलांग लगा दी लेकिन तालाब में पानी कम था। पुलिस कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से उसे बाहर निकाल और पुलिस चौकी ले आए अभी इस मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है दोनों पक्षों में समझौते के लिए वार्ता चल रही है।

# मदरसा शिक्षा परिषद का सदस्य बनने पर विधायक शफीक अंसारी दी बधाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** गुरुवार अपना दल एस केम्प कार्यालय पर लोगो द्वारा मुबारिक देने वालो की भीड़ उमड़ पड़ी विधायक शफीक अहमद अंसारी को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मदरसा शिक्षा परिषद का सदस्य बनाये जाने के उपलक्ष्य में बधाई देने वालो का ताँता लगा रहा। प्रधानों का एक दल विधायक से मिला और विधायक जी को फूल मालाये व शॉल उड़ाकर मुबारकबाद दी। विधायक ने कहा यह सब आप लोगो का प्रेम है। आप लोगो ने ही मुझे विधायक बनाकर विधानसभा भेजा और आज मुझे मदरसा शिक्षा परिषद का सदस्य बनाया गया यह आप लोगों की और जनता की देन हैं और में वादा करता हूँ की अपनी विधानसभा में हर गाँव तक विकास



का काम कर ही दम लूंगा। स्वागत करने वालो में. पंकज सैनी विधायक प्रतिनिधि, दीपक नागर विधायक सलहाकार, मंडल अध्यक्ष पवन कुमार, रोहिताश चौहान, महेन्द्र मौर्य, प्रधान चंचल दिवाकर, प्रधान सतीश कुमार, डॉ प्रेमपाल, राजेंद्र कुमार, लक्ष्मी कांत सैनी, प्रमोद कुमार, अरुण मौर्य, जोगिंदर सिंह, राजेंद्र सिंह, महेंद्र मौर्य, संजीव कुमार, प्रबंधक राजेश शर्मा, शब्बीर प्रधान आरिफ प्रधान , इदरीस पठान कार्यलय प्रभारी आदि मौजूद रहे।

## बेनामें के दौरान 70 वर्षीय वृद्ध की मौत बेरंग लोटे क्रेता व परिजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** गुरुवार को ढकिया चौकी क्षेत्र के गांव खंदेली के रहने वाले 70 वर्षीय बादाम सिंह को उसके परिजन जमीन विक्रय करने के लिए उपनिबंधन कार्यालय शाहबाद लेकर आए थे। बैनामे से संबंधित सारी कार्यवाही टाइपिंग, ऑनलाइन ,फोटो अंगूठे, समस्त करवाई पूरी हो चुकी थी। इस दौरान विक्रेता 70 वर्षीय बादाम सिंह की मौत हो गई। बादाम सिंह ने अपनी जमीन जो कि उसके ही गांव की खंदेली में स्थित है, को खंदेली के रहने वाले सोमपाल को बेची थी बताया जा रहा है कि इस दौरान मृतक बादाम सिंह का बेटा और पुत्रवधू व पत्नी उसके साथ में थे लेकिन मृतक बादाम सिंह की हालत बहुत ज्यादा खराब थी। बादाम सिंह की मौत के बाद परिजन व क्रेता आनन फानन मृतक बादाम सिंह को तहसील से गांव खंदेली को रवाना हो गए।

## आकर्षण फाउंडेशन की इफ्तार पार्टी मे शामिल हुए सभी धर्म के लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** गुरूवार को आकर्षण फाउंडेशन की तरफ से नगर में रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। जिसमें अधिकारियों से लेकर सर्व धर्म समाज के लोग शामिल हुए।

आकर्षण फाउंडेशन के अध्यक्ष सिराज खान के नेतृत्व में नगर स्थित निरीक्षण भवन में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें हमारा पैगाम भाईचारे की थीम पर कार्यक्रम किया गया। इफ्तार पार्टी में आपसी भाईचारे का संदेश देते हुए विभिन्न समुदायों के लोगों ने शिर. कत की। फाउंडेशन के अध्यक्ष सिराज खान ने कहा कि यह इफ्तार पार्टी गंगा जमुना तहजीब का हिस्सा है। विगत कई वर्षों से फाउंडेशन की ओर से इफ्तार पार्टी का आयोजन किया जा रहा है।

इसके माध्यम से लोग एक साथ बैठते है। मौजूदा समय में लोगों के अंदर सामाजिक दूरी बढ़ रही है।



ऐसे में त्योहार हमें जोड़ने का काम करते हैं। अलग-अलग धर्म और जाति के लोग एक साथ बैठकर कर रोजा खोलते हैं और एक दूसरे की संस्कृति और रिवाजों को समझने का अवसर प्रदान होता है। इसलिए रोज इफ्तार हो या अन्य धर्म के पर्व इसकी सामाजिक महत्वता बेहद अहम है।

वहीं कार्यक्रम में सामाजिक एवं धार्मिक समरसता की मिसाल देखने को मिली। इस अवसर पर फरहत मियॉ, कौशल सक्सेना, महिपाल सिंह यादव, महेंद्रपाल सिंह यदुवंशी, इकरार हुसैन, महेश तिवारी, डा. चंद्र प्रकाश शर्मा, विकास शुक्ला, सुरेंद्र शर्मा, राम प्रकाश सेठ, शाकिर कुरैशी, वेद पाल सिंह, साबिर रजा, प्रखर वशिष्ट, एडवोकेट कैलाश सक्सेना, पंडित शिवशरण शर्मा, बृजुद्दीन अंसारी, दिनेश सिंह, डॉ विक्रम डालमिया, डॉ. वासित अली, टेक चंद गंगवार, नाजिम वारसी, गंगा शंकर पांडेय, शानू खान, साकिब, प्रतीक तिवारी, शावेज मलिक, एमडी कादरी, फरहद मिया, ब्लॉक प्रमुख अर्चना गंगवार, रजनीश पटेल, नरेंद्र आदि प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर ब्लॉक प्रमुख ने दी जानकारी

**( इकरार हुसैन )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** आज ब्लॉक मिलक में सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर सुशासन ही सेवा सुरक्षा की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख अर्चना गंगवार की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ गन्ना समिति के अध्यक्ष रजनीश पटेल ने किया ब्लॉक प्रमुख अर्चना गंगवार ने संबोधन में कहा कि सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर सरकारी योजनाओं बारीकी से जानकारी दी और मोदी योगी सरकार ने युवाओं और महिलाओं के लिए कार्य किया है। 8 सालों से किए गए कार्यों की जनता ने



सराहाना की। किए गए उन्होंने कहा कि पहले बेटियां सुरक्षित नहीं थी लेकिन अब उनकी सुरक्षा की गारंटी है उत्तर प्रदेश नई शक्ति के रूप में उभरा है और उत्तर प्रदेश विकास का एक नया उदाहरण बनकर आया है और खण्ड विकास अधिकारी धीरेंद्र सिंह चौहान ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में ग्राम प्रधान तथा क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं जनता को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी और पात्र लाभार्थी को योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है आदि जानकारी दी। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख अर्चना गंगवार, गन्ना समिति के अध्यक्ष रजनीश पटेल, मंडल अध्यक्ष रवि गंगवार, नगर अध्यक्ष ममता अत्री, ए.डी.ओ. जगरूप सिंह,राजेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# प्रदेश सरकार के 8 साल पूरे होने पर दी योजनाओं की जानकारी

**( मो.आसिफ अली )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगर/रामपुर।** विकासखंड सैदनगर के सभागार में उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सेवा सुरक्षा एवं सुशासन के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि घनश्याम सिंह लोधी पूर्वी सांसद रामपुर कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा पिछले 8 वर्षों में उत्तर प्रदेश सरकार के उपलब्धियां पर प्रकाश डाला गया। वे प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख मोहित सैनी, मंडल अध्यक्ष सुखदेव सिंह चीमा, ओमप्रकाश सैनी , वीरपाल सिंह, मंडल अध्यक्ष राजपाल सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ओमवीर सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ लाभार्थियों को मुख्य अतिथि



द्वारा चाबी का वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में खण्ड विकास अधिकारी पीयूष वर्मा द्वारा उपस्थित अतिथियों में जनता का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में ऑडियो एडीओ पंचायत जबर सिंह वीडियो आईएसबी रविंद्र सिंह आवास लिपिक मोहम्मद नोमान, लेखाकार दिनेश कुमार, ओमकार शरन, धर्मेंद्र सिंह, अनुज शर्मा, संजय कुमार, विवेक सिंह, अनिल कुमार, वसीम, दिनेश कुमार, अकरम खान, ऊषा चौहान, राजवती आदि उपस्थित रहे।

# इम्पैक्ट कॉलेज में हुआ होप ट्रस्ट द्वारा जलवायु परिवर्तन एवं जल संरक्षण विषय पर कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** गुरूवार को इम्पैक्ट कॉलेज, थूनापुर भोट, जनपद रामपुर में होप ट्रस्ट द्वारा जलवायु परिवर्तन एवं जल संरक्षण विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कॉलेज परिसर में पौधारोपण किया गया। छात्र छात्राओं तथा प्रवक्ताओं को नि:शुल्क पौधों का वितरण किया गया तथा एक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। इस विषय पर कॉलेज के छात्र छात्राओं ने अपने विचार रखे। गोष्ठी के सभी प्रतिभागियों, प्रवक्ताओं तथा मेहमानों को होप ट्रस्ट द्वारा प्रमाणपत्र व मेडल दे कर सम्मानित



किया गया। कार्यक्रम में आयोजक एड. फैसल शाह खघन चेयरमैन होप ट्रस्ट रहे अध्यक्षता कॉलेज चेयरमैन डॉ. सुलतान सैफी ने की तथा मुख्य अतिथि डॉ. कौशल कुमार रहे। विशिष्ट अतिथि कॉलेज एमडी सरताज अहमद व प्राचार्य प्रो. आसिम अहमद रहे। इस अवसर पर बोलते हुए कॉलेज अध्यक्ष सुलतान सैफी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण इस समय की बहुत सख्त जरूरत है हमें अधिक से अधिक वृक्षारोपण पर ध्यान देना होगा तथा प्लास्टिक के इस्तेमाल पर सख्ती से रोक लगानी होगी। प्राचार्य आसिम अहमद ने ओजोन लेयर के बारे में विस्तृत जानकारी दी और कहा कि जलवायु परिवर्तन से हमारी ओजोन लेयर को नुकसान हो रहा है। उन्होंने बताया कि किस तरह से कार्बनडाई ऑक्साइड और मीथेन गैसों का परसेंटेज हमारे वातावरण में तेजी से बढ़ रहा इस कारण से बहुत से लोग सुस्ती और अधिक नींद महसूस करते हैं। कार्यक्रम की कॉर्डिनेटर डॉ. दानिया ने कहा कि इस तरह के सफल प्रोग्राम करने की बहुत जरूरत है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. विक्की सैनी, यासमीन जैदी, सूरज गंगवार, अनीस अहमद, अनुप्रिया वशिष्ठ, नगमा बी, सी. लाल, दीपेश कुमार, महताब अनवर, रेहान नय्यर, रूबी आशरा, यासर खघन आदि मौजूद रहे तथा संचालन अलवीरा व अंतशा ने किया।

## योगी सरकार के आठ साल पर कांग्रेस का हमला बेरोजगारी, किसान समस्या और पेपर लीक पर घेरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के 8 साल पूरे होने पर कांग्रेस ने सरकार की कार्य प्रणाली पर सवाल उठाए हैं। रामपुर में कांग्रेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष प्रमिल कुमार शर्मा और नगर अध्यक्ष बाकर खान ने कहा कि सरकार के दावे और जमीनी हकीकत में बड़ा अंतर है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्ट के मुताबिक, प्रदेश में 30 प्रतिशत युवा बेरोजगार हैं। सीएमआईई की रिपोर्ट में बताया गया है कि 2023 में यूपी की बेरोजगारी दर 8.1 प्रतिशत थी। यह राष्ट्रीय औसत 6.5 प्रतिशत से ज्यादा है। पिछले 8 वर्षों में विभिन्न भर्तियों में गड़बड़ियां सामने आई हैं। इनमें 69,000 शिक्षक भर्ती,



यूपीपीएससी, यूपीएसएसएससी पीईटी, रेलवे और पुलिस भर्ती शामिल हैं। एसएससी, यूपीटीईटी, नीट समेत कई परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाएं बढ़ी हैं। किसानों की स्थिति भी चिंताजनक है। गेहूं और धान के सरकारी खरीद केंद्रों की कमी से किसान कम दाम पर फसल बेचने को मजबूर हैं। गन्ना किसानों का 8,000 करोड़ रुपए से अधिक बकाया है। डीजल और खाद की कीमतें बढ़ी हैं। मजदूरों की स्थिति में भी गिरावट आई है। 2020 में 300 रुपए प्रतिदिन की मजदूरी अब बढ़कर केवल 325-350 रुपए हुई है। महंगाई दर 7घ्से ऊपर है। दिहाड़ी मजदूरों की औसत कमाई में 100 रुपए तक की कमी आई है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि बेरोजगारी भत्ता और किसानों की कर्ज माफी सिर्फ कागजों तक सीमित है। उनका आरोप है कि सरकार ने केवल प्रचार और बुलडोजर की राजनीति की है। रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और कानून-व्यवस्था में सरकार विफल रही है। आने वाले चुनावों में जनता इन मुद्दों पर सरकार से जवाब मांगेगी।

# प्रदेश सरकार की सेवा सुरक्षा और सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण

## तीन दिवसीय प्रदर्शनी मेला में तीसरे दिन कृषि और मिलेट्स पुनरोद्धार थीम पर आधारित कार्यक्रम आयोजित

( इमरान हुसैन )
शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** प्रदेश सरकार की सेवा सुरक्षा और सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर तीसरे दिन कृषि एवं मिलेट्स पुनरोद्धार थीम पर आधारित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख एवं अन्य जनप्रति. निधियों व सभ्रांत व्यक्तियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उनके द्वारा नुमाइश ग्राउंड में चल रहे तीन दिवसीय मेले में विभागों द्वारा लगाए गए योजनापरक स्टालों का अवलो. कन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा पशुपालन विभाग के 02 उद्यमियों को, साठा धान के स्थान पर मक्का लगाने वाले और प्रेरित करने वाले अग्रणी 03 कृषकों, श्रम विभाग के लाभार्थियों, कृषि विभाग द्वारा सोलर पम्प कृषकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वालंबन एग्रीजंक्शन योजना के अंतर्गत 02 लाभार्थियों को अनुदान चेक दिया गया और राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के घटक पर 'ड्रॉप मोर क्रॉप' अदर इंटरवेंशन के अंतर्गत लाभान्वित कृषकों को भी प्रमाण पत्र वितरित किये गये। मत्स्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के तहत 02 मत्स्य पालकों को प्रमाण पत्र देकर व जिला उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड द्वारा जिला सहकारी बैंक रामपुर को 3 करोड़ 95 लख रुपए का लाभांश का चेक मा. मंत्री द्वारा दिया गया साथ ही कोऑपरेटिव के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले डीसीबी शाखा प्रबंधक व बी पैक्स सहकारी समिति के सदस्य को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने अपने सम्बोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने 8 वर्षों में सुशासन, सुरक्षा और विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने, किसान हित में क्रांतिकारी कदम उठाने और प्रदेश को निवेश के आकर्षण का केंद्र बनाने में उत्तर प्रदेश सरकार ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा कि जनपद रामपुर में विकास के नए आयाम लिखे जा रहे हैं। जनपद निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर हो रहा है। उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने और विकास प्रदेश बनाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने 8 वर्षों में अनेक योजनाओं को धरातल पर उतारा है।

प्रधानमंत्री आवास (शहरी) योजना में 17.50 लाख, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास में 36.15 लाख और मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 2.57 लाभार्थियों को आवास दिये गये हैं। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वृद्धावस्था पेंशन के माध्यम से लगभग 60 लाख से अधिक लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में 1करोड़ 85 लाख के करीब गैस कनेक्शन दिए गए हैं। प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, स्वावलंबन को लेकर भी अनेक प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही हैं।राज्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने 10 बड़े शहरों को विकसित करने का काम किया है। कृषि के क्षेत्र में भी अतुलनीय कार्य प्रदेश सरकार द्वारा किए गए हैं। कृषि क्षेत्र की विकास दर 8.6 से बढ़कर 13.7 प्रतिशत हो गई है। कृषि क्षेत्र में प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को सीधे सब्सिडी का लाभ दिया जाता है और फल व सब्जियां के व्यापार के लिए प्रदेश सरकार ने किसानों को बढ़ावा दिया है। पीएम किसान सम्मान निधि जैसी योजनाएं किसानों के लिए बहुत ही लाभप्रद साबित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना योजना के अंतर्गत 63000 से अधिक किसान लाभान्वित किये जा चुके हैं। सोलर पंप स्थापित करने के लिए प्रदेश सरकार 60% तक का अनुदान दे रही है और कृषि यंत्रों पर भी छूट की व्यवस्था की गयी है। किसानों के लिए बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सब्सिडी दी जाती है। किसानों की आवश्यकता के अनुसार बीज उपलब्ध कराए जाते हैं उत्तर प्रदेश सरकार ने नवीन मंडी बनाने का कार्य किया है। प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं को ब्याज मुक्त लोन देकर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने बताया कि राज्यमंत्री एवं अन्य जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जनपद रामपुर में अभूतपूर्व विकास कार्य किए गए हैं। इस वर्ष जनपद में साठा धान पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है तथा क्षेत्र में प्रचार प्रसार कर इसकी बुवाई से भूजल स्तर में होने वाली गिरावट और उसके दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया है। गत वर्ष जायद में जनपद में 825 हेक्टेयर क्षेत्रफल में मक्का लगाई गई थी। इस वर्ष साठा धान पर प्रतिबंध लगाकर के साथ ही उसके स्थान पर 4800 हेक्टेयर क्षेत्रफल में मक्का की बुवाई कराई गई है। इस अवसर पर जिला प्रभारी भाजपा राजा वर्मा जिला अध्यक्ष भाजपा हरीश गंगवार जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष मो. हनलाल सैनी सहित अन्य जन प्रति. निधि एवं अधिकारीगण मौजूद रहे।

### राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई जनकल्याणकारी योजनापरक स्टालों का किया अवलोकन






### रामपुर जनपद में किए गए नवाचार के कार्य

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** वर्ष 2021-22 में जनपद के 06 विकास खण्डों में से 04 विकासखण्ड डार्कजोन में थे, जिनमें सिंचाई के विभिन्न संसाधनों को अपनाते हुए सभी विकास खण्डों को डार्कजोन से निकाल दिया गया है। जिसके लिए जनपद को जल प्रहरी का पुरस्कार प्राप्त हुआ है एवं जनपद उक्त कार्य के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए भी नामांकित हो चुका है। जनपद रामपुर में प्रदेश के प्रथम अमृत सरा. वर का निर्माण कराया गया है। ग्रामीण मॉल की स्थापना अभिनव प्रयोग के रूप में की गयी है।

जनपद में साठा धान (अधिक भूजल दोहक) की खेती को प्रतिबन्धित किया गया है तथा 4800 हे. में मक्का की खेती में वृद्धि की गई है। इस कारण जनपद कृषि क्षेत्र में अधिक विकसित होगा। जनपद में नाहल नदी के 30 किमी. में जीर्णोद्धार का कार्य कराया जा रहा है। जनपद में रेवती नदी पर 12.60 किमी0 का जीर्णोद्धार का कार्य कराया गया है। जनपद रामपुर के एक जनपद एक उत्पाद के रूप में शामिल पैंच वर्क हस्तकला को 25 नबम्बर, 2024 को जी आई टैग प्रदान किया गया है।

जनपद को संवर्धन लोकल फोर वोकल पहल की टीम हेतु नवाचार के लिए वर्ष 2022 का प्रधानमंत्री पुरस्कार प्राप्त हुआ है। जनपद में जिलाधिकारी श्री जोगिन्दर सिंह के प्रयासों से अति गरीब बच्चों के इलाज हेतु मिशन मुस्कान/मिशन समर्थ नाम से योजना लागू की गई है, जिसमें कि समर्थ लोगों से दान प्राप्त किया जाता है, जिसके अन्तर्गत अब तक 120 बच्चों का ईलाज कराया गया है। जल शक्ति अभियान के अन्तर्गत कैच द् रैन के अन्तर्गत जल संचय जनभागीदारी पहल के अन्तर्गत जनपद रामपुर के समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं निजी भवनों पर रैन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम करा लिया गया है। जनपद में बेसिक शिक्षा कार्यालय में ऑनलाईन कक्षा हेतु प्रदेश का एक मात्र रिकार्डिंग रूम की स्थापना की गई है। ऐसे कार्य जिनमे जनपद प्रदेश में उच्च स्थान पर रहा है। जनपद ने पराली प्रबंधन में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जिसके लिए मुख्यमंत्री जी द्वारा सम्मानित किया गया है। जनपद में फैमिली आई. डी. में लक्ष्य के सापेक्ष 50 प्रतिशत का कार्य पूर्ण करते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जनपद में फार्मर रजिस्ट्री में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। टेली मेडिसिन कनसल्टेशन में विगत 02 वर्षों में प्रदेश में जनपद रामपुर ने प्रथम स्थान पर रह रहा है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान में जनपद रामपुर शासन द्वारा निर्धारित क्रेडिट कैम्प हेतु 500 का लक्ष्य प्राप्त करने वाला प्रदेश का प्रथम जनपद बना है । वर्ष 2022-23 में जनपद रामपुर प्रदेश के सकल घरेलू उत्पाद (जी.डी.पी. ) से 6.80 की अधिक रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत जनपद आवास पूर्ण करने में तृतीय स्थान पर है। मुख्यमंत्री आवास योजनान्तर्गत जनपद आवास पूर्ण करने में प्रथम स्थान पर है। जनपद अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण एवं संचालनों में प्रथम स्थान पर है। जनपद टी.बी. उन्मूलन कार्यक्रम में प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। जनपद में क्षतिग्रस्त भाकड़ा वियर के स्थान पर आधुनिकीकरण (स्वसंचालित गेटों) का निर्माण कराया जा रहा है, जो कि प्रदेश का प्रथम जिला है।

### उद्योग एवं रेजगार सृजन में जनपद रामपुर की 08 वर्ष की प्रमुख उपलब्धियां

जनपद में विगत 08 वर्षों में 24772 औद्योगिक इकाई स्थापित करते हुये रू. 56119 लाख का निवेश तथा 136914 रोजगार सृजित किये गये हैं। निवेश हेतु 741 एम0ओ0यू0 8560.55 करोड़ रुपये के प्राप्त किये, जिनमें 43145 रोजगार सृजित होंगे। 109624 लाख रुपये की निवेश की 55 इकाई धरातल पर उतर चुकी है। 680,697 प्रधानमंत्री जनधन खाते खुलवाये गये हैं। 100802 अटल पेंशन से लाभार्थियों को जोड़ा गया है। जनपद में 84 पेयजल परियोजनाएं पूर्ण कर ली गई हैं, जिनसे 48,724 परिवार एवं 322812 जनसंख्या को लाभान्वित किया गया है।

### रामपुर में केन्द्र सरकार के 10 वर्ष एवं राज्य सरकार के 08 वर्ष के निर्माण कार्य

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** जनपद में रामपुर विकास प्राधिकरण अन्तर्गत में एक टॉउनशिप की 170 एकड़ में उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी गेट बन्द टॉउनशिप बनायी जायेगी, जिस पर 591 करोड़ रुपये (300 करोड़ स्थलीय विकास हेतु एवं 291 करोड़ भूमि अर्जन हेतु) की लागत आयेगी। इसके अतिरिक्त एक दूसरी टॉउनशिप आर.डी.ए. बोर्ड से स्वीकृत कराकर शासन को स्वीकृति हेतु प्रेषित की गई है। जनपद में 1010.73 किमी. सड़क का निर्माण रू.65629 लाख की लागत से कराया गया है। जनपद में 140 टी.पी.डी. सॉलिड वेस्ट प्रोसे. सिंग निर्माण इकाई का कार्य 1568 लाख रुपये से कराया गया है। जनपद में 01 राजकीय महाविद्यालय 926 लाख की लागत से कराया जा रहा है । जनपद में 10 राजकीय इण्टर कॉलेज की स्थापना करायी गई है।

जनपद में 06 सेतु 22407.71 लाख रुपये की लागत से कराये गये हैं। 142.16 किमी0 में ट्रांसमिशन लाई डलवाई गई हैं। 559 पंचायत घरों का निर्माण कराया गया है। 234 आंगनबाड़ी भवन 2118.50 लाख रुपये की लागत से कराये जा रहे हैं।

### रामपुर में केन्द्र सरकार के 10 वर्ष एवं राज्य सरकार के 08 वर्ष की अन्य प्रमुख उपलब्धियां

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** जनपद में नहाल बैराज का निर्माण कराते हुये 6.480 कि.मी. नहर एवं 48.02 नहाल बैराज - नहाल बैराज का निर्माण एवं उसके अन्तर्गत 6.480 कि0मी0 नहर निर्माण, 48.0 क्यूसीक डिस्चार्ज तथा 30.570 कि.मी. नहरों की पुर्नस्थापना का कार्य कराया गया है। 03 टाऊन एरिया विकसित की गई हैं। जनपद की तहसील बिलासपुर में रू. 490 लाख की लागत से रोडबेज बसस्टैण्ड का कार्य कराया जा रहा है । जनपद में विगत 08 वर्षों में पी.एम. किसान सम्मान निधि में 310190 कृषकों में रू. 87829 लाख का वितरण किया गया है। 64,259 किसानों का ऋण मोचन किया गया है, जिसमें 36671 लाख रुपये समाहित है। जनपद में 65200 किसानों को 39 अरब 29 करोड़ 83 लाख रुपये का भुगतान गन्ना मूल्य के रूप में किया गया है। विगत 08 वर्षों में 610648 मी.टन गेंहू खरीद और 1434151 मी.टन धान खरीद की गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत 12102 लाभार्थियों को आवास आवंटित किये गये हैं। मुख्यमंत्री आवास योजनान्तर्गत 820 लाभार्थियों को आवास आवंटित किये गये हैं। 23920 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी का लाभ दिया गया है। पी.एम. स्वनीधि योजनान्तर्गत 20365 लाभार्थियों को ऋण प्रदान किया गया है। पी.एम. उज्जवला योजनान्तर्गत 143110 कनेक्शन वितरित किये गये हैं। नि:शुल्क राशन योजनान्तर्गत 425025.14 मि.टन खाद्यान्न वितरित किया गया है। स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत 199149 लाभार्थियों को स्वच्छ शौचालय बनाये गये हैं। 351011 लाभार्थियों को पेंशन वितरित की गई है।

जनपद में 365247 लाभार्थियों को वृद्धावस्था पेंशन वितरित की गई है। 39007 लाभार्थियों को दिव्यांगजन पेंशन वितरित की गई है। 11615 जोड़ों का सामूहिक विवाह किया गया है। जनपद में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजनान्तर्गत 13422 कन्याओं को लाभ प्रदान किया गया है। 626694 गोल्डन कार्ड जारी किये गये हैं। 4175 लाभार्थियों को विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना से लाभान्वित किया गया है। 18240 स्मार्ट फोन तथा 6645 टैबलेट वितरण किये गये हैं। निराश्रित गौवंशों 09 अस्थायी एवं 02 स्थायी गौवंश आश्रय स्थलों का निर्माण किया गया।

## वकीलों ने तीन दिन और बढ़ाई हड़ताल

शाह टाइम्स संवाददाता

**स्वार/रामपुर।** सोमवार से जारी हड़ताल को वकीलों ने तीन दिन के लिए और बढ़ा दिया है। वकील तहसील प्रशासन के खिलाफ भृस्टाचार का आरोप लगाते हुए संयुक्त रूप से हड़ताल पर चल रहे हैं। गुरुवार को हड़ताल का चौथा दिन था। दोनों बारों के वकीलों ने संयुक्त रूप से बैठक कर भृष्टाचार के खिलाफ नाराजगी जताई।

वकीलों का आरोप है कि उपजिलाधिकारी स्वार का अपने अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों पर अंकुश नही है। जिसके कारण भृष्टाचार चरम सीमा पर पहुँच गया है। बाद में वकीलों ने तीन दिन तक संयुक्त रूप से हड़ताल पर रहने की घोषणा कर दी। बैठक की अध्यक्षता बार वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेन्द्र नाथ गौस्वामी और सीनियर बार वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष गुरनाम सिंह संधू द्वारा की गई।

## शाहबाद में जेसीबी से अवैध अतिक्रमण ढहाया



( ज़हीर खान )
शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद/रामपुर।** गुरुवार को तहसीलदार शाहबाद राकेश कुमार चंद्रा व नायब तहसीलदार हरीश जोशी ने राजस्व टीम के साथ रेवाड़ी कला चौराहे पर अवैध अतिक्रमण को जेसीबी चलवाकर हटा दिया।

इस दौरान अतिक्रमण करने वालों में खलबली मच गई। बताया जा रहा है की गाटा संख्या 529 अतिक्रमण की शिकायत पर तहसीलदार व नया तहसीलदार में क्राइस्ट टीम पर पुलिस बल के पहुंचे और जेसीबी के जरिए अतिक्रमण को हटाया गया। तहसीलदार शाहबाद राकेश कुमार चन्द्रा के द्वारा बताया गया कि जिसने भी अवैध कब्जे व अतिक्रमण कर रखे हैं वह स्वत: ही हटा लें वरना उन पर कार्रवाई कर अतिक्रमण को हटाया जाएगा।

## जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में नुमाईश ग्राउण्ड पहुंचा कार्यकर्ताओं का काफिला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** गुरूवार को नवयुक्त जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार के नेतृत्व में जिला प्रभारी चौधरी राजा वर्मा का प्रथम बार रामपुर आगमन पर संगठन के सभी छोटे व बड़े पदाधिकारी उपस्थित रहे। 100 से अधिक गाड़ियों से सभी कार्यकर्ताओं ने जिला प्रभारी का स्वागत किया, पुष्प वर्षा के साथ सभी ने पटका पहनकर उनका अभिनंदन किया। रिवरसाइड होटल, जीरो प्वाइंट पर स्वागत के पश्चात, जिला अध्यक्ष और जिला प्रभारी सभी कार्यकर्ताओं के साथ पंडित दीनदयाल जी की प्रतिमा पर पहुंचकर माल्यार्पण कर उनको नमन किया और फिर सभी के साथ अंबेडकर पार्क पहुंचकर श्रद्धा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया। वहां से काफिले आगे बढ़ चला।

तीन दिवसीय चल रहे लाभार्थी मेले में जो की नुमाइश ग्राउंड में आयोजित किया गया है, वहां पहुंचकर जिला अध्यक्ष हरीश गंग. वार और जिला प्रभारी चौधरी राजा वर्मा ने सम्मानित जनता को संबोधित किया और प्रदेश सरकार की 8 साल की उपलब्धियां बताई। नुमाइश ग्राउंड से निकाल कर सभी लोग चमरूआ ब्लॉक पहुंचे, और ब्लॉक में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी चौधरी राजा वर्मा ने कहा, संभल ब्ब अनुज चौधरी के बयान पर प्रतिक्रिया करते हुए उन्होंने कहा, सीओअनुज चौधरी ने जो कहा वह कहीं से भी गलत नहीं, वह व्यक्ति अर्जुन अवॉर्ड है, उसने समाज के भेदभाव को खत्म करने वाली बात कही, अगर एक समाज के लोग सिबई खिलाना चाहता है तो उसको दूसरे समाज की गुजिया खाने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए, इससे आपसी प्रेम बढ़ेगा। इस बात को तोड़ मरोड़ के पेश करके विपक्ष, लोगों को गुमराह कर रहा है और बार-बार किसी व्यक्ति की जाति को आगे करके जातिवाद फैलाना, यह विपक्ष के खून में है, समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता रामगोपाल पर हमला करते हुए जिला प्रभारी चौधरी राजा वर्मा ने कहा, इनकी मानसिकता आज भी नहीं बदली, अधिकारियों से गलत काम करना और उन पर दबाव बनाना यह उनकी फितरत है।। लेकिन उन्हें यह बात समझ लेनी चाहिए आज प्रदेश में योगी जी की सरकार और देश में मोदी जी की सरकार है जो कि समाज से जातिवाद खत्म करना चाहती है।

मैं कहना चाहता हूं की उनकी सरकार में जो मुजफ्फरनगर में जाटों के साथ हुआ उसका जिम्मेदार कौन था। सबसे ज्यादा जाटों का उत्पीड़न उनकी सरकार में हुआ, हमारी सरकार में जाटों को सम्मान मिला है और मैं अनुज चौधरी के बयान का समर्थन करता हूं।। कहकर उन्होंने अपनी वाणी को विराम दिया।

कार्यक्रम में जिला महामंत्री अशोक बिश्नोई, रविंद्र सिंह रवि, सतनाम सिंह, जिला उपाध्यक्ष जगपाल यादव, मोहन कुमार लोधी, संजय चौधरी, देवकरन गंगवार, जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन रस्तोगी, ऋषि पांडे, पारुल अग्रवाल, शकुंतला लोधी, संजय पाठक, अजय बाबू गंगवार, अंकुश चौधरी, कृष्ण अवतार लोधी, अवधेश शर्मा, विक्रम सिंह, कमल लोधी, कांता प्रसाद लोधी, अनु सक्सेना, राजू सुमन, देवेंद्र सिंह सैनी, अजीत गौतम, सतपाल दिवाकर, मनीष लोधी, शंकर सैनी, अमित दिवाकर, आकाश सक्सेना, अरिजीत सक्सेना, योगेंद्र गंगवार, अमित गंग. वार, रघुवीर गंगवार, महेंद्र मौर्य, पवन शर्मा, आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।




## प्रधान के फर्जी हस्ताक्षर कर प्रधानाध्यापक ने एमडीएम खाते से रकम निकाल कर हड़पी, बीएसए ने किया निलंबित

शाह टाइम्स संवाददाता

**स्वार/रामपुर।** कंपोजिट विद्यालय बगी के प्रभारी प्रधानाध्यापक नरेश कुमार ने ग्राम प्रधान एवं एसएमसी अध्यक्ष के फर्जी हस्ताक्षर बनाकर एमडीएम और विद्यालय प्रबंध समिति खाते से रकम निकाल कर हड़प ली। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने प्रथम दृष्टया आरोपों की पुष्टि होने प्रभारी प्रधानाध्यापक को निलंबित कर दिया।

स्वार क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय बगी में नरेश कुमार प्रभारी प्रधानाध्यापक हैं। अवकाश लेना तो दूर उच्च अधिकारियों को बिना बताए कई-कई दिन तक विद्यालय से गायब रहते हैं। बीते दिनों ग्राम प्रधान द्वारा उनकी शिकायत तहसील दिवस में की गई। शिकायत के आधार पर खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार सक्सेना जांच के लिए विद्यालय पहुंचे। निरीक्षण के समय भी शिक्षक विद्यालय में नहीं मिले।

इतना ही नहीं आठ दिन से उपस्थिति पंजिका में हस्ताक्षर भी नहीं बने थे। जिस पर खंड शिक्षा अधिकारी ने निरीक्षण आख्या जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को भेज दी। खंड शिक्षा अधिकारी की संस्तुति पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नीलम रानी टम्टा ने अनुपस्थित दिवसों का वेतन काट दिया। इन सबके बाद भी शिक्षक की कार्य प्रणाली में सुधार नहीं हुआ। जिसके चलते जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने विभागीय कार्यों के प्रति लापरवाही बरतने एवं अपने दायित्वों का निर्वाह न करने, बिना पूर्व सूचना के विद्यालय से गायब रहने, परीक्षा के समय स्कूल में न रहने, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं ग्राम प्रधान के फर्जी हस्ताक्षरों से खाते से सरकारी धन निकाल कर गबन करने, आई कार्ड के नाम पर बच्चों से धन की वसूली करने, मेन्यू के अनुसार एमडीएम न बनवाने, उपस्थिति पंजिका में बैक डेट में हस्ताक्षर करने एवं कर्मचारी आचरण नियमावली का पालन न करने पर प्रभारी प्रधानाध्यापक को निलंबित कर दिया। शिक्षक को बीआरसी स्वार से संबद्ध करने के साथ ही आरोपों की जांच चमरोआ के खंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र सिंह बोहरा को जांच सौंपी है।

## विकास खण्ड स्वार में तीन दिवसीय प्रदर्शनी का समापन

( सुहैल मियॉ )
शाह टाइम्स संवाददाता

**स्वार/रामपुर।** गुरुवार विधानसभा के ब्लॉक सभागार में उत्तर प्रदेश सरकार की सेवा सुरक्षा एवं सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में स्वार ब्लॉक में तीन दिवसीय प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी पूर्व विधायक अली युसूफ अली रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष ने ब्लॉक में प्रदर्शनी में लगाये गए स्टालों में शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, पंचायत राज विभाग, कृषि विभाग के स्टालो पर जाकर सबसे मिले केंद्र सरकार के 8 वर्ष पूण होने के उपलक्ष्य में सरकार की उपलब्धिया गिनवाई। इस दौरान नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र दिवाकर,खंड विकास अधिकारी रिशिपाल , तरसेन सिंह, राजकुमार चौहान,नवनीत चौहान, रोहित सैनी, जयवर्धन मौर्य अमित सक्सेना राजेश कुमार शर्मा राकेश कश्यप शिशुपाल सागर, प्रधान नथाराम कंबोज , रोहितास सिंह आदि उपस्थित रहे। बैठक का समापन स्वार नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर ने किया और केंद्र सरकार के 10 वर्ष पूर्ण होने तथा राज्य सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में जो स्वार ब्लॉक में अलग-अलग विभाग के स्टाल लगाए गए हैं उनके बारे में जानकारी देते हुए बैठक की समापन की घोषणा की।



# परिजनों ने दी सामूहिक आत्मदाह की धमकी

## शिक्षक द्वारा कीटनाशक पीने का मामला, आरोपी शिक्षकों के परिजन पहुंचे सीओ कार्यालय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कीटनाशक दवाई का सेवन करने वाले इंचार्ज अध्यापक के खिलाफ मामले में नामजदों परिजनों ने सीओ से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करवाये जाने की मांग की है। न्याय न मिलने पर खंड शिक्षा अधिकारी गंगेश्वरी के कार्यालय पर सामूहिक रूप से आत्महत्या करने की चेतावनी दी है।

गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र के गांव निरावली भूल के प्राथमिक विद्यालय पंचायत अध्यापक वैभव गुप्ता ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया था इस मामले में पुलिस ने सहायक अध्यापक नन्हे सिंह, सहायक अध्यापक हेमराज कोहली व अजीत सिंह शिक्षामित्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। गुरुवार को तीनों नामजद अध्यापकों के परिजन ग्रामीणों के साथ सीओ दीप कुमार पंत के कार्यालय पर पहुंच गये तथा वहां न्याय देने के लिए प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया इंचार्ज अध्यापक वैभव गुप्ता 4 दिन में एक बार विद्यालय आते थे। चारों दिनों की वह हाजिरी लगा देते थे। भवन निर्माण करने के मामले में



ऑपरेटर सहायक अध्यापक नन्हे सिंह पर दबाव बनाकर जबरदस्ती लगभग 13 लाख रुपये की धनराशि निकाल रखी है। निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार का आलम यह हैं इंचार्ज अध्यापक को बचाने के लिए लगातार निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। जिसे तत्काल प्रभाव से रुकवा कर पहले तकनीकी जांच कराई जाये। उन्होंने कहा कि जिस तरह से तीनों को मुकदमा दर्ज कर निलंबित किया गया है। उसी प्रकार भ्रष्टाचारी प्रधानाध्यापक को भी प्राथमिक विद्यालय निरयावली भूड़ से तत्काल हटाया जाये। यदि वैभव गुप्ता को विद्यालय से नहीं हटाया गया तो निष्पक्ष जांच संभव नहीं हो पायेगी। और दस्तावेजों से छेड़छाड़ भी संभव है। अभिलेख तत्काल प्रभाव से अपने कब्जे में लेकर जांच करें। उन्होंने कहा कि वैभव गुप्ता सरकारी कर्मचारी हैं आत्महत्या करना भी कानून अपराध है। इसके खिलाफ एफआईआर दर्ज होनी चाहिये। उन्होंने कहा कि तीनों नामजद बिल्कुल निर्दोष है। ईमानदारी के साथ इसकी जांच करवाई जाये। यदि उन्हें न्याय नहीं मिला तो खंड शिक्षा अधिकारी गंगेश्वरी के कार्यालय पर सामूहिक रूप से आत्महत्या करेंगे। प्रदर्शन करने वालों में हेमराज सिंह दीपक कुमार ममता पिंकी परीक्षा राहुल राजपाल सिंह राम सिंह अमर सिंह आकाश कुमार मदन सिंह देवराज सिंह वीरेंद्र सिंह शोभित नागर मौजूद है।

# लोग भयमुक्त होकर कर रहे व्यापार: तंवर

## सेवा, सुरक्षा, सुशासन! तीन दिवसीय मेले का समापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सेवा, सुरक्षा, सुशासन के तीन दिवसीय मेले का संरचना, विकास युवा एवं रोजगार हस्तशिल्प की थीम के साथ समापन हो गया।

जेएस हिन्दू इंटर कालेज के रामलीला मैदान में अन्तिम दिन अवसंरचना विकास, युवा एवं रोजगार हस्तशिल्प एवं ओडीओपी उद्यमी समृद्ध व्यापार निगम विकास थीम का कार्यक्रम हुआ। नगर विकास कौशल विकास, जल जीवन मिशन, पीएम आवास, कृषि विभाग, गन्ना उत्पादक विक्रेता, उन्नतशील किसानों को प्रशस्ति पत्र व सीएम युवा विकास योजना के लाभार्थियों को डैमो चैक प्रदान किये गये। झम्मन लाल डिग्री कालेज के विद्यार्थियों को टेबलेट का वितरण किया गया। डीएम श्रीमति निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि मेले में प्रत्येक दिन अलग अलग थीम पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में योजनाओं का लाभ लोगों को प्रदान किया गया। प्रदर्शनी के माध्यम से सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं में बारे में जानकारी दी गयी। जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर ने कहा कि यूपी के आठ वर्ष की उपलब्धियों से आम जनमानस को अनेक लाभ मिले हैं तथा परिवर्तन आया है। कानून व्यवस्था सुदृढ हुई है लोग भयमुक्त होकर व्यापार कर रहे हैं। महिलाएं सशक्त हो रही हैं। आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। इस अवसर पर सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, एडीएम ब्रजेश पाठक, एसडीएम सुधीर कुमार, पीडी अमरेन्द्र प्रताप, डीआईओएस वीपी सिंह आदि मौजूद रहे।

# किशोरी से गैंगरेप में दो दोस्तों को बीस-बीस साल की सजा

## दोषियों पर दो लाख का जुर्माना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** किशोरी के साथ गैंगरेप के मामले में कोर्ट ने दो दोस्तों को 20-20 साल जेल की सजा सुनाई। दोषियों पर दो लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। दोनों जमानत पर थे, कोर्ट से सजा सुनाए जाने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

9 जनवरी 2021 की यह घटना अमरोहा देहात थानाक्षेत्र के एक गांव की थी। यहां पर एक किसान का परिवार रहता है। घटना वाले दिन उनकी 16 वर्षीय बेटी जंगल से सूखी पत्ती लेकर घर लौट रही थी। रास्ते में गांव के रहने वाले गुड्डू और अंकित किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया था। मामले में अंकित और गुड्डू के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था।पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया था। फिलहाल दोनों जमानत पर थे। केस की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट तृतीय ईश्वर सिंह की कोर्ट में चल रही थी। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक बसंत सिंह सैनी ने की। बुधवार को आखिरी सुनवाई के दौरान कोर्ट ने गुड्डू और अंकित को दोषी करार देते हुए न्यायिक अभिरक्षा में लेने का आदेश दिया था। गुरुवार को सजा के प्रश्न पर सुनवाई में 20-20 साल जेल की सजा सुनाई। साथ ही दोनों पर दो लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। विशेष लोक अभियोजक के मुताबिक जुर्माना धनराघशि पीड़िता को दी जाएगी

### कोर्ट ने बीस हजार का जुर्माना भी लगाया

# गैंगस्टर एक्ट के पांच दोषियों को 4-4 साल की सजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** गैंगस्टर एक्ट में कोर्ट ने पांच दोषियों को चार-चार साल जेल की सजा सुनाई। साथ ही 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

मामला आदमपुर थाने से जुड़ा है। 12 जुलाई 2006 को तत्कालीन थानाध्यक्ष योगेश दीक्षित ने संभल जिले के रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव सिगौला के रहने वाले रफीक, मनवीर, राजेंद्र उर्फ खिज्जू चन्ने तथा साबिर के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया था। बाद में इन सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया था। फिलहाल सभी जमानत पर थे। केस की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित द्वितीय ज्योति की कोर्ट में चल रही थी। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी एसपीओ राम ध्यान राम ने की। बुधवार को कोर्ट में केस की आखिरी सुनवाई हुई। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर रफीक, मनवीर, राजेंद्र उर्फ खिज्जू, चन्ने और साबिर को दोषी करार दिया गया। पांचों को चार-चार साल जेल की सजा सुनाई तथा 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

# फैक्ट्रीकर्मी ने फांसी पर झूलकर दी जान

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** एक युवक ने फांसी के फंदे पर झूलकर अपनी जान दे दी। घटना के समय युवक अपने घर पर अकेला था और उसकी पत्नी बच्चों के साथ मायके में थी। बताते हैं कि पिछले कुछ दिनों से उसका अपनी पत्नी से विवाद चल रहा था। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को फंदे से नीचे उताकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। युवक हाइवे स्थित एक फैक्ट्री में मशीन ऑपरेटर का काम करता था। जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला अवंतिकानगर निवासी दिवाकर शर्मा पुत्र रामेश्वर शर्मा नगर की आरएसीएल कंपनी में मशीन ऑपरेटर के पद पर कार्यरत था। उसकी शादी बिजनौर जनपद के झालू कस्बे से हुई थी। बताते हैं कि कुछ दिन पहले उसकी पत्नी विवाद करके अपने बच्चों को साथ लेकर मायके चली गई थी। दिवाकर के माता पिता ललिता मंदिर के निकट बने दूसरे मकान में रहते हैं। बताते हैं कि बृहस्पतिवार की सुबह के वक्त दिवाकर शर्मा रात की ड्यूटी करके अपने घर लौटा था। उसके बाद वह घर में चला गया मगर दोपहर तक जब घर में किसी तरह की कोई चहलकदमी नहीं हुई तो आसपास के लोगों को कुछ संदेह सा हुआ। उन्होंने जाली के गेट से अंदर झांककर देखा तो नजर आया कि दिवाकर शर्मा फांसी के फंदे पर झूल रहा है। लोगों ने यह जानकारी पुलिस को दी तो वहीं उसके पिता को भी बताई। पिता व परिजन भी मौके पर पहुंच गए, पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा और आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।



गजरौला। खेतान वर्ल्ड स्कूल से रन टू ऐंड को रवाना करते डीएम, एसपी, सीएमओ, जुबिलेंट अधिकारी।

# प्रयागराज को हराकर गाजियाबाद ने जीता खिताब

## प्रदेश स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय प्रदेशीय आमंत्रण महिला खो-खो प्रतियोगिता का समापन हो गया। शहीद भगत सिंह स्कूल के प्रबंधक रोहित सांगवान ने कहा कि इस तरह की खेल प्रतियोगिताएं छात्रों को अनुशासित बनाती हैं।

यह प्रतियोगिता खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं जिला खेल कार्यालय, अमरोहा के तत्वावधान में आयोजित हुई। सेमीफाइनल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि आल इंडिया खो-खो फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी एम एस त्यागी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और टॉस उछालकर कर किया। गुरुवार को पहला सेमीफाइनल मैच प्रयागराज और श्रावस्ती के बीच हुआ जिसमें प्रयागराज ने कड़े संघर्ष में 21-18 से श्रावस्ती को हराया। दूसरा सेमीफाइनल गाजियाबाद और बुलन्दशहर के बीच हुआ जिसमें गाजियाबाद ने बुलन्दशहर को 18-14 अंकों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला गाजियाबाद और प्रयागराज के बीच खेला गया। इस मुक. ाबले में गाजियाबाद ने प्रयागराज को कड़े मुकाबले में 16-13 अंकों से पराजित कर खिताब अपने नाम कर लियाप्रतियोगिता के विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्राफी, ट्रैक शूट मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। जिला क्रीड़ा अधिकारी देशकान्त त्यागी ने मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह, और शाल भेंट कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के अन्त में जिला क्रीड़ाधिकारी देशकान्त त्यागी ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, निर्णायक मण्डल , आयोजक शहीद भगत सिंह स्कूल के प्रबंधक रोहित सांगवान, डायरेक्टर संजीव कुमार, प्रधानाचार्या शिताक्षी चौधरी और समस्त विद्यालय स्टाफ और खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया और आयोजक की भूरि भूरि प्रसंशा करते हुए सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

## छजलैट में आयोजित सेवा, सुरक्षा, सुशासन मेले में भाजपा के दो गुट भिड़े

# पूर्व विधायक राजेश कुमार चुन्नू से हाथापाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह की विधानसभा में पार्टी में गुटबाजी थमने का नाम नहीं ले रही। दो बार भाजपा से कांठ से विधायक रहे राजेश कुमार चुन्नू के साथ पूर्व ब्लाक प्रमुख राजपाल सिंह व उनके समर्थकों ने हाथापाई की।

बतात चलें कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह जनपद मुरादाबाद के कांठ विधानसभा क्षेत्र के रहने वाले हैं। केन्द्र में दस तथा यूपी में पार्टी की सरकार के आठ साल पूरे होने पर भाजपा द्वारा

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी का गांव भी इसी ब्लाक में पड़ता है**

कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। बृहस्पतिवार को कांठ विधानसभा क्षेत्र के ब्लाक छजलेट में पार्टी का कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान यहां से दो बार विधायक रहे राजेश कुमार चुन्नू अपने बेटे व इक्का दुक्का समर्थकों के साथ यहां पहुंचे। उन्होंने कार्यक्रम आयोजक पूर्व ब्लाक प्रमुख राजपाल सिंह पर दबाव बनाया कि उन्हें कार्यक्रम में




मुख्य अतिथि बनाया जाये क्योंकि वह यहां से दो बार विधायक रह चुके हैं। चूंकि राजेश कुमार चुन्नू व पूर्व ब्लाक प्रमुख राजपाल सिंह में 36 का आंकड़ा है ऐसे में राजपाल समर्थकों ने उन्हें मुख्य अतिथि बनाने से इंकार कर दिया। इस दौरान पूर्व विधायक समर्थक ने राजपाल समर्थकों पर पानी की बोतल फेंक दी। फिर क्या था दोनों ओर से हाथापाई शुरू हो गयी। तभी पूर्व ब्लाक प्रमुख राजपाल सिंह ने पूर्व विधायक राजेश कुमार चुन्नू को कई हाथ जड़ दिये। एक दूसरे पर जमकर हाथापाई की गयी। जिस कारण कार्यक्रम को भी बीच में रो. कना पड़ा। दो साल बाद प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने हैं ऐसे में भाजपा में गुटबाजी पार्टी के लिए नुकसानदेय साबित हो सकती है। राजेश कुमार चुन्नू पहली बार 1996 तथा दूसरी बार 2017 में भाजपा के टिकिट पर विधायक निर्वाचित हुए थे। सबसे बड़ी बात यह है कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह का गांव भी कांठ विधानसभा क्षेत्र का गांव छजलैट ब्लाक में ही आता है। जहां उन्हीं की पार्टी के दो दिग्गजों के बीच मारपीट की यह घटना हुई है। समाचार लिखे जाने तक किसी भी पक्ष द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर नहीं दी गयी थी।
























# अलविदा जुमा पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त

## पुलिस के साथ पीएसी भी रहेगी तैनात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** रमजान के आखिरी जुमे की नमाज के मद्देनजर शुक्रवार को जिले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहेंगे। सडकों पर कहीं भी नमाज अदा नहीं होगी। पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने इस पाबंदी की बाबत अपना सख्त रुख साफ कर दिया है। वहीं, जिन मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ेगी वहां पुलिस बल के साथ ही पीएसी जवानों की तैनाती भी की जाएगी।

शहर की जामा मस्जिद से जोडने वाली सडकों पर उमडने वाली भारी भीड़ के मद्देनजर नमाज के दौरान वाहनों की रफ्तार भी थमी रहेगी। मुकद्दस रमजान का आखिरी अशरा चल रहा है। शबे कद्र पर लोग खूब इबादत कर रहे हैं। मुस्लिम आबादी से जुड़े मोहल्ले रातभर रोशन हो रहे हैं। शुक्रवार यानी आज इस पाक महीने का आखिरी जुमा है। जिसे जुमअतुल विदा भी कहा जाता है। अलविदा जुमे की नमाज ज्यादातर लोग अपने इलाके की जामा मस्जिद में ही पढ़ते हैं। लिहाजा, गुरुवार को नमाज के मद्देनजर सभी मस्जिदों में सफाई के साथ ही नमाजियों पर साया करने के लिए खास इंतजाम किए गए। वहीं, अलविदा जुमे की नमाज को लेकर पुलिस-प्रशासन भी अलर्ट मोड पर है। पूरे जिले में सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजाम किए गए हैं। मुख्य मस्जिदों में उमडने वाली नमाजियों की भीड़ के मद्देनजर अलग से प्लानिंग तैयार की गई है। पुलिस बल के साथ वहां अर्द्धसैनिक व पीएसी जवानों की तैनाती की गई है। सडकों पर नमाज पढने पर सख्त पाबंदी है।पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए लोगों से पुलिस-प्रशासन को सहयोग देने की अपील की। कहा कि सडकों पर नमाज न पढकर भाईचारे से त्योहार मनाए। माहौल खराब करने वाले अराजक एवं शरारती लोगों के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी।


# सम्पादकीय

शुक्रवार, 28 मार्च 2025

## इंसाफ का परचम बुलंद

निसंदेह न्यायपालिका के प्रति देश के आमजन में जो धारना चली आ रही है, न्यायपालिका उस कसौटी पर सदैव खरी साबित होती रही है। दुष्कर्म के प्रयास के मामले में देश की शीर्ष अदालत ने इलाहाबाद हाईकोर्ट को फटकार लगाकर न केवल इंसाफ का परचम बुलंद किया है, अपितु पीड़ित पक्ष को भी इससे बड़ी राहत महसूस हुई है। इलाहाबाद हाईकोर्ट का जो फैसला पिछले दिनों पूरे देश में सवालों के घेरे में था, सुप्रीम कोर्ट ने उस पर रोक लगाकर न्याय की संवेदनशीलता को संबल दिया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को लेकर महिला संगठनों व बौद्धिक वर्गों में तल्ख प्रतिक्रिया देखी जा रही थी। यहां तक कि महिला संगठनों ने सुप्रीम कोर्ट का भी रुख किया था। शीर्ष अदालत के जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने माना कि फैसला न केवल असंवेदनशील है, बल्कि अमानवीय नजरिया भी दर्शाता है। जिसके चलते इस फैसले पर रोक लगाना आवश्यक हो जाता है। बेंच ने माना कि फैसला लिखने में संवेदनशीलता की कमी दृष्टिगोचर होती है। कोर्ट का मानना था कि जब फैसला चार माह तक सुरक्षित रखने के बाद सुनाया गया, तो यह नहीं कहा जा सकता कि इस पर गंभीर मंथन नहीं हुआ। वहीं शीर्ष अदालत ने इस मसले पर केंद्र व उप्र सरकार को भी नोटिस जारी किया है। उल्लेखनीय है कि सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले की निंदा की। दरअसल, विवाद इस बात को लेकर हुआ कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि पीड़िता किशोरी के स्तनों को छूना व पायजामे की डोरी तोड़ना बलात्कार या बलात्कार की कोशिश नहीं माना जा सकता। उल्लेखनीय है कि यह मामला उत्तर प्रदेश के कासगंज जनपद के पटियाली थाना क्षेत्र में एक किशोरी से जुड़ा था, जिसके बाबत जस्टिस राममनोहर नारायण मिश्रा ने यह विवादित फैसला दिया था। इस एकल पीठ का कहना था कि मामले में तथ्यों व आरोपों के आधार पर तय करना संभव नहीं है कि बलात्कार का प्रयास हुआ था। जिसके लिए अभियोजन पक्ष को सिद्ध करना था कि अभियुक्तों का यह कदम अपराध करने की तैयारी के लिये था। दरअसल, इसी के मद्देनजर देश में फैसले के खिलाफ तल्ख प्रतिक्रिया देखी गई। दरअसल, इलाहाबाद हाईकोर्ट की एकल पीठ का कहना था कि दुराचार करने की कोशिश और अपराध की तैयारी के बीच के अंतर को सही ढंग से समझना चाहिए। हाईकोर्ट ने निचली अदालत को आईपीसी व पाक्सो एक्ट की हल्की धाराओं में मुकदमा चलाने की अनुमति दी थी। उल्लेखनीय है कि यह घटना साल 2021 में एक नाबालिग लड़की के साथ हुई थी। जिसमें तीन युवकों ने लड़की से बदतमीजी की थी और उसके प्राइवेट पार्टस को छुआ तथा पुल के नीचे घसीटकर उसके पायजामे की डोरी तोड़ थी। जिसे पास से गुजरने वाले ट्रैक्टर चालकों ने बचाया था। स्थानीय पुलिस से जब किशोरी के परिजनों को मदद नहीं मिली, तब उन्होंने न्याय के लिये कासगंज की विशेष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। जहां अभियुक्तों पर आईपीसी की धारा 376 व पाक्सो एक्ट की धारा 18 लगाई गई। जिसको अभियुक्तों ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। इसी मामले में आए इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ लोगों में नाराजगी देखी गई।

## देश धर्मशाला नहीं, आने वालों पर नजर रखेंगे



भारत में आने के लिए वैध पासपोर्ट, वैध वीजा अनिवार्य होगा, बिना कागजात के भारत में प्रवेश करने पर कानून सम्मत तरीके से सख्त कार्रवाई की जाएगी, जाली दस्तावेजों के लिए कड़ी सजा के प्रावधान किए गए हैं,वीजा की अवधि खत्म होने पर भी देश में रहने वालों को ट्रैक किया जाएगा, सरकार के पास विदेशी लोगों की घुसपैठ, भारत आने वाले लोगों के पास वैध कागजात हैं या नहीं, इसकी जांच करने का पूरा अधिकार है, इमिग्रेशन कोई आइसोलेटेड मुद्दा नहीं है, देश की सीमा में कौन आता है, कब आता है, कितनी अवधि तक आता है और किस उद्देश्य से आता है, यह जानना सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है।

**अमित शाह**
**गृह मंत्री**

**विश्व रंगमंच दिवस पर विशेष**

# सचेतक का काम करते हैं रंगमंच

**27 मार्च 1962 को विश्व रंगमंच दिवस अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच संस्थान केंद्रों व उसके सहयोगी सदस्यों, रंगमंच पेशेवरों और रंगमंच संगठनों द्वारा मनाया गया, अब यह दिन विश्व के 90 से अधिक केंद्रों में मनाया जाता है, जिसमें दुनिया भर के रंगमंच विश्वविद्यालय अकादमियां, स्कूल और रंगमंच प्रमी शामिल हैं, संस्कृति, शिक्षा, शांति और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है**



**ऋतुपर्ण दवे**



आज विश्व रंगमंच दिवस है। रंगमंच कला के महत्व की जागरूकता बढ़ा जश्न मनाने का दिन है। रंगमंच शब्द ग्रीक शब्द 'थिएट्रॉन' से लिया गया है जिसका अर्थ है 'देखने की जगह'। भारत में रंगमंच का इतिहास बहुत पुराना है। भरत मुनि को नाटयशास्त्र के लिए जाना जाता है। हमारे रंगमंचीय इतिहास बहुत पुराना है। शुरू से यही वो माध्यम है जिसे समझकर उसके सौंदर्य और महत्व, के साथ मनोरंजन के माध्यम से दैनिक जीवन में जश्न यानी खुशी प्रदर्शित की जाती है। विश्व रंगमंच दिवस. इसी का प्रतीक है। रंगमंच वह विधा भी है जिससे दुनिया भर की सरकारों, राजनेताओं, संस्थानों और हितधारकों को भी मंच के जरिए सूचित व सचेत किया जाता है कि समाज की ऐसी संस्थाओं और लोगों के प्रति कैसी जनधारणा है।

वास्तव में यह अभिव्यक्ति की वह कला है जिसमें कलाकार वास्तविक जीवन या घटनाओं का एक तरह से नाटय रूपांतरण यानी रिक्रिएशनकरते हैं, दोहराते और याद दिलाते हैं। इसे मनाने की शुरुआत 1961 से हुई थी। 27 मार्च, 1962 को, विश्व रंगमंच दिवस अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच संस्थान केंद्रों, उसके सहयोगी सदस्यों, रंगमंच पेशेवरों और रंगमंच संगठनों द्वारा मनाया गया। अब यह दिन विश्व के 90 से अधिक केंद्रों में मनाया जाता है, जिसमें दुनिया भर के रंगमंच विश्वविद्यालय, अकादमियां, स्कूल और रंगमंच प्रेमी शामिल होते हैं। संस्कृति, शिक्षा, शांति और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है इस दिन एक विशेष संदेश जारी किया जाता है, जो किसी प्रमुख रंगमंच हस्ती द्वारा लिखा जाता है। यह संदेश रंगमंच की भूमिका और इसके सामाजिक प्रभाव पर प्रकाश डालता है। हर वर्ष इसकी एक अलग थीम होती है। इस बार की थीम 'रंगमंच और शांति की संस्कृति' है। जैसा कि नाम से ही साफ है, इस झुलसती और तृतीय विश्व युद्ध की आहट के बीच बढ़ रही दुनिया को बड़ा संदेश देना उद्देश्य है। जैसा कि साफ है रंगमंच या थिएटर प्रदर्शन वास्तव में कला के जरिए जीवंत प्रस्तुति, अभिव्यक्ति, स्वीकरण या अस्वीकरण का वह तरीका है जिसमें कलाकारकिसी वास्तविक या काल्पनिक घटना के अनुभव को किसी विशिष्ट स्थान, पर आकर सामने नाटया प्रदर्शन करते है। यह न तो रिकॉर्डेड होता है न ही बार-बार के रिटेक जैसी सुधार की संभावनाएं होती है। वास्तव में जीवंत प्रदर्शन बड़ी चुनौती सरीखे होती है जिसे कलाकार साक्षात प्रस्तुत कर उसमें जीते हुए दिखते हैं। जो बहुत ही आनन्दित करता है। निश्चित रूप से यह न केवल कठिन कार्य है बल्कि अभिनय की वह चुनौती है जिसे सामने बैठे दर्शकों के समक्षमंच पर कलाकार करते हैं। एक तरह आज की भाषा में यह लाइव प्रदर्शन ही है। अपने संवाद, हाव-भाव, भाषण, गीत, संगीत और नृत्य के संयोजन से की जा रही जीवंत प्रस्तुतियों का दर्शकों पर एक अलग छाप व प्रभाव पड़ता है। ऐसे मंचन समाज के लिए न केवल बड़े संदेश देते हैं बल्किकला के तत्व, और कृत्रिम संसाधनों जैसे चित्रित दृश्य और स्टेजक्राफ्ट व प्रकाश व्यवस्था का उपयोग कर वो अनुभव की भौतिकता, उपस्थिति और तात्कालिकता भी बढ़ाते हैं। समय के साथ-साथ इसमें काफी बदलाव भी आया है। आधुनिक रंगमंच में नाटकों और संगीत थिएटर का प्रदर्शन भी शामिल होने से यह और भी आकर्षक और लोकप्रिय होते जा रहे हैं। रंगमंच कला भी कई रूप ले चुकी है।

बैले और ओपेरा थिएटर की वो प्रस्तुतियां बन गई हैं जिसमेंपारंपरिक रूप से किए जाने अभिनय, वेशभूषाओं का उपयोग किया जाता है। समय के साथ इस कला का भी विकास आधुनिक होते हुए भी काफी हद तक पारंपरिक भी है। यह दिन थिएटर कला के महत्व और मनोरंजन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इस बात पर प्रकाश डालने के लिए भी मनाया जाता है ताकि उनका उपयोग शांति और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कैसे किया जा सकता है। वास्तव में एक खास दिन इसको समूचे विश्व में एक साथ मनाने के पीछे भी बहुत बड़ी और व्यापक सोच है। रंगमंच के मूल्य के बारे में जागरूक करना, रंगमंच समुदायों को अपने काम को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देने में सक्षम बनाना, दुनिया भर के रंगमंच कर्मियों और संगठनों को आपस में जोड़ना और एक-दूसरे परिचित कराना। विश्व में अलग-अलग रूपों में प्रचलित रंगमंच विधाओं का न केवल आनंद लेना बल्कि दूसरों के साथ आनंद साझा करना है। वास्तव में विश्व रंगमंच दिवस हमें रंगमंच के विभिन्न रूपों का जश्न मनाने और हमारे समाज में उनके महत्व की सराहना करने का मौका भी देता है।

सच में, रंगमंच वह कला है जो सदियों से जीवित है और सदियों तक रहेगी भी। भले ही समाज, विकास और तकनीक में कितने भी उतार-चढ़ाव आए हों लेकिन मूल भावना अब भी जीवन्त है। समय के साथ बदलाव के बावजूद रंगमंच की भावना जस की तस है। यह हर तरह की कलाओं को शिक्षामें समाहित कर, मनोरंजन के जरिए लोगों तक पहुंचाती है। अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच दिवस इसी लक्ष्य की पूर्ति करता है तथा रंगमंच समुदाय नाटक और संगीत के प्राचीन शिल्प को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक वर्ष प्रदर्शन, व्याख्यान और पुरस्कार प्रस्तुतियों की योजना बनाता है। निश्चित रूप से रंगमंच समाज में जागरूकता और चेतना का बड़ा जरिया है। आज नुक्कड़ नाटकों के जरिए दिए जाने वाले संदेश काफी प्रभाव छोड़ते हैं। यह समाज के लिए सचेतक जैसे होते हैं।

विश्व रंगमंच दिवस का उद्देश्य इसे जीवित रख और उन्नत बनाना है ताकि यह अपनी-अपनी भाषाओं, लोकगाथाओं, लोक कलाओं के जरिए वो संदेश दे सके जो मानवता के लिए अपरिहार्य, हितकारक और शांति-सद्भाव को बनाए रखने में सहायक हो।

# समुद्र की अतल गहराईयों में छिपी अद्भूत दुनिया...

**चीन के वैज्ञानिकों ने फेंडोजे पनडुब्बी के जरिये मैरियाना ट्रेंच की गहराईयों में गोता लगाया है, जैसे-जैसे वे नीचे उतरे उन्होंने अंधकार में दीप्ति बिखेरने वाले जीव देखे, जो हरी, पीली और नारंगी चमक बिखेर रहे थे समुद्र के पेंदे पर पहुंचने पर टीम ने जब रोशनी चालू की, तो उन्हें एक विस्मयकारी नीली दुनिया दिखाई दी जहां प्लवकों की भरमार थी**



प्रशांत महासागर की अथाह गहराइयों में एक रहस्यमयी दुनिया छिपी हुई है। मैरियाना ट्रेंच पृथ्वी के महासागरों की सबसे गहरी जगह है। यहां गहराई लगभग 11,000 मीटर तक है। इतनी गहराई पर दाब बहुत अधिक, ठंड अकल्पनीय और अंधकार भी घटाटोप होता है। ये परिस्थितियां इस जगह को पृथ्वी की सबसे प्रतिकूल और दूभर परिस्थितियों में शुमार करती हैं। लेकिन हाल ही में किए गए अध्ययनों से पता चला है कि इन परिस्थितियों में भी जीवन की हैरतअंगेज़ विविधता मौजूद है। यह विविधता गहरे समुद्र की पारिस्थितिकी के बारे में हमारी वर्तमान समझ को ललकारती है।

हाल ही में, चीन के वैज्ञानिकों ने फेंडोज़े पनडुब्बी के ज़रिए मैरियाना ट्रेंच की गहराइयों में गोता लगाया है। जैसे-जैसे वे नीचे उतरे, उन्होंने अंधकार में दीप्ति बिखेरने वाले जीव देखे, जो हरी, पीली और नारंगी चमक बिखेर रहे थे। समुद्र के पेंदे पर पहुंचने पर टीम ने जब रोशनी चालू की, तो उन्हें एक विस्मयकारी नीली दुनिया दिखाई दी, जहां प्लवकों की भरमार थी।

यह खोज मैरियाना ट्रेंच पर्यावरण और पारिस्थितिकी अनुसंधान (एमईईआर) परियोजना का हिस्सा है, जिसके तहत किए गए अध्ययन सेल पत्रिका में प्रकाशित हुए हैं। इस शोध की सबसे चौंकाने वाली खोज 7000 से अधिक नए सूक्ष्मजीवों की पहचान है, जिनमें से 89 प्रतिशत विज्ञान के लिए पूरी तरह नए हैं। ये सूक्ष्मजीव हैडल ज़ोन (6000 से 11000 मीटर की गहराई) की कठोर परिस्थितियों में जीवित रहने के लिए विकसित हैं।

गौरतलब है कि कुछ सूक्ष्मजीवों के जीनोम बहुत कुशल होते हैं, जो सीमित कार्यों के लिए अनुकूलित होते हैं। जबकि कुछ अन्य के जीन अधिक जटिल होते हैं, जिससे वे बदलते पर्यावरण के अनुसार खुद को ढाल सकते हैं। हैरानी की बात यह है कि इनमें से कुछ सूक्ष्मजीव कार्बन मोनोऑक्साइड जैसी गैसों को अपना भोजन बनाते हैं। यह क्षमता उन्हें पोषक तत्वों की कमी वाले समुद्री वातावरण में जीवित रहने में मदद करती है।

**स्रोत फीसर्च**

आगे के इस अध्ययन में एम्फिपॉड्स (छोटे झींगे जैसे जीव) पर ध्यान दिया गया, जो समुद्री खाइयों में बड़ी संख्या में पाए जाते हैं। वैज्ञानिकों ने पाया कि ये जीव गहरे समुद्र में रहने वाले बैक्टीरिया के साथ सहजीवी सम्बंध रखते हैं। उनकी आंतों में सायक्रोमोनास नामक बैक्टीरिया काफी संख्या में मिले, जो ट्राइमेथिइलएमाइन एन-ऑक्साइड (टीएमएओ) नामक एक यौगिक का निर्माण करने में मदद करते हैं। टीएमएओ गहरे समुद्र के अत्यधिक दाब से जीवों की रक्षा करने में अहम भूमिका निभाता है।शोध के तीसरे चरण में यह समझने की कोशिश की गई कि गहरे समुद्र की मछलियां अत्यधिक दाब और ठंडे तापमान में कैसे जीवित रहती हैं। जेनेटिक विश्लेषण से पता चला कि 3000 मीटर से अधिक गहराई में रहने वाली मछलियों में एक विशेष जेनेटिक परिवर्तन होता है, जो उनकी कोशिकाओं को अधिक कुशलता से प्रोटीन बनाने में मदद करता है। यह अनुकूलन उन्हें समुद्री दाब से बचने में सहायता करता है। शोध से यह भी पता चला कि विभिन्न जीवों ने गहरे समुद्र में कब शरण ली होगी। मसलन, ईल मछलियां शायद लगभग 10 करोड़ साल पहले गहरे समुद्र में चली गई होंगी जिसकी वजह से वे डायनासौर विलुप्ति वाली घटना से बच गई होंगी। इसी तरह स्नेलफिश लगभग 2 करोड़ साल पहले समुद्र की गहरी खाइयों में पहुंच गई होगीं। यह वह समय था जब पृथ्वी पर टेक्टोनिक हलचल सबसे अधिक थी यानी धरती के भूखंड तेज़ी से इधर-उधर भटक रहे थे। ये निष्कर्ष इस बात को नुमाया करते हैं कि गहरा समुद्र लंबे समय से जलवायु परिवर्तन और ऑक्सीजन के उतार-चढ़ाव के दौरान कई जीवों को पनाह देता रहा है।

इन रोमांचक खोजों के साथ-साथ वैज्ञानिकों ने गहरे समुद्र में कुछ चिंताजनक चीज़ें भी देखीं, उन्हें मैरियाना और याप ट्रेंच में प्लास्टिक बैग, बीयर की बोतलें, सोडा कैन और एक टोकरी भी मिली है। यह दर्शाता है कि मानव गतिविधियों का असर दूरस्थ और दुगर्म क्षेत्रों तक पहुंच चुका है। हालांकि, वैज्ञानिकों ने पाया कि कुछ बैक्टीरिया इन प्रदूषकों का इस्तेमाल ऊर्जा स्रोत के रूप में करने में सक्षम हैं। इससे लगता है कि भविष्य में समुद्री बैक्टीरिया पर्यावरण प्रदूषण को कम करने में मदद कर सकते हैं। बहरहाल, समुद्र की अधिकांश गहराइयां अब भी अनदेखी हैं। संभव है कि वहां भी असंख्य अनजाने जीव हैं। एमईईआर की योजना आगे भी ऐसे अध्ययन जारी रखने की है।

# नेपाल की राजनीति में योगी का खौफ

## अपना दबदबा मजबूत करने की कोशिश में चीन

**2017 से पहले देश का नक्शा वैसा ही था जैसा अब है, उन्होंने कहा नेपाल अपने हिस्से के भू-क्षेत्र पर दावा कभी नहीं छोड़ेगा, नेपाल का दावा है कि काला पानी लिपुलेख और लिंपियाधुरा सुदूर पश्चिम उसके धारचुला जिले का हिस्सा है, नेपाल ब्रिटिश और भारत के बीच 1815 में हुई सुगौली संधि के अनुसार काला पानी क्षेत्र में होकर बहने वाली महाकाली नदी को दोनों देशों के बीच की सीमा माना गया था**



**यशोदा श्रीवास्तव**

नेपाल की राजनीति में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ का खौफ साफ दिख रहा है। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की चिंता यह है उनकी सरकार के प्रमुख समर्थक दल नेपाली कांग्रेस के ही अधिकांश सदस्य न केवल हिंदू राष्ट्र के हिमायती हैं, तराई बेल्ट के ज्यादातर नेपाली कांग्रेस के नेता योगी भक्त भी हैं। पूर्व पीएम और नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शेर बहादुर देउबा ने पिछले आम चुनाव में स्वयं कहा था कि उनकी पार्टी की सरकार बनी तो हिंदू राष्ट्र पर विचार किया जाएगा। संयोग से उनकी पार्टी सत्ता में नहीं लौटी। नेपाल के राजनीतिक गलियारे में इन दिनों देउबा के योगी और मोदी से मधुर रिश्ते की चर्चा भी खूब है। नेपाल में राजशाही के जमाने में नेपाली कांग्रेस ही सत्ता में रही है इसलिए इस पार्टी का राजा के निकट होना स्वाभाविक है। नेपाल में यद्धपि की राजशाही का वापस होना संभव नहीं है लेकिन लोकतंत्र की राह से हिंदुत्ववादी पार्टी का सत्ता में आना असंभव भी नहीं है।



राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी हिंदुत्ववादी पार्टी है जिसकी शिनाख्त राजा वादी पार्टी के रूप में भी है। पिछले दिनों पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र के स्वागत में उमड़े जनसैलाब को राजशाही की वापसी की दृष्टि से देखा गया जबकि यहां तख्ता पलट जैसी घटना का दूर दूर तक अंदेशा नहीं है। जहां तक लोकतंत्र के मजबूती का सवाल है तो वह है। भले ही संविधान सभा चुनाव से लेकर आम चुनाव तक, किसी में भी एक दल को बहुमत नहीं मिल पाया। राजनीतिक दलों में बिखराव अथवा कई राजनीतिक दलों की मिली जुली सरकार का अर्थ लोकतंत्र का सफाया होना नहीं होता। इसी के साथ कटु सत्य यह भी है कि राजशाही समाप्त होने का कोई परिवर्तनकारी अनुभूति नेपाली जनता को नहीं हो पाया। इसलिए लोकतांत्रिक सरकारों के प्रति उन्हें गुस्सा है और इसीलिए राजशाही के पक्ष में उनका झुकाव बढ़ रहा है।

काठमांडू में राजा समर्थकों के भारी जुटान के बाद नेपाल की कम्युनिस्ट दलों में घबड़ाहट साफ देखी गई। चाहे प्रचंड के नेतृत्व वाली माओवादी केंद्र हो या ओली के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ एमाले हो। घबड़ाहट का ही नतीजा है कि प्रचंड ने जहां ढाई दशक पूर्व दरबार नरसंहार की जांच के लिए आयोग गठन की मांग उछाल दी तो प्रधान मंत्री ओली ने एक बार फिर लिपुलेख, काला पानी व लिंपियाधुरा का मामला उठा दिया। प्रचंड दरबार नरसंहार की जांच की मांग कर पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र पर कानूनी शिकंजा कसना चाहते हैं। प्रचंड दरबार नरसंहार जिसमें राजा विरेंद्र विक्रम शाह के संपूर्ण परिवार सहित कुछ सैनिकों की हत्या हुई थी, मामले में ज्ञानेंद्र को दोषी मानते हैं। जबकि काला पानी का मुद्दा उठाकर ओली स्वयं को देश भक्त साबित करना चाहते हैं। कहना न होगा नेपाल की राजनीति इन दिनों हिंदू राष्ट्र बनाम राष्ट्र भक्त के बीच उलझी हुई है।

लिंपियाधुरा, लिपुलेख और काला पानी नेपाल से लगी उत्तराखंड की सीमा पर भारतीय भू भाग का हिस्सा है। पिछले वर्ष भारत ने इस हिस्से का इस्तेमाल मानसरोवर मार्ग को सुगम बनाने के लिए किया है। भारतीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह इस मार्ग का उद्घाटन भी कर चुके हैं। इसे लेकर तब भी प्रधानमंत्री रहे ओली ने काफी बवाल काटा था। उन्होंने इस भू क्षेत्र पर अपना दावा ठोंकने के लिए नेपाल का नया मानचित्र तक जारी कर दिया जिसमें इस भू-क्षेत्र को शामिल किया गया है। इसी मुद्दे पर ओली भारत पर तोहमत मढ़कर खुद को राष्ट्र भक्ति का लबादा ओढ़ने की कोशिश करते रहते हैं।

हाल ही नेपाल की प्रतिनिधि सभा में नेपाल के परिवर्तित मानचित्र के मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए ओली ने कहा कि 1962 ई. तक जो क्षेत्र नेपाल के अधीन था, उसका वर्तमान मानचित्र ही असली है। 2017 से पहले देश का नक्शा वैसा ही था जैसा अब है। उन्होंने कहा नेपाल अपने हिस्से के भू-क्षेत्र पर दावा कभी नहीं छोड़ेगा। नेपाल का दावा है कि काला पानी, लिपुलेख और लिंपियाधुरा सुदूर पश्चिम उसके धारचुला जिले का हिस्सा है। नेपाल, ब्रिटिश और भारत के बीच 1815 में हुई सुगौली संधि के अनुसार काला पानी क्षेत्र से होकर बहने वाली महाकाली नदी को दोनों देशों के बीच की सीमा माना गया था। यह क्षेत्र चीन (तिब्बत) से लगी भौगोलिक रूप से भारत और नेपाल दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। यहां भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल तैनात हैं। आम तौर पर भारत नेपाल के बीच सौहार्द पूर्ण संबंध रहे हैं। यहां तक की दोनों देशों के बीच रोटी बेटी का रिश्ता है। लेकिन इधर जबसे चीन का नेपाल में प्रभाव बढ़ा है तबसे दोनों देशों के बीच तनाव भी बढ़ा है। जब जब किन्हीं कारणों से भारत चीन के बीच तनाव हुआ है तब तब चीन इसका फायदा उठाने की कोशिश से बाज नहीं आया। अभी नेपाल में राजा वादी और हिंदू संगठनों द्वारा यूपी के सीएम योगी आदित्य नाथ की तस्वीर के साथ जो प्रदर्शन हुआ है, उसे भारत का शह माना गया।

# सूखी या बलगमी खांसी? मुलेठी है रामबाण इलाज

खांसी एक बेहद ही आम समस्या है, लेकिन यह आपको काफी परेशान कर सकती है। अगर आपको भी जिद्दी खांसी ने परेशान कर दिया है तो ऐसे में आप सदियों से इस्तेमाल किया जाने वाला एक प्राकृतिक उपचार आजमा सकते हैं और वह है मुलेठी। यह साधारण जड़ी-बूटी गले की जलन को शांत करने, खांसी को कम करने और बलगम को साफ करने में बहुत कारगर है। चाहे आपको सूखी खांसी हो जो ठीक नहीं होती या गीली खांसी हो और कफ जमा हो, मुलेठी आपकी मदद कर सकती है। दरअसल, इसमें सूजन-रोधी, जीवाणुरोधी और कफ निस्सारक गुण होते हैं जो इसे खांसी को दूर करने में कारगर बनाते हैं। खांसी की छुट्टी करने के लिए आप मुलेठी का इस्तेमाल कई अलग-अलग तरीकों से कर सकते हैं। मसलन, आप इसे चाय की तरह पी सकते हैं, चबा सकते हैं, शहद के साथ मिला सकते हैं या सोने से पहले गर्म दूध के साथ भी ले सकते हैं।

### मुलेठी की चाय...

अगर आपको सूखी खांसी, गले में खराश और गले में जलन की शिकायत है तो ऐसे में आप मुलेठी की चाय पी सकते हैं। इसके लिए आप एक चम्मच मुलेठी का चूर्ण लें या मुलेठी की जड़ का एक छोटा टुकड़ा पीस लें। इसे 1 कप पानी में 5-10 मिनट तक उबालें। अब इसे छान लें और गर्म-गर्म पिएं। आप चाहें तो इसमें शहद और नींबू मिला सकते हैं।

### मुलेठी काढ़ा...

यह एक हर्बल काढ़ा है, जो बलगम वाली गीली खांसी को दूर करने में सहायक है। काढ़ बनाने के लिए आप मुलेठी, तुलसी के पत्ते, काली मिर्च और अदरक को पानी में उबालें। इसे तब तक उबालें, जब तक कि यह आधा ना रह जाए। अब आप इसे छान लें और थोड़ा शहद डालकर गर्मागर्म पिएं।

### मुलेठी और गर्म दूध...

अगर आपको सूखी खांसी की शिकायत है और इसलिए रात में अच्छी नींद नहीं आती है तो ऐसे में मुलेठी और गर्म दूध का सेवन करें। इसके लिए आप आधा चम्मच मुलेठी पाउडर को एक गिलास गर्म दूध में मिलाएं। रात में खांसी से राहत के लिए सोने से पहले पिएं।

### मुलेठी और शहद का पेस्ट...

अगर आपको लगातार खांसी हो रही है और गले में इंफेक्शन की शिकायत है तो ऐसे में आप मुलेठी व शहद को मिक्स करें। इसके लिए आप आधा चम्मच मुलेठी पाउडर को एक चम्मच शहद के साथ मिलाएं।

# किम जोंग की सेना अब होगी एआई वाले हथियारों से लैस

## उत्तर कोरिया ने नए एआई सक्षम ड्रोन का परीक्षण किया, अमेरिकी धमकियों के बावजूद किया परीक्षण

**नई दिल्ली।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन लगातार अपने देश को सैन्य तौर मजबूत करने में लगे हुए हैं। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के साथ तनाव के बीच किम ने सिर्फ देश में हथियार बढ़ाएं हैं, जबकि देश प्रेस फ्रीडम, अभिव्यक्ति की आजादी और रोजगार में नीचे जाता जा रहा है। उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज़ एजेंसी के मुताबिक एक बार फिर उत्तर कोरिया ने नए टोही और हमलावर ड्रोनों का परीक्षण किया है। कोरियन सेंट्रल न्यूज़ एजेंसी की ओर से जारी तस्वीरों में किम जोंग को नए टोही और हमलावर ड्रोनों का अवलोकन करते हुए देखा गया है, साथ ही उन्होंने इनके उत्पादन में वृद्धि का भी आह्वान किया है। जारी तस्वीरों में किम जोंग को एक बड़े टोही ड्रोन को देखते हुए दिखाया गया है, जो बोइंग के ई-7 वेजटेल एयरबोर्न वार्निंग और कंट्रोल एयरक्राफ्ट जैसा दिखता है। अन्य तस्वीरों में विस्फोट करने वाले ड्रोन को लक्ष्य के रूप में इस्तेमाल किए जाने वाले सैन्य वाहनों से टकराते हुए दिखाया गया है। एजेंसी के मुताबिक इस परीक्षण ने टोही ड्रोन की कई लक्ष्यों को ट्रैक करने और जमीन और समुद्र पर सैन्य गतिविधियों की निगरानी करने की क्षमता को प्रदर्शित किया, जिससे उत्तर कोरिया के खुफिया जानकारी जुटाने के अभियान और दुश्मन के खतरों को बेअसर करने की क्षमता में खास बढ़ोतरी हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि नए विस्फोटक ड्रोन विभिन्न हमले मिशनों के लिए डिज़ाइन किए गए हैं और इनमें नई एआई क्षमताए हैं। केसीएनए ने कहा कि किम ड्रोनों के प्रदर्शन से खुश हो गए हैं और उत्पादन बढ़ाने की योजनाओं को मंजूरी दी है। किम ने जोर दिया कि उनके सशस्त्र बलों को आगे बढ़ाने और उन्हें आधुनिक युद्ध के अनुकूल बनाने के प्रयासों में ड्रोन और एआई को पहली प्राथमिकता दी जानी चाहिए। एजेंसी ने कहा कि परीक्षण उस समय हुए जब किम ने मंगलवार और बुधवार को एक ड्रोन प्रौद्योगिकी परिसर और एक इलेक्ट्रॉनिक युौ अनुसंधान समूह का दौरा किया था।





तस्वीरों में किम जोंग को एक बड़े टोही ड्रोन को देखते हुए दिखाया गया है, जो बोइंग के ई-7 वेजटेल एयरबोर्न वार्निंग और कंट्रोल एयरक्राफ्ट जैसा दिखता है।

# हम पर आधिपत्यवादी सोच न थोपे अमेरिकाः चीन

## अमेरिका पर हर वर्ष गैर जिम्मेदाराना तरीके से रिपोर्ट जारी करने का लगाया आरोप



**बीजिंग।** चीन ने अमेरिका से अपनी आधिपत्यवादी सोच को उस पर न थोपने का आग्रह किया है और कहा कि चीन-अमेरिका संबंधों को शीत युद्ध की पुरानी मानसिकता से न देखे।

चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने बुधवार को बीजिंग में अमेरिका की एक रिपोर्ट में चीन को अपने शीर्ष सैन्य और साइबर खतरे के रूप में बताए जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करने हुए ये बातें कही। उन्होंने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अमेरिका हर साल इस तरह की गैर-जिम्मेदाराना और पक्षपाती रिपोर्ट जारी करता है, जिससे चीन खतरा जैसी धारणाएं फैलाई जाती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका इन रिपोर्ट का इस्तेमाल बड़े देशों के बीच प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने, चीन को दबाने और अपने वैश्विक वर्चस्व को बनाए रखने के लिए करता है। चीन ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा है कि ताइवान मुद्दा पूरी तरह से उसका आंतरिक मामला है और इस पर किसी भी बाहरी हस्तक्षेप को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रवक्ता ने कहा कि चीन ताइवान स्वतंत्रता का विरोध करने और अपनी राष्ट्रीय संप्रभुता तथा क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि कोई भी देश इसे हल्के में न ले या गलत अनुमान न लगाए। जियाकुन ने अमेरिका से आग्रह किया कि वह अपनी आधिपत्यवादी सोच को चीन पर न थोपे और चीन-अमेरिका संबंधों को शीत युद्ध की पुरानी मानसिकता से न देखे। उन्होंने कहा कि रणनीतिक प्रतिस्पर्धा के नाम पर चीन को रोकने और दबाने की कोशिश नहीं की जानी चाहिए।

## इजराइल ने गाजा से दागे गए प्रक्षेपास्त्र को मार गिराया

**यरुशलम।** इजरायल की वायु रक्षा प्रणालियों ने गाजा पट्टी से दक्षिणी इजरायल में वायु सेना बेस की ओर दागे गए एक प्रक्षेप्य को मार गिराया।

यह जानकारी इजरायल की सेना ने बुधवार को दी। सेना ने कहा, थोड़ी देर पहले उत्तरी गाजा पट्टी से दक्षिणी इजरायल की एक प्रक्षेप्य दागा गया था। उन्होंने कहा कि अवरोधन के परिणाम की अभी भी समीक्षा की जा रही है। प्रक्षेप्य ने नेगेव रेगिस्तान में वायु सेना बेस, हेटजेरिम में सायरन बजाया। पहले के सैन्य आंकड़ों के अनुसार, जब से इजरायल ने गाजा पर अपने हवाई और जमीनी हमले फिर से शुरू किए हैं, हवाई रक्षा प्रणालियों ने गाजा पट्टी से पांच रॉकेटों को रोक दिया है। उधर, गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि गत 18 मार्च से कम से कम 830 फिलिस्तीनी मारे गए हैं और 1,787 घायल हुए हैं। किसी भी इजरायली हताहत की सूचना नही मिली है।

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बने)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

रमजान माह की बधाई
राजेन्द्र कुमार
पूर्व जिलाध्यक्ष बसपा
वरिष्ठ नेता
आजाद समाज पार्टी
जनपद-बिजनौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी मौहम्मद असलम कुरैशी
पूर्व प्रधान-कोतवाली देहात
एमएच इलेक्ट्रानिक्स एवं फर्नीचर, कोतवाली देहात

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
जावेद अली
संभावित प्रत्याशी
आजाद समाज पार्टी
धामपुर विधानसभा क्षेत्र

रमजान माह की शुभकामनाएं
चौधरी रवि कुमार सिंह
चेयरमैन
नगर पालिका, धामपुर

कोई तो बात है, जूम इंस्टीट्यूट में
"जो लोगो को व्यक्तिगत ही नहीं, पारिवारिक विश्वास है
ये उन बच्चों के नाम और पते है जिनके परिवार के दो भाई/बहन जूम इंस्टीट्यूट पर पढ़े है और उनके द्वारा किये गये सतत् विश्वास की वजह से ये दोनों ही कम्पीटीशन में चयनित हुए है। पिछले 20 वर्षों का विश्वास अब व्यक्तिगत ही नहीं. पारिवारिक हो चुका है।
2014 Md. Arshad KGMC, Lucknow
2023 Md. Shahzaib Govt. Med. Coll. Saharanpur
S/o Mr. Mohd Shahnawaz 122, Laddhawala ,MZN.
2013 Sana Praveen KGMC, Lucknow
2015 Sonam Praveen BDS, Jamia, (N.D.)
D/o Dr. Mehboob Hasan 407, South Khalapar, MZN
9th-12th CBSE/UP Board, (सारे विषय एक जगह पर)
NEET-PMT/JEE-IIT/CUET
नये बैच प्रारम्भ
क्रैश कोर्स
2015 Izhar Azeem LLRM Mrt.
2016 Amjad Med. Coll. SRE
S/O DR.SHAHID AHMED S/O MD. ISLAM AHMED MOH. CHODHRAN,AZAD RD,THANABHAWAN,MZN
2010 Huma Jahan LLRM, Meerut
Moh. Devidas, Madrsa Faizal Kuran, Khatauli
2023 Shobi Khan Govt. Med. Coll. Ghazipur
2024 Mohd. Kaif Govt. Med. Coll. Deoria
D/o & S/o Mr. Sadik Khan Shahpur, MZN
2015 Aleena Rehman Kannauj Med.Col.
2015 Nida Rehman GSVM. Kanpur
D/O DR. G. REHMAN DISTT. HOSPITAL CAMPUS, SRE
Best Institute In Your City Since 2004
Separate Batches for UP/CBSE Board Students
Hostel Facility for Outside Students
150, शिवपुरी, उत्तरी भोपा रोड
मु0नगर, 9368787704, 9837935900

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी मौ. इलियास
पूर्व लोकसभा प्रभारी
बहुजन समाज पार्टी
मुरादाबाद

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
एम.आर पाशा
राष्ट्रीय अध्यक्ष- राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन
ब्रांड एंबेसडर
लोकसभा चुनाव 2024

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
अब्दुल मन्नान
चेयरमैन
नगर पालिका
किरतपुर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
इमरान कुरैशी
जिला पंचायत सदस्य
जनपद-बिजनौर
जिला अध्यक्ष
युवा रालोद
जनपद-बिजनौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद जैद रशीद
युवा समाजसेवी, नहटौर
अनस इकरार
चेयरपर्सन नगर पालिका, नहटौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
नजीबुल हसन
युवा सपा नेता
मुस्लिम चौधरियान
स्योहारा

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
अब्दुल गफ्फार
जिला प्रचार मंत्री
भाकियू टिकैत
जनपद-बिजनौर
कोतवाली देहात